

24:08:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 231 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

द्वाविमौ कण्टकौ तीक्ष्णौ शरीर परिशोषिणौ।

यश्चाधनः कामयते यश्च कुप्यत्यनीश्वर॥

भावार्थ : दो अवगुण व्यक्ति के शरीर को कांटे की भांति सुखा डालते हैं धनहीन होते हुए भी बहुमूल्य वस्तु को प्राप्त कर लेने की इच्छा करते रहना तथा अशक्त होते हुए भी क्रोध करते रहना।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .14 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .27 बजे

## ईरान ने अपने नये और अधिक शक्तिशाली ड्रोन का प्रदर्शन किया

**तेहरान:** ईरान ने एक और नया एवं अधिक शक्तिशाली ड्रोन बनाया है। यह ड्रोन अपने साथ तीन सौ किलो सामान या यूं कहें कि युद्ध में विस्फोटक साथ ले जा सकता है। इस ड्रोन की विशेषता यह भी है कि यह लगातार चौबीस घंटे तक उड़ान भर सकता है। ईरानी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, रन ने एक नए ड्रोन, मोहजेर-10 का अनावरण किया है, जो 24 घंटे तक बिना रुके उड़ान भरने में सक्षम है। ड्रोन 7,000 मीटर तक की ऊंचाई पर काम कर सकता है और कथित तौर पर 300 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकता है। आईआरएनए ने कहा कि ड्रोन की अधिकतम ईंधन क्षमता 450 लीटर है, और यह 210 किलोमीटर प्रति घंटे की शीर्ष गति प्राप्त कर सकता है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि ड्रोन मिसाइल, बम और हथगोले ले जाने के लिए सुसज्जित है। यह इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और टोही प्रणालियों से भी सुसज्जित है। इससे पहले, ईरानी सैन्य वैज्ञानिकों ने हाइपरसोनिक गति तक पहुंचने के लिए डिजाइन की गई मिसाइल विकसित करने का दावा किया था। आईआरएनए के अनुसार, यह मिसाइल, ईरानी निर्देशित मिसाइलों की ह्लनई पीढ़ीह्व का हिस्सा है, जिससे ईरान की रक्षा प्रौद्योगिकी में एक नई प्रगति का संकेत मिलने की उम्मीद है। यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरूआत के बाद से, ईरान ने आधिकारिक तौर पर ह्लतटस्थताह्व का रुख अपनाया है और युद्धविराम और शांति वार्ता का आह्वान किया है। हालाँकि, देश रूसी सेनाओं को कामिकेज ड्रोन प्रदान कर रहा है, जिसका रूसी सेना यूक्रेन में सक्रिय रूप से उपयोग करती है। औपचारिक रूप से, ईरान इन आरोपों से इनकार करता है, और रूसियों ने ईरानी शहीद ड्रोनों पर रूसी नाम गेरान-2 का निशान लगाकर उन्हें छुपाने का प्रयास किया है। अप्रैल के अंत में, बताया गया कि ईरान ने पिछले छह महीनों में रूस को 300,000 से अधिक तोपखाने के गोले और लगभग दस लाख राउंड गोला-बारूद वितरित किए थे। यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण पैमाने पर युद्ध का समर्थन करने के लिए हथियारों के बदले में, रूस कथित तौर पर ईरान को साइबर हथियार, युद्ध के मैदान पर कब्जा कर लिया गया पश्चिमी हथियार और अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने में सहायता प्रदान करता है।

## मिजोरम में निमार्णाधीन रेलवे पुल गिरने से 17 की मौत

**नई दिल्ली:** मिजोरम में एक निमार्णाधीन रेलवे पुल गिर गया है। इस हादस में 17 मजदूरों के मारे जाने की सूचना मिली है। बताया गया है कि घटना के वक्त पुल पर 40 निर्माण मजदूर मौजूद थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मलबे से अब तक सत्रह शव बरामद किए जा चुके हैं...कई अन्य अभी भी लापता हैं। यंग मिजो एसोसिएशन की सैरांग शाखा फिलहाल बचाव अभियान चला रही है। जो पुल ढह गया, वह पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाली भारतीय रेलवे परियोजना का हिस्सा था। यह पिछले कुछ वर्षों से निमार्णाधीन है। घटना सुबह करीब 11 बजे की है. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने कहा, हमें अभी तक दुर्घटना के पीछे के कारण और दुर्घटना के समय वास्तव में कितने लोग सवार थे, इसका पता नहीं चल पाया है। यह पुल कुरुंग नदी पर बनाया जा रहा है और यह बैराबी और सैरांग रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित है। पुल के घाट की ऊंचाई 104 मीटर है। मिजोरम की राजधानी तक पहुंचने से पहले सैरांग रेलवे स्टेशन आखिरी रेलवे स्टेशन होगा। एक बार पूरा होने पर, यह परियोजना आइजोल को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ देगी। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कम से कम 15 श्रमिकों की मौतः बचाव कार्य जारी। इस त्रासदी से बहुत दुखी और प्रभावित हूं।ह्न मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बचाव कार्यों में मदद के लिए बड़ी संख्या में सामने आए लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। यह घटना आइजोल से करीब 21 किलोमीटर दूर सैरांग इलाके की बताई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और दुर्घटना में मरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये के मुआवजे की घोषणा की। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने कहा कि दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उपलब्धि** › भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का परिश्रम हुआ पूर्ण सफल

# चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा चंद्रयान 3

- दुनिया भर की निगाहें थी इस लैंडिंग पर
- मोदी ने वीडियो कांफ्रेसिंग से बधाई दी
- इस छोर पर पहुंचने वाला पहला देश बना

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में बुधवार को बड़ी छलांग लगाते हुए चांद के उस हिस्से पर राष्ट्रीय ध्वज लहरा दिया जहां आज तक कोई भी देश नहीं पहुंच पाया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान -3 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारकर अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि आज सफलता की अमृत वर्षा हुयी है। देश ने धरती पर सपना देखा और चांद पर साकार किया। कुछ दिन पहले रूस ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने की कोशिश की थी लेकिन उसका लूना-25 अंतरिक्ष यान चांद की सतह से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। ऐसे में भारत के चंद्रयान-3 मिशन की अहमियत और बढ़ गई थी। पूरी दुनिया की नजर इस मिशन पर थी। चंद्रयान-3 की सफलता के लिए देश के कोने-कोने में आज सुबह से पूजा, प्रार्थना और इबादत की दौर शुरू हो गयी थी। इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान -3 को चांद की ऐसी सतह पर उतरा है जो मुश्किलों की जाल से घिरी है। सबसे बड़ी चुनौती यहां का अंधेरा था। यहां पर लैंडर बिक्रम को उतारना काफी मुश्किल था क्योंकि चांद पर पृथ्वी की तरह वायुमंडल नहीं है। हमारे वैज्ञानिकों ने मुश्किलों को राई बनाकर पुरानी गलतियों से बड़ी सबक लेते हुए चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर प्रज्ञान को चांद के उस आगोश में पहुंचाकर सांस ली, जहां से कई खगोलीय रहस्यों का परत-दर परत खुलेगा।

चंद्रयान -3 के रोवर में चंद्रमा की सतह से संबंधित डेटा प्रदान करने के लिए पेलोड के साथ कॉन्फ़िगर की गयी मशीनें लगी हैं। यह चंद्रमा के वायुमंडल की मौलिक संरचना पर डेटा एकत्र करेगा और लैंडर को डेटा भेजेगा। लैंडर पर तीन पेलोड्स हैं। उनका काम चांद की प्लाज्मा डेंसिटी, थर्मल प्रॉपर्टीज और लैंडिंग साइट के आसपास की सीस्मिसिटी मापना है ताकि चांद के क्रस्ट और मैंटल के स्ट्रक्चर का सही-सही पता लग सके। एक चांद की सतह पर प्लाज्मा (आयन्स और इलेट्रॉन्स) के बारे में जानकारी हासिल करेगा। दूसरा चांद की सतह की तापीय गुणों के बारे में अध्ययन करेगा और तीसरा चांद की परत के बारे में जानकारी जुटाएगा। इसके अलावा चांद पर भूकंप कब और कैसे आता है इसका भी पता लगाया जाएगा। भारत ने सितंबर 2019 में इसरो ने चंद्रयान-2 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की कोशिश की थी, लेकिन तब लैंडर की हार्ड लैंडिंग हो गई थी। पिछली गलतियों से सबक लेकर चंद्रयान-3 को तैयार किया गया था। चांद का दक्षिणी ध्रुव भी पृथ्वी के दक्षिणी ध्रुव की तरह ही है। पृथ्वी का दक्षिणी ध्रुव अंटार्कटिका में है जो धरती का सबसे ठंडा इलाका है। इसी तरह चांद का दक्षिणी ध्रुव अपनी सतह का सबसे ठंडा क्षेत्र है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अगर कोई अंतरिक्ष यात्री खड़ा होगा, तो उसे सूर्य क्षितिज की रेखा पर नजर आएगा। वह चांद की सतह से लगता हुआ और चमकता नजर आएगा। इस इलाके का ज्यादातर हिस्सा छाया में रहता है, क्योंकि सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती हैं जिससे यहां तापमान कम होता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार चांद का दक्षिणी ध्रुव काफी रहस्यमयी है। दुनिया अब तक इससे अनजान है। नासा के एक वैज्ञानिक का कहना है, हम जानते हैं कि दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ है और वहां दूसरे प्राकृतिक संसाधन भी हो सकते हैं। ये हालांकि अब तक अनजान दुनिया ही है। नासा का कहना है, चूंकि दक्षिणी ध्रुव के कई क्रेटर्स पर कभी रोशनी पड़ी ही नहीं और वहां का ज्यादातर हिस्सा छाया में ही रहता है, इसलिए वहां बर्फ होने की कहीं ज्यादा संभावना है। ऐसा भी अंदाजा है कि यहां जमा पानी अरबों साल पुराना हो सकता है। इससे सौरमंडल के बारे में काफी अहम जानकारियां हासिल करने में मदद मिल सकेगीं। अगर पानी या बर्फ मिल जाती है तो इससे हमें ये समझने में मदद मिलेगी कि पानी और दूसरे पदार्थ सौरमंडल में कैसे घूम रहे हैं। पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से मिली बर्फ से पता चला है कि हमारे ग्रह की जलवायु और वातावरण हजारों साल में किस तरह से विकसित हुई है।पानी या बर्फ मिल जाती है तो उसका इस्तेमाल पीने के लिए, उपकरणों को ठंडा करने, रॉकेट फ्यूल बनाने और शोधकार्य में किया जा सकेगा।

अपने सलाहकार के यहां छापा पड़ने पर भूपेश बघेल बोले थैंक्य यूं

## झारखंड के मंत्री सहित 34 ठिकानों पर ईडी की छापामारी

- ईडी की छापामारी मंत्री पुत्र के लिए हुई
- राज्य में कई अन्य स्थानों पर भी दबिश
- सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के लिए रोका था



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची/ रायपुर/ नईदिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय ने आज रांची और रायपुर सहित देश के कई अन्य शहरों में भी छापामारी की है। इसके दायरे में झारखंड के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का घर भी है। लेकिन यह छापामारी उनके पुत्र रोहित उरांव पर की गयी है। पिता और पुत्र दोनों एक ही घर में रहते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी रांची, दुमका, देवघर और गोड्डा जिलों में लगभग 34 परिसरों को सीआरपीएफ के सुरक्षा घेरे के साथ यह कार्रवाई की गयी है। झारखंड के बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर भी आज, बुधवार की सुबह ईडी की टीम ने छापा मारा है। योगेंद्र तिवारी के दुमका के गिलानपाड़ा चौक स्थित व्यावसायिक कार्यालय, टाटा शोरूम चौक पर अवस्थित तनिष्क शोरूम, खिजुरिया में तिवारी ऑटोमोबाइल व कुम्हार पाड़ा में रहने वाले उसके सहयोगी पप्पू शर्मा और अनिल सिंह के घर समेत पांच ठिकानों पर ईडी ने रेड की है। रांची में भी एक बड़े ऑटोबोमाइल विक्रेता के यहां छापामारी हुआ है।

धनबाद से मिली सूचना के मुताबिक वहां दो स्थानों पर ईडी की छापामारी कर रही है। ईडी की टीम ग्रेवल कॉलोनी बेकारबांध में संतोष मंडल और एक अन्य के यहां पहुंच कर तलाशी कर रही है। दोनों व्यक्ति योगेंद्र तिवारी से जुड़े हैं। देवघर में » शेष पेज 2 पर

## अनाज सौदे के विस्तार पर पुतिन के साथ बैठक करेंगे एर्दोगन

अंकारा: तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन रूसी तानाशाह व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस का दौरा करेंगे, तुर्की के येनी सफाक अखबार ने 22 अगस्त को तुर्की के राष्ट्रपति प्रशासन के सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी। अखबार ने कहा कि एर्दोगन की आगामी रूस यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण और काला सागर अनाज पहल को फिर से शुरू करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। 17 जुलाई को अनाज समझौते से रूस के हटने के बाद, तुर्की के राष्ट्रपति के सूत्रों ने कहा कि पहल को बहाल करने के लिए बातचीत में गंभीर प्रगति हुई है। इससे पहले, एर्दोगन ने कहा था कि पुतिन के साथ उनकी मुलाकात जल्द से जल्द सितंबर तक के लिए टाल दी गई है। 28 जुलाई को, वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि पुतिन अनाज सौदे के विस्तार पर बातचीत करने के एर्दोगन के अनुरोधों को नजरअंदाज कर रहे थे। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय टेलीफोन पर बातचीत करना असंभव है क्योंकि तुर्की के राष्ट्रपति ने असुविधाजनक समय चुना है। अपनी ओर से, एर्दोगन ने कहा कि तुर्की यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को समाप्त करने में योगदान देने के लिए तैयार है। एर्दोगन ने 9 अगस्त को कहा कि उनका इरादा काला सागर के रास्ते अनाज निर्यात पर समझौते को पुनर्जीवित करने का है और उन्होंने पहले टेलीफोन पर बातचीत के दौरान रूसी तानाशाह के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की थी।

## देश के सबसे बुजुर्ग हाथी की 89 साल की उम्र में मौत

**गुवाहाटी (राष्ट्रीय खबर):** असम के शोणितपुर जिले में सोमवार तड़के भारत के सबसे बुजुर्ग एशियाई हाथी की मौत हुई। हाथी का नाम बिजुली प्रसाद है। उसकी देखभाल करने वालों के मुताबिक उम्र जनित कारणों से ही उसकी मौत हुई है। आम तौर पर एशियाई हाथी 62 से 65 साल तक जिंदा रहते हैं। यहां पर बहुत अच्छी देखभाल की वजह से वह इतने दिनों तक जीवित रही। वैसे अच्छी देखभाल की वजह से ऐसे एशियाई हाथियों के अस्सी साल तक जीवित रहने का पूर्व रिकार्ड भी है। मिली जानकारी के मुताबिक द विलियमसन मेजर ग्रुप के बेहाली टी एस्टेट में सोमवार दोपहर साढ़े तीन बजे हाथी की मौत हो गई। बिजुली की मौत से चाय बागान श्रमिकों पर शोक छा गया। बिजुली को आखिरी बार देखने के लिए स्थानीय लोग भी उमड़ पड़े। चाय बागान के एक अधिकारी ने कहा, बिजुली विलियमसन मेजर ग्रुप का गौरव था। जब बिजुली एक शावक था तब उसे बरगांग टी एस्टेट में लाया गया था। बाद में उन्हें बेहाली टी एस्टेट भेज दिया गया। पद्मश्री से सम्मानित हाथी के डॉक्टर कुशल कोनार शर्मा ने बताया, बिजुली देश का सबसे बूढ़ा हाथी है। करीब 8-10 साल पहले उनके सारे दांत टूट गये थे, जिस कारण वह अपने दांतों का उपयोग कर कुछ खा नहीं सकता था। इसे देखकर विशेषज्ञों ने उसके भोजन में तब्दीली कर दी थी। उसका इलाज चल रहा था। उसे भोजन में चावल, सोयाबीन उबालकर खिलाया जाता था। इस भोजन के जरिए वह जीवित रहा। चाय बागान के एक अधिकारी ने बताया कि हाथी को हर दिन करीब 25 किलो खाना दिया जाता था। उसे एक ब्रिटिश दल अपने साथ ले आया था। बतौर उपहार यहां लाये जाने के बाद से ही वह लगातार असम में ही रहा।

भारतमाला परियोजना में अडाणी और भाजपा को लाभ का पता चला

## सीएजी की रिपोर्ट में वर्तमान सरकार पर एक और खुलासा

- निविदा की शर्तों को पूरा नहीं करती कंपनी
- कंपनियों ने भाजपा को नियमित चंदा दिया
- लाभ पहुंचाने के लिए शर्तों में हेरफेर हुई

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** भारतमाला परियोजना के बारे में भी सीएजी की एक रिपोर्ट में गड़बड़ियों की तरफ इशारा किया गया है। इसमें कहा गया है कि कम से कम एक अडानी ट्रांसपोर्ट के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम, कथित भाजपा लिंक वाली एक फर्म और भाजपा को दान देने वाली चार कंपनियों को केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के पहले चरण के तहत सड़क निर्माण परियोजनाओं से सम्मानित किया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की एक हालिया रिपोर्ट में इन सभी कंपनियों को दिए गए कामों में अनियमितताएं पाई गईं। अदानी ट्रांसपोर्ट के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम सूर्यापेट खम्मम रोड प्राइवेट लिमिटेड है। इसे हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल के तहत तेलंगाना में सूर्यापेट और खम्मम के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन करने की परियोजना से सम्मानित किया गया था। कंपनी राजमार्ग क्षेत्र में निर्माण कार्य का अनुभव होने की अपेक्षित शर्त को पूरा नहीं करती थी। फिर भाजपा नेता नवीन जैन द्वारा प्रचारित बुनियादी ढांचा कंपनी पीएनआर इन्फोटेक का मामला है। पीएनआर इन्फोटेक को अगस्त 2019 में मूल अनुमान से 17.44 प्रतिशत अधिक लागत पर लखनऊ रिंग रोड के पैकेज 1 का ठेका दिया गया था। बोली लागत संशोधित अनुमान से भी 2.02 प्रतिशत अधिक हो गई। उस समय जैन आगरा के मेयर थे। सीएजी रिपोर्ट में चार कंपनियों - आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स, जे कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो और एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड - के साथ अनियमितताओं का दस्तावेजीकरण किया गया है, जिन्होंने 2013 और 2021 के बीच भाजपा को 77 करोड़ रुपये से अधिक की संचयी राशि का दान दिया था। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यापेट खम्मम रोड प्राइवेट लिमिटेड » शेष पेज 2 पर

**इलाज** › स्टेम सेल उपचार की दिशा में नई जानकारी सामने आयी

# क्षतिग्रस्त कॉर्निया को ठीक करेगी सेल थेरेपी

- क्लीनिकल ट्रायल में सफल परिणाम मिले
- आंख से स्टेम सेल को हटाकर इसे किया गया
- इस सफल पाये गये कैलेक प्रक्रिया पेटेंट लंबित है

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** जेनेटिक इंजीनियरिंग की दुनिया में हर रोज कुछ न कुछ नया हो रहा है। इनमें से अधिकांश के बेहतर चिकित्सीय उपयोग ही हो रहा है। अब इसी क्रम में एक नई जानकारी सामने आयी है। इसमें दावा किया गया है कि इंसानी आंख के एक महत्वपूर्ण अंग कॉर्निया को भी सेल थेरेपी से ठीक किया जा सकता है। अगर यह विधि अगले चरणों के क्लीनिकल ट्रायलों में भी सफल होती है तो माना जा सकता है कि नेत्र चिकित्सा की दुनिया मे एक क्रांतिकारी बदलाव होगा। मास आई एंड ईयर के शोधकताओं के नेतृत्व में एक टीम ने कल्टीवेटेड ऑटोलॉगस लिम्बल एपिथेलियल सेल ट्रांसप्लांटेशन (सीएएलईसी) नामक क्रांतिकारी स्टेम सेल उपचार के पहले चरण के परीक्षण के परिणामों की रिपोर्ट दी, जो सुरक्षित पाया गया था और एक आँख में महत्वपूर्ण रासायनिक जलन वाले चार रोगियों में इसे अल्पावधि में अच्छी तरह से सहन किया गया। साइंस एडवांसेज में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जिन मरीजों पर 12 महीने तक नजर रखी गई, उनमें कॉर्निया की सतह बहाल हो गई । दो कॉर्निया प्रत्यारोपण से गुजरने में सक्षम थे और दो ने अतिरिक्त उपचार के बिना दृष्टि में महत्वपूर्ण सुधार की सूचना दी। जबकि चरण एक का अध्ययन परीक्षण के दूसरे चरण में आगे बढ़ने से पहले प्रारंभिक सुरक्षा और व्यवहार्यता निर्धारित करने के लिए डिजाइन किया गया था, शोधकर्ता प्रारंभिक निष्कर्षों को आशाजनक मानते हैं। इस कैलेक विधि में, एक मरीज की स्वस्थ आंख से स्टेम कोशिकाओं को एक छोटी बायोप्सी के माध्यम से हटा दिया जाता है और फिर सेल मैनिपुलेशन कोर सुविधा में एक अभिनव विनिर्माण प्रक्रिया के माध्यम से एक ग्राफ्ट पर विस्तारित और विकसित किया जाता है। दो से तीन सप्ताह के बाद, कैलेक ग्राफ्ट को मास आई और ईयर में वापस भेजा जाता है और कॉर्निया क्षति वाली आंख में प्रत्यारोपित किया जाता है। बताया गया है कि जो लोग रासायनिक जलन और आंखों की » शेष पेज 2 पर



मास आई में कॉर्निया सर्विस के एसोसिएट डायरेक्टर एमडी, प्रमुख अन्वेषक और मुख्य अध्ययन लेखक उला जकुर्नास ने कहा, हमारे शुरूआती नतीजे बताते हैं कि सीएएलईसी उन मरीजों को आशा प्रदान कर सकता है जो इलाज योग्य दृष्टि हानि और प्रमुख कॉर्निया चोटों से जुड़े दर्द से पीड़ित थे। कॉर्निया विशेषज्ञों को उच्च सुरक्षा प्रोफाइल वाले उपचार विकल्पों की कमी के कारण हमारे रोगियों को रासायनिक जलन और चोटों से मदद करने में बाधा उत्पन्न हुई है, जो उन्हें कृत्रिम कॉर्निया प्रत्यारोपण कराने में असमर्थ बनाते हैं। अब इस परेशानी से मुक्ति का रास्ता दिखने लगा है।

## पाकिस्तान में ऊंचाई पर फंसे केबल कार से चार बच्चे बचाये गये



**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में एक पहाड़ी इलाके में 900 फीट की ऊंचाई पर कम से कम 10 घंटे तक लटकी रही चेयरलिफ्ट से चार बच्चों को बचाया गया है, जबकि केबल कार के अंदर फंसे दो अन्य बच्चों और दो वयस्कों को बचाने की दौड़ जारी है। बट्टाग्राम जिले के डिप्टी कमिश्नर तनवीर उर रहमान ने कहा, बच्चे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्कूल जा रहे थे, जब मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे चेयरलिफ्ट की एक केबल टूट गई। उर रहमान ने कहा कि केबल टूटने से पहले मंगलवार को चेयरलिफ्ट ने कई यात्राएं की थीं। उर रहमान ने कहा कि तेज हवाओं ने चेयरलिफ्ट तक पहुंचने के पहले के प्रयासों को विफल कर दिया था। बचाव सेवाओं द्वारा पहले जारी किए गए एक वीडियो में पहाड़ के किनारे एक बड़ी भीड़ जमा हुई दिखाई दे रही है, जो देख रही है कि एक विशेष सेवा अधिकारी को हेलीकॉप्टर से दुर्घटनाग्रस्त चेयरलिफ्ट की ओर उतारा जा रहा है, जो एक तीव्र कोण पर » शेष पेज 2 पर

## शहर >> अपडेट

### मिशन चंद्रयान भारत के उदय का जयघोष है : अन्नपूर्णा

रांची : केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की शानदार लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों और देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत के वैज्ञानिकों में दक्षता, क्षमता और आत्मविश्वास की कमी कभी नहीं थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने इन वैज्ञानिकों और अन्वेषी संस्थानों को अभूतपूर्व समर्थन और प्रोत्साहन दिया, जिसका नतीजा आज पूरी दुनिया के सामने है।अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केवल चार साल के अंतराल में इसरो के वैज्ञानिकों ने जो पराक्रम दिखाया है, वह अतुलनीय है। अब हमारा आत्मविश्वास शीघ्र ही मिशन गगनयान और सूरज पर पहुंचने के अभियान की सफलता सुनिश्चित करेगा।

**निर्देश** हेमन्त सोरेन ने पथ निर्माण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा की, दिए कई अहम निर्देश

# सड़कों की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिलने पर संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार पर होगी कार्रवाई :हेमन्त सोरेन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बेहतर सड़कों के नेटवर्क से विकास को गति मिलती है। ऐसे में अच्छी सड़कों के निर्माण पर सरकार का विशेष जोर है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज पथ निर्माण विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों का निर्माण तय समय पर पूरा हो, इसका पूरा ख्याल रखें। अगर सड़कों की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि राज्य में फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित 13 सड़क परियोजनाएं हैं। इनमें पांच में वन विभाग द्वारा एनओसी मिल चुका है, जबकि 8 सड़क परियोजनाएं फॉरेस्ट क्लीयरेंस की वजह से अटकी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग और पथ निर्माण विभाग आपस में समन्वय बनाकर इसका निदान निकालें, ताकि सड़कों के निर्माण में आ रही अड़चनें दूर हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाना है। ऐसे में इन सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण सड़कों की क्वालिटी और मजबूतीकरण से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। कई बार शिकायतें मिलती है कि एक तरफ सड़कें बन रहीं हैं और दूसरी तरफ से उखाड़ भी रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सरकार एक्शन लेगी। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों में 6 हजार किलोमीटर सड़कों का डीपीआर तैयार हो चुका है और 3 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो भी सड़कें बना रही हैं, उसके निर्माण की मॉनिटरिंग होनी चाहिए । इस सिलसिले में एक पोर्टल पर सड़कों के निर्माण की लाइव वीडियो अपलोड की जाए, ताकि उसकी क्वालिटी और निर्माण की गति की पल-पल जानकारी मिलती रहे।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों के किनारे हेलीपैड निर्माण को लेकर कार्य योजना बनाएं। इसके तहत सड़कों के उन लोकेशंस को चिन्हित करें, जो हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त होंगी।

## पेज एक का शेष

### क्षतिग्रस्त कॉर्निया को......

अन्य चोटों का अनुभव करते हैं, उनमें लिम्बल स्टेम सेल की कमी हो सकती है, जो कॉर्निया के आसपास के ऊतकों पर कोशिकाओं की एक अपरिवर्तनीय हानि है। इन रोगियों को प्रभावित आंख में स्थायी दृष्टि हानि, दर्द और असुविधा का अनुभव होता है। लिम्बल कोशिकाओं और स्वस्थ आंख की सतह के बिना, मरीज कृत्रिम कॉर्निया प्रत्यारोपण से गुजरने में असमर्थ हैं, जो दृष्टि पुनर्वास का वर्तमान मानक है। पिछले 25 वर्षों में ऑटोलॉगस स्टेम सेल दृष्टिकोण का वर्णन करने वाले ऐतिहासिक अध्ययनों और यूरोप में इसी तरह के तरीकों का उपयोग किए जाने के बावजूद, किसी भी अमेरिकी अनुसंधान दल ने अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के अनुरूप विनिर्माण प्रक्रिया और गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षणों को सफलतापूर्वक विकसित नहीं किया है। इस तरह के अध्ययन असाध्य स्थितियों के इलाज के लिए सेल थेरेपी के वादे को दर्शाते हैं। मास जनरल ब्रिघम का जीन और सेल थेरेपी इंस्टीट्यूट शोधकर्ताओं द्वारा की गई वैज्ञानिक खोजों को पहले मानव नैदानिक परीक्षणों और अंततः, रोगियों के लिए जीवन बदलने वाले उपचारों में अनुवाद करने में मदद कर रहा है। संस्थान का बहु-विषयक दृष्टिकोण इसे इस क्षेत्र में दूसरों से अलग करता है, जिससे शोधकर्ताओं को नए उपचारों को तेजी से आगे बढ़ाने और इस नई सीमा की तकनीकी और नैदानिक सीमाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। जैसे-जैसे क्लिनिकल परीक्षण आगे बढ़ रहा है, केस अध्ययन शीघ्र आशाजनक है। कैलेक प्रक्रिया पेटेंट लंबित है। जकुर्नास और डाना ने आंखों के लिए सेल-आधारित थेरेपी विकसित करने में रुचि रखने वाली कंपनी ओकुसेल में इक्विटी का भी खुलासा किया है।

### पाकिस्तान में ऊंचाई .....

लटका हुआ है। एक यात्री ने बताया कि चेयरलिफ्ट पर सवार दो छात्र कथित तौर पर बेहोश हो रहे थे। यात्री, जिसका नाम केवल गुलफराज है, ने राज्य अधिकारियों से कार्रवाई करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि 10 से 15 साल की उम्र के छात्रों के पास पीने का पानी तक नहीं था। उर रहमान ने कहा कि बचाव कर्मियों ने बच्चों की उल्टी की रिपोर्ट के बाद यात्रियों को मतली की दवा दी, साथ ही उन्होंने कहा कि फंसे हुए लोगों को दिल से संबंधित दवा भी दी गई। इससे पहले, एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा था कि आठ बच्चे वयस्कों के साथ 1,200 फीट (365 मीटर) की ऊंचाई पर फंसे हुए थे।

### झारखंड के मंत्री....

भी योगेंद्र तिवारी और उसके सहयोगियों के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। हरमू में पटेल चौक स्थित तिवारी ब्रदर्स का आवास, मेन रोड स्थित विनय सिंह का आवास, श्रवण जालान का अपर बाजार स्थित आवास में ईडी ने छापा मारा है। इसके अलावा देवघर में कांग्रेस नेता मुन्नम संजय, अभिषेक झा, मेहर गार्डन, बिस्कोमान भवन। दुमका में योगेंद्र तिवारी का गिलानपाडा चौक स्थित ऑफिस, तनिष्क शो रूम, खिजुरिया में तिवारी मोटर, कुम्हारपाडा में पप्पू शर्मा और अनिल शर्मा का आवास। धनबाद में ग्रेबल कॉलोनी में संतोष मंडल और एक अन्य के ठिकाने पर ईडी छापेमारी कर रही है। उधर शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में छत्तीसगढ़ में छापेमारी की गयी है। जिन लोगों की तलाश की जा रही है उनमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला और होलोग्राम का मामला पकड़ में आने के बाद ही यह लगभग तय हो गया था कि ईडी शराब घोटाले की जांच का विस्तार झारखंड तक करेगी क्योंकि जिन लोगों पर (छत्तीसगढ़ में) शामिल होने का संदेह है, उन्होंने रांची में भी उसी भ्रष्टाचार मॉडल को दोहराने का फैसला किया था, लेकिन एजेंसी के बाद इसे अचानक रोक दिया गया था। रायपुर में ईडी अधिकारियों ने बघेल के दो ओएसडी (विशेष कर्तव्य अधिकारी) मनीष बंछोर और आशीष वर्मा के परिसरों की भी तलाशी ली। बघेल के सहयोगी विजय भाटिया भी ईडी की जांच के दायरे में हैं और उनके परिसरों की भी एजेंसी ने तलाशी ली थी। अपने राजनीतिक सलाहकार पर ईडी की छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए, बघेल ने ट्वीट किया, मेरे जन्मदिन पर मेरे राजनीतिक सलाहकार पर छापा मारकर आपने मुझे जो अनमोल उपहार दिया है, उसके लिए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को धन्यवाद। जांच एजेंसी ने अब तक मामले में ढेबर, छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के पूर्व प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी, शराब व्यवसायी त्रिलोक सिंह ढिल्लों, होटल व्यवसायी नितेश पुरोहित और ढेबर के सहयोगी अरविंद सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। आरोपी व्यक्तियों ने तीन अलग-अलग तरीकों से कमीशन/रिश्वत एकत्र की थी, जिसे भाग ए (सीएसएमसीएल द्वारा डिस्टिलर्स से खरीदी गई शराब के प्रति मामले में एकत्रित रिश्वत), भाग-बी (देशी शराब की किताबों से बेहिसाब कच्ची बिक्री) और भाग- के रूप में परिभाषित किया गया था। सी (डिस्टिलरों से एक कार्टेल बनाने और निश्चित बाजार हिस्सेदारी की अनुमति देने के लिए रिश्वत ली गई)। रिश्वत वसूलने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला चौथा तरीका विदेशी शराब लाइसेंस धारकों से था। एजेंसी ने कहा है कि ढेबर ने 776 करोड़ रुपये की राशि के लाभार्थियों के नाम का खुलासा नहीं किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि ढेबर ने हवाला के जरिए दिल्ली और मुंबई में 80-100 करोड़ रुपये नकद भेजे और चुनाव प्रचार के लिए राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के अनुसार बड़ी मात्रा में नकद का भुगतान किया। झारखंड में उसी भ्रष्टाचार मॉडल को दोहराने की ढेबर की योजना पर, ईडी की चार्जशीट में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में अपनी साजिश की सफलता के बाद, उन्होंने झारखंड में भी छत्तीसगढ़ मॉडल को लागू करने का फैसला किया और इसे 3-4 महीने तक सफलतापूर्वक चलाया, जब तक कि ईडी की कार्रवाई के कारण यह अचानक बंद नहीं हो गया। एजेंसी ने एक अन्य जांच में चुनाव वाले मध्य प्रदेश में भी एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की है। नितिन भटनागर नाम के एक बैंकर को कथित तौर पर कांग्रेस नेता के भतीजे रतुल पुरी से जुड़ी एक कंपनी के लिए 2012 में बैंक ऑफ सिंगापुर में खाता खोलने की सुविधा देने के आरोप में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मंगलवार को हिरासत में लिया गया था। नई दिल्ली से मिली जानकारी के मुताबिक इससे पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी और उत्तर प्रदेश सरकार को छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले के एक आरोपी के खिलाफ नए मामले में आगे बढ़ने से रोकते हुए कहा, प्रवर्तन निदेशालय अपने आप में एक कानून नहीं हो सकता। 21 अगस्त को, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि कथित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी दो याचिकाकर्ताओं - अनिल टुटेजा, एक आईएएस अधिकारी, और उनके बेटे यश टुटेजा - को ईडी और यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी और किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बचाया जाएगा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की दो न्यायाधीशों वाली पीठ ने कहा कि टुटेजा और उनके बेटे को इस महीने की शुरूआत में शीर्ष अदालत द्वारा दी गई अंतरिम सुरक्षा जारी रहेगी। इसी पीठ ने 7 अगस्त को उन्हें सुरक्षा प्रदान की थी, जब उन्होंने तर्क दिया था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ऐसा करने से रोके जाने के बावजूद ईडी ने इस मामले में अपनी जांच आगे बढ़ाई थी। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील पर ध्यान देने के बाद कि ईडी के लिए जांच करने में सक्षम होने के लिए एक निश्चित शर्त नहीं रखी है, 18 जुलाई को ईडी से मामले में हद में रहने को कहा था। यह तथ्य है कि छत्तीसगढ़ या कहीं और की किसी भी अदालत ने मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्राथमिक अपराध का संज्ञान नहीं लिया है।

### सीएजी की रिपोर्ट में ...

के प्रमुख सदस्य ने किसी अन्य कंपनी का अनुभव प्रमाण पत्र जमा किया था। इस अन्य कंपनी ने राजमार्ग निर्माण क्षेत्र में भी काम नहीं किया, इसने बिजली क्षेत्र में काम किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख सदस्यों की कुल संपत्ति पर चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रमाणपत्र, जो कि 304.33 करोड़ रुपये होना आवश्यक है, एक तीसरे पक्ष के नाम पर था। जबकि अडानी फर्म के पास कंसोर्टियम में 74 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी थी, उसने राजमार्ग क्षेत्र में निर्माण कार्यों में पांच साल के अनुभव के संबंध में प्रस्ताव के लिए अनुरोध की शर्त को पूरा नहीं किया। बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत कार्यों की सूची के अनुसार कंपनी ने कभी भी ह्लप्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप सेह्व कोई निर्माण कार्य नहीं किया था। हालाँकि, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मार्च 2019 में 1,566.30 करोड़ रुपये की बोली परियोजना लागत पर बिना किसी कारण के रिकॉर्ड पर बोली लगाने वाले को तकनीकी रूप से योग्य घोषित कर दिया। हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल के तहत, एनएचएआई ने परियोजना पर कुल व्यय का 40 प्रतिशत भुगतान किया। शेष 60 प्रतिशत की व्यवस्था सड़क डेवलपर द्वारा की जानी थी, जो आमतौर पर परियोजना लागत का लगभग 20-25 प्रतिशत वित्तपोषित करता था और शेष राशि के लिए कर्ज लेता था। अडानी समूह के प्रवक्ता से संपर्क किया. प्रवक्ता ने कहा, हम किसी भी सुझाव को दृढ़ता से खारिज करते हैं कि अदानी समूह और उसके व्यवसायों ने न्यायक्षेत्र के नियमों और लेखांकन मानकों के अनुसार काम नहीं किया है। 7 मार्च, 2019 को, लखनऊ रिंग रोड के पैकेज 1 के लिए 904.31 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत पर बोलियां जारी की गईं। आश्चर्यजनक रूप से, पीएनसी इन्फोटेक को 1,062 करोड़ रुपये में ठेका दिया गया - जो मूल अनुमान से 17.44 प्रतिशत अधिक था। एनएचएआई का मूल अनुमान 2016-17 की निर्धारित दरों पर आधारित था। परियोजना की अनुमानित लागत को बाद में 2019 की दरों के आधार पर संशोधित किया गया था। लेकिन फिर भी, जैसा कि सीएजी रिपोर्ट में बताया गया है, जैन की कंपनी की बोली बोली अनुमान से 2.02 प्रतिशत अधिक थी। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स, जिसने 68 प्रतिशत कम प्रीमियम पर हापुड बाईपास-मुरादाबाद राजमार्ग परियोजना के लिए एनएचएआई अनुबंध जीता, ने 2013 से भाजपा को लगभग 65 करोड़ रुपये का दान दिया है। दिसंबर 2018 में, जे कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स ने द्वारका एक्सप्रेसवे पैकेज 1 के लिए 1,349 करोड़ रुपये का अनुबंध जीता। सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी प्रस्ताव शर्त के अनुरोध को पूरा करने में विफल रही, इसके बावजूद ऐसा हुआ। प्रस्ताव में कहा गया है कि विजेता बोली लगाने वाले को कम से कम एकल या जुड़वां ट्यूबों वाली एक गहरी या उथली सुरंग का निर्माण पूरा करना होगा। 2013 से 2018 के बीच जे कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स ने भाजपा को करीब 6.46 करोड़ रुपये का चंदा दिया। इसने पार्टी को 2017-18 में 5.25 करोड़ रुपये, 2015-16 में 1 करोड़ रुपये और 2013-14 में 21 लाख रुपये दिए। मणिपुर में चुराचांदपुर-तुइवई परियोजना पैकेज 2बी में, आवश्यक बोली क्षमता को पूरा करने में विफल रहने के बावजूद बोली लगाने वाले ने बोली जीत ली। बोली लगाने वाले की अनुमानित बोली क्षमता 240.01 करोड़ रुपये की आवश्यक बोली क्षमता के मुकाबले 101.48 करोड़ रुपये थी। इसके बावजूद, बोली की निर्धारित प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए ठेकेदार को काम सौंप दिया गया, ऐसा सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है।

## इमाम हुसैन की शहादत हक एवं सच्चाई की राह पर चलने का पैगाम है: किशोर कौशल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुहर्रम एवं तीजा के समापन के बाद सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी का एक प्रतिनिधिमण्डल कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम के संयुक्त नेतृत्व में रांची के लोकप्रिय एस एसपी किशोर कौशल से उनके आवासीय कार्यालय में मिला जहां सिटी एसपी सुभांशु जैन एवं ट्राफिक एसपी हारिश बिन जमा भी उपस्थित थे। मुहर्रम वर्ष 2023 का आपसी सौहार्द के साथ समापन पर प्रतिनिधिमण्डल में शामिल लोगों ने एस एसपी रांची किशोर कौशल, सिटी एसपी रांची सुभांशु जैन एवं ट्राफिक एसपी हारिश बिन जमा को शाल एवं बुके देकर उनका शुक्रिया अदा किया। प्रतिनिधिमण्डल सहित तमाम अखाड़ाधारी एवं पदाधिकारियों ने विशेष रूप से उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिंहा एवं एस एसपी रांची किशोर कौशल के संयुक्त नेतृत्व में मुहर्रम वर्ष 2023 का आपसी सौहार्द के साथ एतिहासिक रूप से समापन पर उनके साथ साथ ऊपर से नीचे तक के तमाम पदाधिकारीगण का आभार व्यक्त किया । उक्त अवसर पर एस एसपी रांची किशोर कौशल ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मों के लोग सभी त्योहारों को आपस में मिलकर मनाते चले आ रहे हैं यही हमारी बहुरंगी सांस्कृति व तहजीब का हिस्सा है साथ ही साथ साम्प्रदायिक सौहार्द, आपसी एकता एवं भाईचारा का संदेशभी है। उन्होंने आगे कहा कि सभी धर्मों के त्योहार में शिक्षाप्रद बातें होती हैं उसी प्रकार मुहर्रम भी एक एसा त्योहार है जो कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत लोगों को हक एवं सच्चाई की राह पर चलने का पैगाम देता है जिसपर हम सभी को अमल करने की जरूरत है।मुहर्रम के जुलूस के निर्धारित समय पर जो कमि हुई है उस पर कमिटी को ध्यान देने की बात कही एवं कहा कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजन में नई पीढ़ी के नौजवानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़कर उन्हें जिम्मेवारी दिए जाने से जुलूस के समय सम्बंधी समस्या का भी समाधान आसानी से किया जा सकता है।

जनसभा में भारी संख्या में उपस्थित पासमंदा समाज की

# हेमंत सरकार काम के लिए नहीं कमाने की है सरकार: बाबूलाल मरांडी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जनसभा में भारी संख्या में उपस्थित पासमंदा समाज को कहा भाजपा बिना भेद भाव के करती है कार्य, 2024 में मोदी जी को पुनः बनायें प्रधानमंत्री हेमंत सरकार ने पिछड़ों को दिया धोखा, निकाय चुनाव नहीं करवाकर झारखंड को बनाया लूट का अड्डा झारखंड भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार ,कुशासन,वादा खिलाफी ,ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ निकाले गये संकल्प यात्रा के दौरान सारठ में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन को बेचने वाले परिवार ने अब झारखंड के खनिज संपदा को दलालों बिचौलियों को बेच दिया है। खनिज संपदा की लूट मची है। बिहार बंगाल उत्तर प्रदेश के बिचौलियों व दलालों को अवैध तरीके से खनिज संपदा की लूट की खुली छूट दे दी गई है। हेमंत सरकार के संरक्षण में बालू, कोयला, पत्थर व अन्य खनिज संपदा अवैध तरीके से लूटा जा रहा है। अपराधियों को हेमंत सरकार का संरक्षण प्राप्त है। अपराध का ग्राफ पूरे देश में सर्वाधिक है। कानून राज समाप्त हो गया है। अपराधी खुले आम वसूली ले रहे हैं। थाना ब्लॉक व ज़िला कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार समाप्त करने का आह्वान किया है किंतु इस प्रदेश में हेमंत सरकार ही भ्रष्टाचार फैला रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार काम के लिए नहीं कमाने में व्यस्त है। इस राज्य के सिंहासन से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है तभी विकास होगा। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई प्रधानमंत्री हुए किंतु अलग राज्य के सपने को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा किया। अटल जी के कार्यकाल में ही गाँव गाँव तक सड़क, बिजली नदी नालियों पर पूल बना। किंतु इस सरकार में बिजली आने से ज्यादा जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कोविड लिए दौरान 80 करोड़ गरीबों के लिए अनाज भेजने का कार्य किया किंतु इस सरकार ने उस अनाज का भी बंदरबाँट कर दिया। अनाजों की कालाबाजारी हुई। नल से जल योजना का कार्य भी दिल्ली मुंबई वालों को सौंप दिया और पैसों की बंदरबाँट किया गया है। पाँच लाख रोजगार नहीं तो भत्ता देने के नाम पर युवाओं को हेमंत सरकार ने गुमराह किया।

### लुटेरों की सरदार है हेमंत सरकार: बाबूलाल

**रांची**: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज अपने संकल्प यात्रा के दूसरे चरण की शुरुवात की। मधुपुर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान में श्री मरांडी ने जनसभा को संबोधित किया।श्री मरांडी ने हेमंत सरकार की विफलताओं, सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार एवम ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर किया। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा राज्य के विकास केलिए किए गए कार्यों को भी बताया। उन्होंने कहा राज्य में हत्या लूट बलात्कार की घटनाएं हो रही और पुलिस वसूली में लगी है।पुलिस अगर पकड़ती है,केस करती है तो वह अपराधियों पर नहीं राज्य सरकार के विरोध में बोलने वालों पर,सरकार के खिलाफ आंदोलन करने वालों पर।उन्होंने कहा कि राज्य में खान खनिज,बालू पत्थर की लूट मची है।

## झारखंड बचाओ मोर्चा का धरना, हजारों लोग जुटे



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। विधायक लोबिन हेंब्रोम के आह्वान पर आयोजित इस धरना में रांची, खूंटी, सिमडेगा, लातेहार सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में आदिवासी और मूलवासी समाज से लोग इकट्ठे हुए। इस अवसर पर राज्यपाल के नाम पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। इनमें खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करना, सीएनटी एसपीटी एक्ट सख्ती से लागू करना, पी पेसा कानून लागू करना, 9 क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को लागू करना, झारखंड आंदोलधकारियोंको समान नियोजन और पेंशन लागू करने की मांग शामिल है। आज कार्यक्रम की शुरूआत डा रामदयाल मुंडा की तसवीर पर माल्यार्पण से हुआ। धरना को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में आदिवासियों की स्थिति काफी खराब है। संसद के द्वारा पी पेसा कानून पास होने के बाद भी ना तो बिहार रहते और ना झारखंड गठन के बाद इसे लागू किया गया। पी पेसा की नियमावली तक नही बनी। जल, जंगल, जमीन की लूट जारी है। अधिवक्ता प्रभाकर ने कहा कि पी पेसा की अनदेखी कर आदिवासी क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराया गया जो अवैध है। उन्होंने कहा कि पी पेसा ग्राम सभा को अधिकार देता है कि वह अपने क्षेत्रों में स्वशासन व्यवस्था को लागू करें। झारखंड में नगर निगम की जगह स्वशाषी जिला परिषद की स्थापना होनी चाहिए। इसीदोर केरकेट्टा ने कहा कि , जमीन की लड़ाई जारी है पिछले 6 महीने में आदिवासियों से लूटी हुई 500 एकड़ जमीनों को हम लोगों ने वापस कराया है यह सब आदिवासी मूलवासी एकता की वजह से संभव हो पाया है। अजीत उरांव ने कहा कि , पेसा का नियमावली बना होता तो आदिवासियों की स्थिति इतनी खराब नहीं होती। जल जंगल जमीन और खनिज होने के बाद भी हालत खराब है । गांव में सौहार्द खत्म हो रहा है और हमारे परंपरागत व्यवस्था को भी ध्वस्त करने का प्रयास किया जाता है। धरना को विजय शंकर नायक, राजू महतो, सुशांतो मुखर्जी सहित अन्य ने भी संबंधित किया।

## हाई कोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक रखी जारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हाइकोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई के आदेश को बरकरार रखा है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस जारी रही। कोर्ट ने अपने पूर्व के आदेश को विस्तार देते हुए अगली सुनवाई तक विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। दरअसल, दीपिका पांडेय ने वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने एवं जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने मामले में की गई प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर याचिका दायर की है।आरोप है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रबोध सोरेन एजेंट को ठीक करने के लिए चुनाव बूथ पर जा रहा था । उस दौरान दीपिका पांडे व अन्य कार्यकर्ता गाड़ी से पहुंचे और उसके साथ मारपीट की और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ गाली गलौज की। मामले को लेकर गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाने में दीपिका पांडे सिंह सहित 9 लोगों के खिलाफ कांड संख्या 18/2020 दर्ज कराई गई थी।

**हलचल** ईडी की छापामारी से पुलिस मुख्यालय में बढ़ी हलचल

# योगेंद्र तिवारी के करीबी पहले से निशाने पर

- अफसरों के मनमुटाव का कारण रहा है
- मामला और खुला तो कई और नपेंगे
- शराब नहीं कोयला घोटाला भी खुलेगा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** ईडी की कार्रवाई में योगेंद्र तिवारी निशाने पर आते ही पुलिस मुख्यालय में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। दरअसल पुलिस मुख्यालय में खास तौर पर पैरवी करने वाले सुधीर सिंह को योगेंद्र तिवारी का करीबी समझा जाता है। पुराने अफसरों की मानें तो पैरवी और अलग अलग किस्म की दलाली करने वाला यह व्यक्ति योगेंद्र तिवारी के यहां ही रहा करता था। इसके अलावा कई और नाम इसी वजह से चर्चा में आ गये हैं। लोगों का आकलन है कि योगेंद्र तिवारी पर छापामारी दरअसल हेमंत सोरेन पर घेराबंदी है पर इसमें पुलिस के कई अधिकारी भी लपेटे में आ सकते हैं। सुधीर सिंह के बारे में कहा जाता है कि वह पहले भी कई पूर्व डीजीपी का करीबी रह चुका है लेकिन पिछली बार किसी विवाद की वजह से मुख्यालय में उसके आने जाने पर पाबंदी लगा दी गयी थी। हाल के दिनों में उसे फिर से पुलिस मुख्यालय में देखा जा रहा है। इस वजह से योगेंद्र तिवारी के साथ उसका नाम जुड़ रहा है। इस कड़ी में कई और नाम भी चर्चा में आ गये हैं। इनमें हजारीबाग के किसी प्रधान के अलावा केडिया और संथालिया भी हैं। सुधीर सिंह के बारे में पता चला है कि उसकी वजह से कई अधिकारियों के बीच भी पिछले दिनों जबर्दस्त मनमुटाव जैसी स्थिति आने के बाद दोनों तरफ से जमकर पत्राचार भी हुआ था। यह मामला भले ही अभी ठंडे बस्ते में है लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के मुताबिक यहां पहले से ही वरीय अधिकारियों के बीच तालमेल की भीषण कमी है। इस कमी को दूर करने का प्रयास मुख्यमंत्री के स्तर पर होना था जो नहीं किया गया। इसकी वजह से कई विभागों में नीचे से ऊपर तक अफसर दो खेमों में बंट गये हैं। पुराने लोगों के मुताबिक यह ऐसी कोई सूचना नहीं है, जिसकी जानकारी विभाग में नीचे से ऊपर तक के लोगों को नहीं थी। किस अधिकारी का कौन सा दलाल है, यह जगजाहिर बात है। लेकिन अब योगेंद्र तिवारी पर हुई छापामारी के बाद शराब के साथ साथ कोयला का राज भी अगर खुल गया तो एसपी रैंक के कई अफसरों पर भी शामत आ सकती है। ईडी की कार्रवाई के बारे में पुलिस के कनीय अफसर मानते हैं कि दरअसल अब हेमंत सोरेन के घेरने की तैयारी है लेकिन अगर इसमें दूसरी जानकारियों को भी ईडी ने खंगालना प्रारंभ कर दिया तो इसकी चपेट में झारखंड पुलिस के दो दर्जन से अधिक अफसर आ जाएंगे, जिसे लेकर तरह तरह की बातें चल रही है।

# देवघाट पर धीमी गति से लगाये जा रहे टाइल्स को देखकर डीएम ने जताई नाराजगी

## मिथिला पेंटिंग से खूबसूरत दिखेंगे फल्गु के घाट, सीता पार्क में लगेंगे पौधे

### डीएम और नगर आयुक्त ने मेला क्षेत्र का लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर



**गया :** पितृपक्ष मेला-2023 के सफल आयोजन तथा देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा सीता कुंड, सीता पथ, गयाजी डैम, देवघाट, गजाधर घाट इत्यादि का निरीक्षण कर यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं।

सीता कुंड निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर निगम के अभियंता को निर्देश दिया कि टूटे हुए टाइल्स को तेजी से ठीक करवाएं। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि बाईपास पूल से सीताकुंड से सीता पथ होते हुए गयाजी डैम के पुल तक रौशनी की पूरी व्यवस्था रखें। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि सीता कुंड में पानी की व्यवस्था दुरुस्त रहे इसका आकलन करते हुए अभी से ही कार्य करवाना प्रारंभ करें। डीएम ने बताया कि वन विभाग से समन्वय स्थापित कर पितृपक्ष मेला के पहले सीता पार्क में 100 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।गया जी डैम में वर्तमान में औसतन 10 फीट पानी भरा हुआ है।डीएम ने कार्यपालक अभियंता एलएईओ को निर्देश दिया कि शमशान घाट, देवघाट, गजाधर घाट होते हुए गयाजी डैम तक जितने भी टूटे हुए टाइल्स हैं उसे अविलंब ठीक करवाएं। जिला पदाधिकारी ने नाराजगी प्रकट किया कि काफी धीमी प्रगति से टाइल्स मरम्मत का कार्य हो रहा है।उन्होंने लेबर की संख्या बढ़कर तेजी से कम करने को कहा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे टाइल्स लगाने का काम होते जा रहा है उसी के अनुरूप सफाई भी करवाते चलें। घाट आने वाले रास्ते में नगर निगम को निर्देश दिया कि घाट का रास्ता खूबसूरत दिखें इसके लिए पेंटिंग करवा साथ ही सीढ़ी के रेलिंग को पेंट करवाये। उन्होंने सफाई प्रभारी अभियंता शैलेंद्र कुमार को निर्देश दिया कि देवघाट एवं सटे हुए अन्य घाटो में तर्पण करने वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में 240 लीटर क्षमता वाले डस्टबिन लगवाना सुनिश्चित करें। भ्रमण के दौरान देवघाट के समीप नदी के पानी में एक बिजली का खंबा शेष बचा है उसे हटवाने का निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि देवघाट में किसी भी हाल में आवारा पशु घूमता हुआ ना रहे, इसे सुनिश्चित कराएं साथ ही कोई भी दो पहिया वाहन घाट पर ना पहुंचे। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए की घुघरी ताड़, चांदचौरा, मंगला गौरी, गोदावरी, अक्षय वट, बाईपास इत्यादि क्षेत्र में रोड पर संचालित विभिन्न खटाल को नोटिस देते हुए अतिक्रमण हटवाये। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, सहायक समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता राजीव रंजन, वरीय उप समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी पितृपक्ष मेला रविंद्र कुमार दिवाकर, पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था, पुलिस उपाधीक्षक नगर, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों, विष्णुपद मंदिर प्रबंध करने समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल, सदस्य मणिलाल बारीक गजाधर लाल कटरियार,महेश लाल गुप्त सहित अन्य सहायक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धोखाधड़ी के मामले में दर्ज एक कांड के आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुगौली,पू च :** स्थानीय पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में दर्ज एक कांड के आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। इस बावत थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि डुमरियाघाट थाना के रामपुर खजुरिया निवासी साजिद आलम पर धोखाधड़ी का केस दर्ज था। जिसको लेकर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई और उसके घर से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में एएसआई शाहिद आलम पुलिस बल के साथ लग रहे। थानाध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित साजिद आलम को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए आशुतोष सिंह, मिल रही बधाइयां

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह ने पत्र जारी कर आशुतोष सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। तथा, राज्यभर में एनसीपी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पूर्व श्री सिंह सासाराम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए विस चुनाव 2020 में एकलौते विधायक उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। नई जिम्मेवारी व पद मिलने के बाद श्री सिंह ने कहा कि पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने के लिए मैं हरसंभव प्रयास करूंगा। संगठन को जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर मजबूत किया जाएगा। मनोनयन के बाद पार्टी के कई कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात वृद्ध की मौत

**नरकटियागंज :** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत साठी थाना क्षेत्र अंतर्गत नरकटियागंज- मुजफ्फरपुर रेल खंड पर रामेश्वर नगर हाल्ट और सिकरहना नदी के बीच पिलर संख्या 229 के पास एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। बताया गया है कि घटना बुधवार की सुबह लोगों ने ट्रैक पर एक क्षत विक्षत शव देखा, पुलिस को सूचित किया। साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच अस्पताल बेतिया भेज दिया। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई गई है। मृतक धोती और कुर्ता पहना शव क्षत-विक्षत की अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा बताया गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

## डीएम के यात्रा को लेकर अधिकारियों ने किया योजनाओं का निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर



**संग्रामपुर :** सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। आगामी 30 अगस्त को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी मुंगेर नवीन कुमार के द्वारा प्रखंड के ददरीजाला पंचायत में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण के संभावित यात्रा को देखते हुए बुधवार को प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीयो के द्वारा ददरीजाला पंचायत के अलग अलग वार्डों में संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत के विभिन्न प्राथमिक, मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना सहित सात निश्चय योजना के तहत महत्वाकांक्षी नल जल योजना, हर गली पक्की, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड आदि योजनाओं का प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भोगेंद्र कामती सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए त्रुटि पूर्ण एवं शिथिल गति से चल रहे कार्यों के सुधार के साथ-साथ शीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित विभाग के कर्मियों को दिया। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी ने पंचायत के लोगों से मिलकर सरकारी योजनाओं के लाभ से अवगत हुए एवं लाभ नहीं मिलने वाले लोगों को जल्द से जल्द हर तरह के सरकारी योजनाओं का लाभ जिसके वह पात्रता रखते हैं, उन्हें भरोसा दिलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी पदाधिकारी को विभिन्न जगहों पर कई तरह की कमियां पर ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सतेन्द्र कुमार, बीसीएम नीतू कुमारी, बीएलओ मनोज कुमार सहित कई कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## चंद्रयान-3 की सफलता पर लोगों ने इसरो के वैज्ञानिकों को दी बधाई

राष्ट्रीय खबर

**गया :** भारत का मिशन चंद्रयान सफलता के शिखर पर पहुंचने पर लोगों ने हर्ष प्रकट करते हुए करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की शाखा को ओजस्विनी की जिला अध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने रोवर सहित चांद के दामन पर पहला कदम रख लिया है। इस ऐतिहासिक पल का हर भारतवासी को बेसब्री से इंतजार था। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग करते ही भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। साथ ही चांद पर अपना यान उतारने का कारनामा करने वाला दुनिया का चौथा देश भी बन गया है।भारत से पहले मिशन मून को अमेरिका, रूस और चीन अंजाम दे चुके हैं। चंद्रयान-3 की लैंडिंग से भारत का नाम ऊंचा हुआ है। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिकों के साहस और हिम्मत का परिणाम है कि चंद्रयान-3 सफल हुआ। पीएम नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र है। श्री विष्णुपद प्रबंधकारणी समिति के सदस्य मणिलाल बारिक ने भी चंद्रयान-3 के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने पर हर्ष प्रकट करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया है। पूरे देश में भारत का मान सम्मान ऊंचा हुआ है। जिसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। उन्होंने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के लिए भगवान विष्णु से प्रार्थना किया था।

## ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत



**मझौलिया :** बेतिया-मोतिहारी मुख्य पथ पर तेज गति से आ रही अज्ञात ट्रक ने छात्रा को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया है। जिसकी पहचान प्रखंड क्षेत्र के रुलही वार्ड नंबर 6 निवासी ललिता कुमारी पिता शिवशंकर यादव के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह साइकिल से कॉलेज जा रही थी। इसी क्रम में यह हादसा हो गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़ लिया। सूचना पर आए थानाअध्यक्ष अभय कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए।

## वन संरक्षण कानून संशोधन विधेयक के विरुद्ध निकाला विरोध मार्च

### अखिल भारतीय जन अधिकार सुरक्षा कमेटी ने की विधेयक की प्रति जलाकर वापस लेने की मांग

राष्ट्रीय खबर




**मुंगेर/हवेली खड़गपुर :** नगर के झील पथ से अखिल भारतीय जन अधिकार सुरक्षा कमेटी हवेली खड़गपुर की ओर से वन संरक्षण कानून संशोधन विधेयक 2023 और वन संरक्षण कानून-2022 को वापस लेने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन सह मार्च निकाला गया। अर्जुन सोरेन के नेतृत्व में निकाला गया विरोध मार्च झील पथ से निकल कर नगर के विभिन्न चौक-चौराहे से गुजरते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा। विरोध मार्च में शामिल लोग इंकलाब जिंदाबाद, वन संरक्षण कानून 2023 वापस लो। जनविरोधी कानून नहीं चलेगी। आदिवासी विरोधी कानून वापस लो आदि नारे लगा रहे थे। विरोध मार्च आंबेडकर चौक पहुंचने पर नए वन कानून का विरोध जताते हुए इसकी प्रति को जलाया गया। इस दौरान अर्जुन सोरेन ने कहा कि वन (संरक्षण) कानून संशोधन विधेयक 2023 और वन संरक्षण कानून-2022 को अविलंब वापस लेकर वन अधिकार कानून 2006 पूर्ण रूप से लागू किया जाए। कमेटी के बिहार राज्य प्रभारी रमण सिंह ने कहा कि इस कानून के अनुसार किसी वन भूमि का उपयोग उसके निकट क्षेत्र के ग्रामवासी और पारंपरिक वनवासी की सहमति के बिना किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता। इस योजना से समाज के सबसे गरीब तबके को परेशानी होगी। सभा को गोविन्द बेसरा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर फूलमनी देवी, मीणा देवी, सोनिया हांसदा, सुनिता मरांडी, संजू मुर्मू, राजकुमार किस्कू, इन्द्रदेव पासवान, भरत देव आदि कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## भाकपा ने बगहा एसपी के स्थानांतरण की मांग कर, घटना की निंदा किया

### बगहा की घटना सुनियोजित एवं प्रायोजित : ओम प्रकाश क्रांति

राष्ट्रीय खबर




**बेतियाः** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद नेल पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजित किया। जिसमें भाकपा जिला सचिव ओम प्रकाश क्रांति, सहायक सचिव राधामोहन यादव, कोषाध्यक्ष बबलू दूबे ने प्रेस वार्ता में मीडिया को बताया कि बगहा की घटना निंदनीय और प्रशासन के लिए विचारणीय है। नेतात्रय विशेषकर ओम प्रकाश क्रांति ने बताया कि भाकपा नागपंचमी एवं महावीरी अखाड़ा के दिन बगहा में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की घटना की घोर निंदा किया। उन्होंने राष्ट्रीय खबर को बताया कि बगहा की घटना प्रशासन के लिए विचारणीय है। नेताओं ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। जिससे इस घटना की साजिश रचने वालों तथा उसमें संलिप्त लोगों का खुलासा हो सके, क्योंकि इस घटना ने बगहा के सैकड़ों बर्षो के साम्प्रदायिक सौहार्द के इतिहास को कलंकित कर काला अध्याय जोड़ दिया है। बगहा की घटना सुनियोजित एवं प्रायोजित घटना है। आखिर इस जुलूस के लिए परमिशन किस पदाधिकारी ने दिया, क्या जिस आखाडा.के ने यह जुलूस निकाला, उसका निबंधन था, और यदि था तो उसके द्वारा जुलूस में कितने लोगों को भाग लेने की जानकारी दी गई और यदि एक अनुमानित संख्या की जानकारी दी गई। आखिर अचानक उस जुलूस में उतने लोग कहां से शामिल हो गए और बगहा से बाहर के लोग कैसे शामिल रहे, उन्हें किसने आमंत्रित किया, जुलूस के लिए प्रतिबंधित मार्ग में जुलूस कैसे चला गया, जबकि पुलिस और प्रशासन के लोग उपस्थित रहे। किसी ने प्रतिबंधित मार्ग में जुलूस जाने से क्यों नही रोका, जबकि प्रतिबंधित मार्ग बगहा थाना से कुछ सौ मीटर की दूरी पर ही है।जिसकी निष्पक्ष जाँच हो तो कई लोग, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण एवं बेतिया एसपी को उपर्युक्त मामला को संजीदगी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने निष्पक्ष जाँच करा कर सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग किया है। बगहा की शांति, प्रेम, भाईचारा के प्रति समर्पित जनता के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए सभी समुदाय के लोगों से एकजुट रहने की अपील किया। उन्होंने असमाजिक तत्वों को मुहंतोड़ जबाब देने की अपील भी किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 31 अगस्त को बेतिया शहीद पार्क में शहीदों की मूर्ति के सामने धरना देकर पश्चिम चम्पारण में प्रेम, भाईचारा, सदभाव, बनाये रखने के लिए जिला की जनता को संदेश देगी।

## रक्षाबंधन के अवसर पर मायके आई नवविवाहिता का हथियार के बल पर अपहरण

राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया, पू. च. :** रक्षाबंधन के मौके पर अपने मायके आई विवाहिता का अपहरण हथियार के बल कर लिया गया है। विवाहिता 18 अगस्त को अपने मैके आई थी। जिसका 20 अगस्त को अपहरण हो गया। यह मामला तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के कवलपुर गांव की है। घटना को लेकर कवलपुर के ललन सहनी ने थाना पर आवेदन दिया है। जहां उसने बताया है कि उसकी पुत्री की शादी इसी साल 12 जून को सीतामढ़ी के एक गांव में हुई थी। वह रक्षाबंधन पर्व के अवसर 18 अगस्त को कवलपुर आई थी। गत 20 अगस्त की रात में वह अपनी मां के साथ घर के पीछे सरेह में शौच करने गई थी। जहां अचानक करीब 7 की संख्या में बदमाश आए और कंधे पर उसे उठाकर ले गए। सभी बदमाश हाथ में बंदूक और तलवार लिए थे। जब पत्नी घर आई तो बताई कि रात के अंधेरे में वह सभी बदमाशों को नही पहचान सकी है। लेकिन उन बदमाशों में से कुछ लोगों को वह पहचान रही है। जिसमें कवलपुर के श्री महतो उर्फ मुन्ना महतो, दिलीप महतो व सोनू महतो को वह पहचानती है। जहां दिलीप महतो ने बंदूक ताना था। सोनू महतो तलवार दिखा रहा था और मुन्ना महतो कंधे पर उठाकर चला गया। आवेदन में यह भी बताया है कि उसे शंका है कि उसकी पुत्री के साथ बदमाश गलत करने के बाद उसकी हत्या कर सकते हैं। पीड़ित ने पुलिस-प्रशासन से अविलंब बरामद करने की गुहार लगाई है।

## चंद्रयान-3 की सफलता के लिए चित्रगुप्त मंदिर समिति ने किया पूजा-हवन



**बेतिया :** चंद्रयान-3 के सफलता के लिए पश्चिम चंपारण बेतिया के चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग की कामना के लिए चित्रगुप्त परिवार की ओर से हवन कराया गया। पंडित अजय मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ राष्ट्र समृद्धि की कामना की गई। मंदिर समिति के द्वारा चंद्र देव भगवान की पूजा-अर्चना की गई। बता दे कि बुधवार को चंद्रयान 3 चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने जा रहा है, जिसको लेकर देश में मन्नत व दुआओं का जारी है। महंत रवि मोहन वर्मा ने बताया कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग की सफलता के लिए हमलोग हवन एवं पुजा पाठ किये। मौके पर दीपक शरण, चित्रगुप्त धाम मंदिर के महंत रवि मोहन वर्मा, राकेश शरण श्रीवास्तव पंडित अजय मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग को लेकर लोगों में हर्ष

### रंग लाई वैज्ञानिकों की जीतोड़ मेहनत

राष्ट्रीय खबर



**संग्रामपुर :** इसरो द्वारा चंद्रमा पर चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल सफलतापूर्वक लैंडिंग हो गई है। चंद्रयान 3 के लैंडिंग को लेकर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि पूर्वक विशेष पूजा अर्चना की। इसी क्रम में प्रखंड के कहुआ गांव स्थित श्री शीतल धाम मंदिर में गाँव के महिला एवं पुरुषों ने श्री सुंदरकांड का सस्वर पाठ पारायण किया। भारत के चंद्रयान-3 की सफलता पर देश और दुनिया की नजर बनी हुई थी। सुबह से ही लोगों की नजर टीवी स्क्रीन पर जमी हुई थी। लोगों में चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर उत्सुकता देखी गई। प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहा सहित गांव में भी लोगों के जुबान पर सुबह से ही चंद्रयान के लैंडिंग की चर्चा होती रही। चंद्रयान-3 के लैंडिंग पर प्रखंड के कहुआ गांव निवासी भाजपा जिला संयोजक पंचायती राज रामखेलावन शर्मा ने भारतीय वैज्ञानिकों के हौसलों को सलाम करते हुए कहा कि चंद्रयान 3 का चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग भारत के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरगामी सोच और इसरो के वैज्ञानिकों का जीजान से की गई मेहनत रंग लाई। आज का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। वही बढोनिया पंचायत के मुखिया वीर कुंवर सिंह ने बताया कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। विकसित भारत का यह तस्वीर है। जिसे भारत ही नहीं दुनिया देख रही है। चंद्रयान 3 के लेंडिंग के साथ आज भारत भी चांद पर पहुंच गया है। सचमुच भारत ने आज इतिहास रचा है। और हमें अपने वैज्ञानिकों और अपने देश पर गर्व है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष वैज्ञानिक के क्षेत्र में देश ने अद्भुत सफलता प्राप्त की है। जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि ललन सिंह ने कहा कि आज भारत के लिए गौरव का दिन है इसरो द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयास से यह साबित हो गया है कि भारत अंतरिक्ष की दुनिया में सबसे आगे हैं। देश के वैज्ञानिकों को दिल से सलूट कि उन्होंने आज चांद पर भारत के तिरंगे को लहराया है।

## स्नातक पार्ट थ्री में नामांकन के अंतिम दिन छात्राओं की उमड़ी भीड़

**चकिया पू चं :** स्नातक पार्ट थ्री में नामांकन के अंतिम दिन स्थानीय एसआरएपी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की उमड़ी भीड़। कॉलेज परिसर में जहां जगह मिली वहीं छात्र-छात्राएं बैठकर फॉर्म भर रहे थे। साथ आए अभिभावक भी सहयोग कर रहे थे। बीआर अंबेडकर बिहार यूनिवर्सिटी द्वारा 23 जुलाई बुधवार को नामांकन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। नामांकन फार्म जमा करने के लिए छात्र-छात्राओं की लंबी लाइन दिखी। वही नामांकन फार्म जमा करने से पूर्व चालान ऑनलाइन जमा करने के लिए भी साइबर कैफे में भीड़ रही। साइबर कैफे में भी छात्र-छात्राएं बारी-बारी से अपना चालान जमा कराते रहे।

## उपलब्धि : शिवहर के लाल सादिक ने लहराया बीपीएससी में परचम, बधाइयों का लगा तांता

### अभियंत्रण प्रतियोगित परीक्षा में हासिल किया प्रथम स्थान

राष्ट्रीय खबर



**शिवहर :** नगर के वार्ड 25 चिकनौटा निवासी सेवानिवृत शिक्षक मास्टर सगीर अहमद के पुत्र हुस्साम सादिक ने बीपीएससी द्वारा आयोजित यांत्रिक अभियंत्रण प्रतियोगिता परीक्षा में 44वां स्थान (सामान्य) तो ईडब्ल्यूएस श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार तथा जिला का नाम रौशन किया है। जिसके बाद परिजनों, मित्रों के साथ साथ आस-पास के लोगों में खुशी है, बधाइयों का तांता लगा है। ज्ञात हो कि हुस्साम सादिक बचपन से मेधावी छात्र रहें हैं, उन्होंने मैट्रिक परीक्षा नवाब हाई स्कूल, इण्टर आरआर कॉलेज, बी.टेक हैदराबाद, एम.टेक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से तथा पीएचडी दिल्ली विश्विद्यालय से किया है।

उन्हें राज्यकृत पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त किया जायेगा। इनके इस सफलता पर चारों तरफ से बधाइयां मिल रही है, बधाई देने वालों में हुस्साम सादिक के ससुर सब्बा मेडिकल शिवहर के मालिक मोहम्मद नसीम,दादा मास्टर गुलजार के साथ साथ डॉक्टर वसीम अकरम,जदयू जिलाउपाध्यक्ष नेयाज अहमद उर्फ मोती,इश्तियाक अहमद,बसहिया मुखिया प्रतिनिधि जावेद आलम,जदयू मीडिया प्रभारी खालीकुर रहमान,जीनियस चाइल्ड एकेडमी के डायरेक्टर बशर नवाज,नैयर आजम,इंजमाम काशिफ,मोहम्मद शहरयार,शबाब अनवर इत्यादि का नाम मुख्य रूप से शामिल है।

## साइक्लिंग प्रतियोगिता को लेकर आयोजन समिति का गठन

**मोतिहारी पू चंः** जिला साइक्लिंग संघ द्वारा शहर के अवधेश चौक स्थित न्यू एनएच पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय 9-10 सितंबर तृतीय जिलास्तरीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को स्थानीय मिसकॉट मोहल्ला स्थित एसोसिएशन के कार्यालय में बैठक हुई। मौके पर आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मत अध्यक्ष के रूप में निगम पार्षद धीरज जायसवाल व सचिव के रूप में समाजसेवी नीरज शर्मा को मनोनीत किया गया। मौके पर संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में यूथ, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में जिले के कई प्रखंड के सरकारी, निजी विद्यालयों व महाविद्यालयों से करीब 200 बालक-बालिकाओं की भागीदारी होगी।

## भारोत्तोलन खिलाड़ियों का निबंधन 5 सितंबर तक

### निबंधित खिलाड़ी हीं राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले सकेंगे : राय

राष्ट्रीय खबर

**सीतामढ़ी :** बिहार भारोत्तोलक संघ के निदेर्शानुसार सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ ने सीतामढ़ी के खिलाड़ियों का निबंधन 5 सितम्बर तक तिथि जारी किया है' इस आशय की जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव सतीश कुमार ने बताया की इस बार 9 साल से 11 साल एवं 11 साल से 13 साल के खिलाड़ियों का भी निबंधन होना है और यूथ, जूनियर और सीनियर के खिलाड़ियों का निबंधन होना है जो 5 सितम्बर तक अपना निबंधन सुनिश्चित करा ले। इस के लिए सीतामढ़ी जिला के सभी प्राइवेट स्कूल, सरकारी स्कूल कॉलेज एवं जिम क्लब के खिलाड़ी, छात्र एवं छात्राओं का निबंधन करा सकते है निबंधित छात्र एवं छात्राओं ही राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भाग ले सकेंगे। विशेष जानकारी के लिए 9835647459 पर सम्पर्क कर सकते है।

# अजादी के लिए जान न्योछावर करने वाले शहीद जगन्नाथपुरी का बलिदान सर्वोच्च

## अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, ब्रिटिश सैनिकों के गोलियों का शिकार बन गये थे जगन्नाथपुरी

जय नारायण

**बेतिया :** जब-जब सावन आता है, तब-तब आंखें उमडकर लोर घनघोर हो जाती है ऐसा मानो की सावन की दृश्य संजोय आंखें बरसने लगी। एक तरफ आँखों में खुशी और दूसरी तरफ दुख का आंसू एक साथ गिरने लगता है। क्योंकि खुशी इसलिए की, यही सावन का महीना है, जब 15 अगस्त को भारत अपने स्वाधीनता का स्वतंत्रता दिवस मनाया। दुःख इसलिए की अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे लिए 24 अगस्त1942 को हमारे जिला के रणबाकुरो ने बेतिया में शहादत दी। उनका स्मरण हमें आँसूओं से भर देता है। भारत माता की आजादी के लिए जिला के आठ सपूत 24 अगस्त 1942 को अंग्रेजों के कार्यालय पर झंडा लहराने के दरम्यान बेतिया में



शहीद हुए। जिसमें सबसे कम आयु के किशोर 13 वर्षीय जगन्नाथपुरी ने शहादत देकर अपने गांव लौकरिया और चम्पारण का नाम आलोकित किया था। बताते है कि अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन महात्मा गाँधी के आह्वान पर 9 अगस्त 1942 को पुरे देश में प्रारम्भत्नपीशुरू किया गया था। परंतु यह आग धीरे-धीरे सुलग कर चम्पारण के देश भक्तो में फैल गई और24 अगस्त को अंग्रेजों को भगाने के लिए उनके विरुद्ध धड़कते हुई बेतिया में पहुंची। इस आज के शिकार होने वाले लोगों में से एक थे,लौकेरिया निवासी 13 वर्षीय बालक जगन्नाथपुरी। वे अपने पिता शिवगोविंदपुरी के एकलौते संतान थे` 24 अगस्त को बेतिया जाने के लिए अपने हम उम्र साथियों के साथ-साथ उन्होंने बडे बुजुर्गों को भी प्रोत्साहित किया था। बेतिया जाने के क्रम में रास्ते में कुछ लोगों द्वारा यह कहने पर कि बेतिया में फिरंगी, गोली चलवायेंगे। उन्होंने इसका प्रतिकार करते हुए कहा कि भारत माता गुलामी की जंजीरों में जकड़ी हुई है। वही आप लोग इस तरह की बातें कर रहे हैं। उनकी आजादी के लिए बेल भर के मुडी (सिर) अगर नहीं रहे और देश आजाद हो जाए इससे खुशी क्या होगी। उनके संगी-साथी और दुगुने जोश-खरोस के साथ बेतिया पहुंचे। बेतिया हॉस्पीटल रोड के तरफ से निकली हुई जुलूस में शामिल हुए। उनके साथ लौकरिया निवासी रामनाराय राव , इन्द्राशन राय, रोझा राउत, विन्देश्वरी राव समेत दर्जनों लोग अंग्रेजों भारत छोड़ों, भारत माता की जय का नारा लगाते हुए बड़ा रमना मैदान के तरफ बढ़ते चले गए। वहां अंग्रेजों की सेना देश भकों को आगे बढ़ने से रोकना चाही,परंतु वे नहीं रुके। इसपर देश भक्तो ने पत्थर चला कर अंग्रेजों का प्रतिकार किया। जिसमें बालक जगन्नाथपुरी व अन्य आजादी के दीवाने शामिल थे। पत्थर बाजी के दौरान अंग्रेज अधिकारी मिस्टर टौमी घायल हो गया, और उसने गोली चलाने का आदेश दे दिया । अंग्रेजों की गोली से भारत मां के आठ सपुत शहीद हुए। जिसमे लौकरिया निवासी जगन्नाथ पुरी भी थे। उनके साथ पढ़ने वाले उनके एक-साथी जगतनारायण राव जीनकी मृत्यु हाल ही में हुई हैं। बताते थे कि, जगन्नाथपुरी को अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ काफी नफरत था। वे पांचवी में पढ़ने के दौरान ही अंग्रेजों को भगाने के लिए संकल्पबद्ध हो गये थे। भाकपा (माले) नेता और लौकरिया निवासी सुनील कुमार राव ने बताया कि शासन और प्रशासन ने तो जगन्नाथ पुरी को भुला दिया था, किंतु लौकरिया के लोगों के जन सहयोग से, महान स्वतंत्रता सेनानी खेन्हर राव के प्रपौत्र आपू राव ने जमीन दिया, और उसी पर उनके प्रतिमा का निर्माण कराकर उन्हें उपेक्षित होने से बचाया गया। किसी स्वतंत्रता सेनानी को इस तरह से उपेक्षित करना शर्मिंदगी की बात नहीं है तो और क्या है। लौकरिया में उनके समाधी स्थल पर प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त, 26 जनवरी और उनके शहादत दिवस 24 अगस्त को उन्हें याद कर उनको माल्यार्पण कर श्रद्धांजली देकर उनके साम्राज्यवाद विरोधी चेतना को जागृत व स्मरण किया जाता है।

### स्टेशन के कायाकल्प को निर्माण कार्यों यथाशीघ्र शुरू करने को लेकर एडीआरएम ने किया दौरा



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च:** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित सुगौली स्टेशन के कायाकल्प को लेकर होने वाले निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र शुरू करा कर अमली जामा पहनाने के लिए रेल के आला अधिकारियों का दौरा शुरू हो गया है।इसी क्रम में समस्तीपुर डिवीजन के एडीआरएम आलोक कुमार झा बुधवार की अपराहन सुगौली स्टेशन पहुंच स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुगौली स्टेशन का चयन हुआ है। इसके पुनर्विकास कार्य के लिए 23 करोड़ से अधिक रुपए की राशि इस स्टेशन को मिला है। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्टेशन पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा और स्टेशन का कायाकल्प होगा। स्टेशन के पुनर्विकास योजना के तहत सुगौली स्टेशन कई तरह की आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यात्रियों को कई तरह की सुविधा दी जाएगी।स्टेशन का मॉडल बहुत ही सुंदर दिखेगा। प्लेटफार्म से लेकर स्टेशन भवन, यात्री प्रतिक्षालय, शौचालय, रैंप सहित और अन्य सुविधाएं पूरी तरह से आधुनिक तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे यात्रा करने आने वाले यात्रियों को किसी तरह की समस्या का सामना नही करना पड़े।एडीआएम श्री झा के सामान्य निरीक्षण के समय सुगौली स्टेशन अधीक्षक नीलमणि तिवारी, आरपीएफ प्रभारी शशि भूषण सिंह सहित रेल के अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## पंचायती राज विभाग के योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**शिवहर :** समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीराम शंकर की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना, जल जीवन हरियाली, पंचायत सरकार भवन निर्माण, मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना का पीएचईडी विभाग को हस्थानांतरण, 15वी वित्त आयोग से प्राप्त राशि के सम्बंध में, लोक सेवा का अधिकार सम्बन्धी, अंकेक्षण सम्बन्धी कार्यों की प्रगति



की समीक्षा की गई। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि सभी संचालित योजनाओं का ससमय क्रियान्वित कराना सुनिश्चित करे। किसी भी प्रकार की शिथिलता-लापरवाही पर करवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी,सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, लेखपाल, आईटी सहायक एवं अन्य उपस्थित रहे।

### उमस

यह कैसा मौसम आया है!
यह कैसा मातम छाया है!!

शांत पड़े हैं पत्ते सारे।
धूल-धूसरित तपे नजारे।।
खंडहर जैसा दिखता अंबर।
थमे हुए हैं विहगों के स्वर।।

टप-टप-टप बह रहा पसीना।
आज हुआ है, मुश्किल जीना।।
सुलग रही हैं साँसें सबकी।
दुनिया लगती बेमतलब की।।

शुष्क कंठ में लगी आग है।
घोर पिपासा उठी जाग है।।
जिह्वा सूख गयी, तड़पे मन।
लहक रहे हैं जीवों के तन।।

बादल नभ में झुके हुए हैं।
थके-थके हैं, रुके हुए हैं।।
सूर्यातप की लगी झड़ी है।
आकुलता है, उमस बड़ी है।।

इसी उमस की यह माया है।
जिसे झेल जग घबराया है।।
यह कैसा मौसम आया है!



यह कैसा मौसम आया है!!
डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी
कवियत्री सह
असिस्टेंट प्रोफेसर
जीबीएम कॉलेज, गया

## बीईओ ने किया 10 विद्यालयों का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च :** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बुधवार को नियमित निरीक्षण के दौरान प्रखंड के 10 विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंगरा,उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुगौली लेन हिंदी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहरूपिया सहित 10 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राम विजय यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की विधि व्यवस्था सही पाई गई। एमडीएम में सुधार देखा गया। मेनू के अनुसार छात्रों का एमडीएम बना था। विद्यालयों की साफ- सफाई संतोषजनक पाई गई। साथ हीं इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया कि हर हाल में विद्यालय का संचालन नियमित रूप से समय पर होना चाहिए। छात्रों का मध्यान भोजन मेनू के अनुसार बनना चाहिए और नियमित रूप से छात्रों की पढ़ाई होनी चाहिए।बीईओ श्री यादव ने बताया कि यह निरीक्षण नियमित रूप से चलता रहेगा।

## मृतक राजीव के परिजनों से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल



राष्ट्रीय खबर

**चकिया पू चं :** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को शहर के प्रोफेसर कालोनी स्थित मृतक राजीव रंजन यादव के घर पहुंच परिजनों से मुलाकात की तथा घटना की जानकारी ली। वहीं शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के साथ-साथ न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि वे लोग एसपी से बात बात करेंगे अपराधी अविलंब पकड़ लिए जायेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना मोतिहारी के उप महापौर लालबाबू प्रसाद गुप्ता पूर्व विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा चंद किशोर मिश्रा, रोहित सिंह,अरुण मौर्य, विशाल राम,सत्यनारायण राम, मिथलेश कुमार, बुल्लू सिंह,विजय श्री गुप्ता, संदीप सुल्तानिया, हरजीत सिंह राजू, विक्रम गुप्ता, मनीष गुप्ता, साहिल कुमार, भास्कर ओझा सहित अन्य मौजूद थे।

## मशरूम स्पान लैब का माधोपुर कृषि विज्ञान केंद्र में कुलपति ने किया उदघाट्न

### पूसा के कुलपति का माधोपुर में हुई भव्य स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** कृषि विज्ञान केन्द्र, माधोपुर की 15 वीं एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, नरकटियागंज की 5 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, माधोपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर) के कुलपति डॉ पी एस पाण्डेय के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान दोनों कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ एम एल मीणा व डॉ आर पी सिंह के द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों किए गए कार्यों की समीक्षा व विगत वर्ष के प्रगति प्रतिवेदन को सीमित के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर सलाहकार समिति के सदस्यों ने सहमति एवं संतोष जताया।सलाहकार समिति के सदस्यों के द्वारा कृषि के विकास हेतु कृषि की नवीनतम तकनीकों का प्रचार प्रसार व शोध को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुझाव दिये गये। कुलपति एवं अन्य गणमान्य पदाधिकारियों के द्वारा केंद्र पर चल रही विभिन्न गतिविधियों व प्रदर्शन इकाईयों का अवलोकन की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र, माधोपुर द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा कम समय में हुई प्रगति एवं बदलाव पर केंद्र के वरीय वैज्ञानिक के साथ साथ केवीके माधोपुर की पूरी टीम की प्रशंसा हुई । भविष्य में कृषि विज्ञान केन्द्र के विकास हेतु शुभकामनाएं दी गयी। कुलपति श्री पांडे के द्वारा ज़िला में मशरूम स्पान की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने को माधोपुर केन्द्र पर मशरूम स्पान उत्पादन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया।

बैठक में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ वी पी सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एम एस कुंडू, निदेशक शोध डॉ ए के सिंह, निदेशक बीज डॉ डी के राय, निदेशक एमजीआईएफआरआई, पिपराकोठी डॉ के जी मंडल, डॉ ए कुंडू, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रवीण कुमार राय, डीडीएम नाबार्ड, सहायक निदेशक उद्यान, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम एवं जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ प्रगतिशील किसानों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ एम एल मीणा एवं डॉ आर पी सिंह, डॉ धीरू कुमार तिवारी, सौरभ दूबे, डॉ चेलपुरी रामुलू, डॉ शुभाशीष प्रहराज, डॉ रीता देवी, डॉ गगन, डॉ अभिक, डॉ भूषण, डॉ पंकज सहित दोनों कृषि विज्ञान केन्द्रो के समस्त कर्मचारी गण व अन्य उपस्थित रहे।

### बच्चों के लिए टीकाकरण शिविर कल

**नरकटियागंज :** प्रखंड क्षेत्र के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 25 अगस्त को टीकाकरण शिविर का आयोजन होगा। इसमें शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने बताया कि गांवों में टीकाकरण स्थल पहले से हीं निर्धारित हैं।

## शांति बहाली के लिए बगहा में प्रशासनिक पहल तेज, छः दर्जन लोग हिरासत में

### जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस-प्रशासन शांति व्यवस्था में जुटी, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ शहर

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** शांति बहाली के लिए प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग शुरू की के साथ मिलकर पहल शुरू कर दी है। बुधवार के दिन स्थिति सामान्य रहा कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मंगलवार व बुधवार की रात्रि पुलिस ने चिन्हित 70 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया। बगहा के पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस बल के अतिरिक्त एसएसबी की कई टीमें भी लोगों को नियंत्रण के लिए लगायी गयी है। महावीर अखाड़ा के दौरान दो समुदाय के बीच झड़प हुई थी। इसी तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। प्रशासन की टीम हालात पर काबू पाने में जुटी है। दोनों समुदाय से जुड़े लोगों के साथ बैठक का दौर भी चल रहा है। पूरे मामले में उपद्रव फैलाने वाले लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी कर कार्रवाई चल रही है। 24 अगस्त तक इंटरनेट सेवा को बंद करने का आदेश दिया गया है। चंपारण क्षेत्र के डीआईजी जयंत कांत और पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय लगातार बगहा में कैंप कर रहे हैं। तनाव को कम करने के लिए पुलिस बल की कई टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों में मॉनिटरिंग कर रही है। एक टीम जा रही है तो दूसरी टीम पहुंच रही है। अभी भी लोगों के अंदर डर व्याप्त है। 80 फीसदी आबादी घरों के अंदर कैद है। लोग अति आवश्यक काम पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। जबकि प्रशासन बाहर निकलने पर रोक नहीं लगाई है। बावजूद इसके लोग खुद से सतर्कता बढ़ते हुए बाहर नहीं आ रहे हैं।

## रिहायशी क्षेत्र में पहुंचे अजगर का किया रेस्क्यू

**बगहा :** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन प्रमंडल दो अंतर्गत मदनपुर वन क्षेत्र के वन कर्मियों की टीम ने रिहायशी क्षेत्र में भटककर पहुंचे अजगर का रेस्क्यू कर वीटीआर के जंगल में छोड़ा है। मदनपुर वन क्षेत्र के वनरक्षी संटु कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र से सटे बेलहवा गांव में एक अजगर के पहुंचने की सुचना ग्रामीणो ने दी। सुचना पर वनकर्मियों को लेकर मौके पर पहुंचा। जहां से करीब 12 फिट लंबे अजगर का रेस्क्यू किया गया। उक्त अजगर को वन कक्ष संख्या एम6 में ले जाकर छोड़ दिया गया।

## पण्डित राजकुमार शुक्ल स्मारक समिति ने समारोह पूर्वक जयंती मनाया



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पण्डित राजकुमार शुक्ल स्मारक समिति के तत्वाधान में चम्पारण सत्याग्रह के प्रणेता 'पण्डित राजकुमार शुक्ल की जयंती के अवसर पर 'पण्डित राजकुमार शुक्ल जयंती समारोह' का आयोजन किया। पण्डित राजकुमार शुक्ल स्मारक समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शर्मा हाउस, संत कबीर रोड, बेतिया में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महान स्वाधीनता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ल जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी और समारोह में उपस्थित वक्ताओं द्वारा चम्पारण सत्याग्रह के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन में पण्डित राजकुमार शुक्ल के अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से पण्डित राजकुमार शुक्ल को भारत रत्न से सम्मानित करने, पटना और बेतिया तथा सतवरिया में पण्डित शुक्ल जी की प्रतिमा स्थापित करने, पटना और बेतिया में पण्डित राजकुमार शुक्ल स्मृति संग्रहालय स्थापित करने तथा चनपटिया रेलवे स्टेशन का नामकरण पण्डित राजकुमार शुक्ल के नाम पर करने की मांग सरकार से की गई।समारोह को प्रेमकुमार दास, मुनेष कुमार सिन्हा, नागेन्द्र नाथ तिवारी, अरुण कुमार शर्मा, प्रताप राव, शेख अली इमाम, अंजनी कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार, डॉ.अखिलेश मिश्र, मदनमोहन ओझा, सुभाष कुमार ने संबोधित कर अमर सेनानी पण्डित राजकुमार शुक्ल को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## राम और विष्णु की कथा के मध्यम से सनातन विस्तार है भागवत कथा उद्देश्य है : राधा किशोरी

### 501 कन्याएं जल लेकर कोटेश्वर महादेव धाम पहुंची

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** धर्म की जय हो और अधर्म का नाश हो, का नारा लगाती हुई करीब 501 कन्याओं ने बनकटवा कोटेश्वर महादेव मंदिर से जल लेकर जीरिया बंगाली माई पहुंची। पूरे गाजे बाजे और भक्तों की भीड़ जलबोझी में शामिल रही। इसके बाद सभी कुआंरी लड़कियां गंडक नहर में विद्वान पंडित के मंत्रोच्चारण के बाद जल भरा। भक्तों ने हरे राम हरे कृष्ण का नारा लगाते हुए एक दूसरे की भक्तिमय माहौल बनाने की नारा लगाते रहे। सभी कन्याएं जलभरकर कलश लेकर बनकटवा कोटेश्वर महादेव धाम पहुंची। इधर वृंदावन से पहुंची श्रीमद्भागवत कथा की कथावाचक राधा किशोरी ने बताया कि यहां सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें ठाकुर अर्थात विष्णु भगवान और राम का कथा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध भाव से



सुनाया जाएगा। सुश्री किशोरी ने बताया कि सनातन धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है। हिंदुओं को सनातन धर्म से जोड़ना है और उन्हें यह बताना है कि वे अपने धर्म को जकड़कर रखें। सुश्री राधा किशोरी ने बताया कि सनातन धर्म मनुष्य को धार्मिक प्रवृत्ति का बनाता। उसे हिंसा से बचने तथा अहिंसा का रास्ता अपनाने का कार्य करता है। ईश्वर की आराधना करने से ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करता है। उस अवसर पर यजमान सुभाष दुबे और विजय दुबे सपत्नीक रहे। भक्तों में राजन पांडेय, आशीष गुप्ता, विपुल तिवारी, विपुल तिवारी, संतोष प्रसाद, मनोज प्रसाद, मनंजय तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक ने दिया ऋण

### शहरी आजीविका मिशन से गरीब महिलाएं बन रही है आत्मनिर्भर

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चनपटिया नगर पंचायत में संचालित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया ने 09 महिला स्वयं सहायता समूह को ऋण प्रदान किया। नगर पंचायत के सिटी मिशन प्रबंधक मनीष कुमार व बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के समन्वय से उपर्युक्त स्वयं सहायता समूह को एक-एक लाख रुपए का बैंक ऋण दिया गया। जिससे समूह से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। शाखा प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि 09 महिला समूहों के बीच कुल नौ लाख रुपए का ऋण वितरण किया गया। उन्हे आत्म निर्भर बनने में राशि बाधक न बने, इसके लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने का भागीरथ प्रयास किया जा रहा है। डेनुलम से



जुड़ी महिला सीआरपी खुशबू कुमारी केजरीवाल, रानी कुमारी, पूजा देवी व सरिता देवी की मौजूदगी में शाखा प्रबंधक ने अपने हाथों से महिलाओं के बीच ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया। बता दें कि एक स्वयं सहायता समूह में 10 महिला सदस्य होती है। अब तक 30 स्वयं सहायता समूह को दिया गया लाभ नगर की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए शहरी आजीविका मिशन से जुड़ी 30 स्वयं सहायता समूह को अब तक योजना का लाभ दिलाया गया है। इसकी जानकारी देते हुए सिटी मिशन प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि नपं में कुल 124 स्वयं सहायता समूह क्रियाशील है। धीरे-धीरे सभी महिला समूहों को इसका लाभ दिया जाएगा। अगले सप्ताह भी विभिन्न बैंकों से महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच ऋण वितरण करने की विचार की जा रही है।बता दें कि नपं में संचालित विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा आचार, पापड़, मुरब्बा, तिलोरी, मास्क, सेनेटाइजर, खिलौने, चटाई, गुलदस्ता आदि का निर्माण व उसकी बिक्रय की जाती है। लक्ष्मण प्रसाद, नगर पंचायत चनपटिया के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार व बैंकों का यह सफल प्रयास है, इससे महिलाए समूह माध्यम से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करेगी।

## मनाया गया रामफल मंडल का शहादत दिवस

**मोतिहारी पू चं :** स्थानीय जदयू कार्यालय कपूर्री में जिला जदयू के अध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित सभी जदयू नेताओं ने फूलमाला से श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर जदयू नेता सतीश कुमार, बबन कुशवाहा, जन्मेजय कुमार पटेल, संजीव कुमार श्रीवास्तव, जिला जदयू के कोषाध्यक्ष दिवाकर कौशिक, जदयू के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र सहनी, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार कुशवाहा, शमानंद सहनी, संजय सिंह, शकील अंसारी, बृजबिहारी पटेल, दिनेश पासवान, अनिल कुशवाहा, बद्री पासवान, बृजमोहन गुप्ता, जीतन पटेल, रंधीर सिंह, गौतम कुमार, सुजित कुशवाहा, विजय कुमार सिंह, आलोक कुमार उपस्थित थे।

शहर >> अपडेट

### समाजसेवी बीपीएन सिंहा की तीसरी पुण्यतिथि 1 को

**बोकारो:** सेक्टर 12 स्थित जन कल्याण सामाजिक संस्था के कार्यालय में सामूहिक बैठक किया गया। अध्यक्षता चंदेश्वर ठाकुर एवं संचालन ममता सिंह ने किया। इस मौके पर सचिव परशुराम राम ने कहा कि स्वर्गीय दानी गरीब बच्चों के लिए समर्पित समाजसेवी बीपीएन सिंहा के तीसरी पुण्यतिथि 1 सितंबर को बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में मनाया जाएगा।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### आसमानी बिजली की चपेट में आकर युवक की मौत

**बोकारो:** बुधवार को चास के भर्रा गरगा पुल के पास दोपहर 1 बजे आसमानी बिजली की चपेट में आकर एक युवक विशाल कुमार सिंह(31) की मौत हो गई। वह अपनी बाइक से सेक्टर 3 ट्रेनीज हॉस्टल मैदान से एथलीट का अभ्यास कर अपने आवास चास के कैलाश नगर लौट रहा था। इसी दौरान भारी बारिश के साथ आसमानी बिजली की चपेट में युवक आ गया। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजन और बीएस सिटी थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि विशाल एथलीट के क्षेत्र में काफी आगे निकल चुका था, अब तक कई मेडल भी जीत चुका था। उसके मौत की खबर मिलते की काफी लोगों की भीड़ सदर अस्पताल में जुट गई थी।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### गल्ला व्यापारी के साथ हथियार का भय दिखाकर पैसा छीना

**हजारीबाग :** लअनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय तेनुघाट में एक प्रेस कांफ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री सिंह ने पत्रकारों को बताया कि 11 अगस्त को पेटरवार के गल्ला व्यापारी के साथ अज्ञात अपराध कर्मियों ने हथियार का भय दिखाकर पैसा छीन ली थी। उनमें से पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे श्री सिंह ने बताया कि गोमिया थाना अंतर्गत होसिर ललपनिया रोड के भोलाडीह मोड़ सब्दीटांड़ के पास 11 अगस्त को पेटरवार के गल्ला व्यापारी के साथ 6/7 अज्ञात अपराध कर्मियों मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे और ओमनी वाहन को रोककर हथियार का भय दिखाकर और मारपीट कर पैसा छीन लेने की घटना की थी। इस संबंध में पीड़ित गल्ला व्यापारी सुशील कुमार अग्रवाल के बयान के आधार पर गोमिया थाना में अज्ञात छह-सात अपराध कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस अधीक्षक बोकारो के द्वारा इस कांड के उद्भेदन हेतू पुलिस निरीक्षक गोमिया अंचल महेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एस आई टी का गठन किया गया। एस आई टी टीम द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो वशिष्ठ नारायण सिंह के निर्देशन में उक्त कांड का उद्भेदन हेतू संदिग्ध अपराध कर्मियों के विरुद्ध छापामारी की जा रही थी। छापामारी के कर्म में गुप्त सूचना के आधार पर 22 अगस्त की संध्या सादम इंटेक वेल ग्राउंड के पास से मंसुर राय उर्फ मंजूर राय उर्फ खातिर राय उर्फ डेंजर और महेंद्र ठाकुर को अवैध अग्निशस्त्र एवं घटना के प्रयुक्त सफेद ब्लू रंग का अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

छापेमारी

सुरक्षाबलों की अवैध कोयला की छापेमारी

# 8 टन अवैध कोयला सहित दस बाइक व सोलह साइकिल जप्त





राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा :** बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद भी अवैध धंधेबाजो की करस्तानी बदस्तूर जारी है। छापेमारी में आयेदिन बरामद हो रहे लोहा, कोयला, मशीनरी के बाद भी आखिर अवैध धंधेबाजो पर लगाम क्यों नहीं लग पा रहा है? बड़ा सवाल है। इसपर कारगर रूप से अंकुश लगाने के लिए शायद कोई एक पक्ष में इच्छा शक्ति की कमी है। जिसे दूर करने की जरूरत है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कथारा क्षेत्र के सुरक्षा गश्ती दल ने 22 अगस्त को कोलियरी क्षेत्र में छापा मार कर लगभग 8 टन अवैध कोयला सहित दस बाइक व सोलह साइकिल बरामद किया। गश्ती दल को देखकर कोयला चोर कोयला छोड़कर फरार हो गए। छापेमारी कथारा क्षेत्र के स्वांग तथा जारंगडीह में चलाया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि 22 अगस्त के अहले सुबह कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता के निर्देश पर छापेमारी की गई।

छापेमारी के क्रम में सुरक्षा टीम ने स्वांग कोलियरी क्षेत्र से बाइक व साइकिल से ले जा रहे लगभग 6 टन अवैध कोयला को जब्त किया गया, जबकि इस क्रम में 8 बाइक (स्कूटर व मोटरसाइकिल) तथा 10 साइकिल बरामद किया गया।उन्होंने बताया कि बरामद बाईक को स्थानीय थाना के सुपुर्द कर दिया गया, वही साइकल को महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में रखा गया है। जबकि बरामद कोयले को स्वांग कोलियरी प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया गया है। क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी गुप्ता ने बताया कि यहां कोयला ले जा रहे चोरों का दल सुरक्षाकर्मियों की टीम को देखकर मौके से कोयला सहित बाइक व साइकिल छोड़कर फरार हो गए।गुप्ता के अनुसार क्षेत्र के जारंगडीह कोलियरी में की गई छापामारी में 2 टन अवैध कोयला सहित दो बाइक तथा छह साइकिल बरामद किया गया।





बाइक व साइकिल को क्षतिग्रस्त कर महाप्रबंधक कार्यालय ले जाया गया, जबकि बरामद कोयले को जारंगडीह कोलियरी के सुपुर्द कर दिया गया।इस छापामारी दल में क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी गुप्ता के अलावा क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी एएसएसआई इबरार हुसैन, एएसएसआई नागेश्वर नोनिया, हेड सिक्योरिटी गार्ड संजय कुमार दास, एचएसजी राजकुमार, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के सशस्त्र बल के जवान आदि शामिल थे।

### डाड़ी सीओ को बीडीओ ने सौंपा कार्यभार



**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष गुप्ता का तबादला सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चतरा जिला के पद पर हुआ है। प्रखंड के कर्मियों,मुखियाओं के द्वारा बीडीओ संतोष गुप्ता की विदाई समारोह का आयोजन सह सीओ निशात अंबर को बीडीओ के रूप में स्वागत किया गया।इस दौरान बीडीओ संतोष गुप्ता द्वारा अंचलाधिकारी निशात अंबर को बीडीओ का कार्यभार सौंपा गया।विदाई की बेला सचमुच बहुत ही दुखदायी होती है।बीडीओ संतोष गुप्ता अपने कार्यों के प्रति काफी सजग थे।उनमें दयालुता तथा कड़ाई से कार्य संपन्न कराना उनकी आदत में बेशुमार था।कार्य के प्रति कोताही उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं था।उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा गिफ्ट देकर विदाई दी गई।साथ ही सीओ निशात अंबर को बीडीओ के रूप में बुके देकर स्वागत किया गया।हाल ही में बीडीओ संतोष गुप्ता द्वारा पंचायत चुनाव को जिस शांति पूर्ण तरिके से संपन्न कराया गया।इसलिए उनके कार्य को देखकर उन्हें तोहफा के रूप में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के रूप में चतरा जिला में पदस्थापित किया गया।इस मौके पर डाड़ी मुखिया लखनलाल महतो,लक्ष्मी देवी,कविता सिंह, कर्मी देवेंद्र कुमार,रवि कुमार नायक,अजित तिवारी, मो। आयात,प्रभु नारायण, अप्पू कुमार सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

बच्चों के बीच मुखिया ने किया यूनिफॉर्म, जूता- मोजा व अन्य किट का वितरण

## मुखिया ने अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों को केंद्र भेजने की अपील की



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के गिद्दी पंचायत 'क' स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1(214)में बच्चो के बीच यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्कुल बैग, वाटर बोतल और साबुन,कोलगेट, ब्रश-जीभी कंघी हैंकि आदि का वितरण मुखिया श्रीमती कविता सिंह द्वारा किया गया।मुखिया कविता सिंह ने बताया कि इस आंगनबाड़ी की हालत काफी खराब थी।काफी प्रयास के बाद इसे मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया।मॉडल केंद्र बन जाने से इसमें कुर्सी खिलौना ० अन्य सुविधा से परिपूर्ण कर दिया गया है।मुखिया श्रीमती सिंह ने मौजूद अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र में भेजने की अपील की है।ताकि सरकारी सुविधा का लाभ उठाया जा सके।इस मौके पर सेविका हेमंती हांसदा, सहायिका गीता देवी, काजल देवी, किरण देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थी।

## डुमरी विधानसभा उप निर्वाचन को लेकर मुख्य निर्वाची पदाधिकारी सह सचिव ने की समीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** बीते देर शाम सीसीएल ढोरी के चपरी गेस्ट हाउस सभागार में मंगलवार शाम मुख्य निवार्ची पदाधिकारी सह सचिव के रवि कुमार ने 33. डुमरी विधानसभा उप निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, कार्मिक कोषांग की वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्तीश्री आदि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य निवार्ची पदाधिकारी सह सचिव के रवि कुमार ने क्रमवार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री प्रियदर्शी आलोक से सामान्य, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों, आदर्श मतदान केंद्र, पिंक मतदान केंद्र आदि की जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की बात कहीं। मुख्य निवार्ची पदाधिकारी सह सचिव (मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग) ने मतदान केंद्रों के वेबकास्टिंग, विडीयोग्राफी/सीसीटीवी, सैडो एरिया आदि के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त से जानकारी ली जरूरी दिशा - निर्देश दिया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कम वोटिंग वाले मतदान बूथों को चिन्हित कर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधि आयोजित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में मुख्य निवार्ची पदाधिकारी सह सचिव ने जिला में विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 (एसएसआर) को लेकर भी चल रहे हाउस टू हाउस सर्वे की प्रगति की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिया। मौके पर एमसीसी के नोडल पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो शैलेस कुमार, पीडब्ल्यूडी कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती मेनका, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वंदना सेजवलकर, कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, नावाडीह प्रखंड के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अशोक सिन्हा, बीडीओ नावाडीह श्री प्रशांत,चंद्रपुरा प्रखंड के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ श्रीमती रेणुबाला, अंचलाधिकारी चंद्रपुरा संदीप कुमार, स्वीप एवं मीडिया कोषांग के नोडल अविनाश कुमार, एसडीपीओ वी एन सिंह, संबंधित थानों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

डुमरी उपचुनाव को लेकर राजनीतिक तापमान गर्म

## आजसू और भाजपा गठबंधन ने झोंक दी है अपनी पूरी ताकत

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** डुमरी विधानसभा के नावाडीह विनोद बिहारी महतो स्टेडियम में भाजपा की ओर से जनसभाका आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता बोकारो जिला भाजपा के जिलाध्यक्ष भरत यादव ने किया।पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर



हमला करते हुए कहा कि झामुमो की सरकार साढ़े तीन साल से सिर्फ कमाई करने में लगी हुई है। झारखंड के संसाधनों को लूटने वाली ठगबंधन सरकार ने परिवारवाद की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए डुमरी में भी ऐसे व्यक्ति को जनता के उपर थोपा है। डुमरी के जनता से अपील करते हुए कहा कि, झारखंड की जनता से कहना चाहता हूं कि ह्यकमाने वाले को नहीं बल्कि काम करने वाले कोह्न अपना प्रतिनिधि चुने। मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद व डुमरी उपचुनावों के प्रभारी आदित्य साहू ,सासंद चन्द प्रकाश चौधरी,16 वी लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय एवं एनडीए गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेता, विधायक एंव कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

## तुलसीदास सन्त ही नहीं एक क्रांतिकारी युग-द्रष्टा भी थे : प्राचार्य

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ:** कोयलांचल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आज प्रातःकालीन वंदना सभा में सन्त तुलसीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा सन्त तुलसीदास के चित्र पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने भैया-बहनों को अपने संबोधन में कहा कि महाकवि तुलसीदास सन्त ही नहीं बल्कि एक क्रांतिकारी युगद्रष्टा तथा समाज सुधारक थे। उनकी रचना रामचरितमानस जन-जन में प्रिय है। इस अवसर पर विद्यालय में प्रांतीय सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा-द्वितीय एवं तृतीय के लिए सुलेख, चतुर्थ-पंचम के लिए चित्रकला तथा षष्ठ से द्वादश के लिए निर्धारित अलग-अलग विषयों पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों का चयन कर प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा। सन्त तुलसीदास जयंती के शुभ अवसर पर आज विद्यालय के कक्षा सप्तम के भैया शिवम कुमार जिन्होंने 34 वाँ क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता जिसका आयोजन 21-22अगस्त 2023 को सरस्वती विद्या मंदिर जमालपुर,बिहार में हुआ था, उसमें रिथमिक योगा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

## दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर कथारा चार नंबर के प्रांगण में सदस्यों की हुई बैठक

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा:** दुर्गा मंडप कथारा चार नंबर के प्रांगण में स्थानीय लीगो की बैठक हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2024 में भी दुर्गा पूजा का आयोजन पूरे वैदिक रीति व धूमधाम से मनाने को लेकर निर्णय किया गया। इसकी अध्यक्षता श्याम नंदन मंडल, देवेंद्र यादव तथा तापेश्वर चौहान ने संयुक्त रूप से किया। जबकि संचालन विजय यादव के द्वारा किया गया। यहां तापेश्वर चौहान ने कहा कि करीब 5 दशक के लंबे अवधि से यहां पूजा का आयोजन होता रहा है। वही बीते 5-6 वर्षों से यहां की दुर्गा पूजा की सुव्यवस्था तथा भव्यता बेरमो कोयलांचल में अहम स्थान रखता



आ रहा है। यहां सर्वसहमति से सचिव के लिए अजय कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर प्रसाद का चयन किया गया।

पूजा के मद्देनजर सातवीं बार लगातार अजय और चन्द्रशेखर को जवाबदेही देने का कार्य हुआ है। यहां सचिव श्रीसिंह ने कहा कि बीते 22 अगस्त को यहां आयोजित पहली बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया है। पूरे समिति के सदस्य मिलकर पूरे वैदिक रीति से पर्व को आयोजित करने की सहमति व्यक्त की है। इस अवसर पर वेदव्यास चौबे, मथुरा सिंह यादव, एमएन सिंह, प्रदीप यादव, चन्द्रदेव यादव, देवेंद्र यादव, विजय यादव, सूर्यकान्त त्रिपाठी, गुप्तेश्वर पांडेय, मुकेश गिरि, संतोष सिन्हा, सुजीत मिश्रा, कपिल यादव, लाल यादव, बच्चु राम, देवाशीष आस, सोनू मिश्रा, नागेश्वर नोनिया, सुरेश राम, संतोष राम गौड़,आनंद मास्टर, कुंवर प्रताप सिंह, विजय नायक, पंचराम,भीखम, महेश्वर मांझी, सतेंद्र चौहान,भोला सोनी, शंकर सोनी, बिन्देश्वरी नोनिया, हीरालाल गुप्ता आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**पूजा समिति में सर्वसम्मति से चयन किए गए पदाधिकारी इस प्रकार हैं।**

संरक्षकः- डीके गुप्ता महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र

उपसंरक्षकः-एके सिंह विभागाध्यक्ष असैनिक, कथारा क्षेत्र

अध्यक्षः- विजय कुमार परियोजना पदाधिकारी कथारा वाशरी

कार्यकारी अध्यक्षः- बीके साहू परियोजना पदाधिकारी कथारा कोलियरी

उपाध्यक्ष तपेश्वर चौहान, मथुरा सिंह यादव, प्रदीप यादव,सूर्यकांत त्रिपाठी, देवेंद्र यादव

सचिवः- अजय कुमार सिंह

सहसचिवः- एमएन सिंह, विजय यादव, पप्पू चौहान, सुजीत मिश्रा

कोषाध्यक्षः-चन्द्रशेखर प्रसाद

सह कोषाध्यक्ष :- संतोष सिन्हा

इसके साथ ही कई लोग को कार्यकरणी समिति का सदस्य बनाया गया है।

स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के अंतर्गत

## विस्थापित परिवारों को घरेलू सामान बांटा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा आरएनआर कॉलोनी ढेंगा में रह रहे विस्थापित परिवारों को घरेलू सामान बांटा गया। ये सामान पकरी बरवाडीह परियोजना की नैगमिक सामाजिक विभाग के सहयोग से जागृति महिला संघ की अध्यक्षता श्रीमती ज्योति जलोटा ने 25 विस्थापित परिवारों को बर्तन, गैस चूल्हा और अन्य घरेलू सामान मुहैया करवाया। घरेलू सामान को पाकर वहां रह रहे विस्थापित परिवारों के सदस्य काफी खुश दिखाई दिए और एनटीपीसी को धन्यवाद कहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति जलोटा ने विस्थापित परिवारों की महिलाओं से अपील करते हुए कहा की आपके कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के लिए जल्द ही कम उठाए जाएंगे। आपको बता दें कि विस्थापित परिवारों के पुनर विकास एवं उत्थान के लिए एनटीपीसी प्रतिबद्ध है एवं चरणबद्ध तरीके से परियोजना के द्वारा एक के बाद एक कदम उठाए जा रहे हैं जिससे विस्थापित परिवारों को किसी भी तरह की समस्याएं ना हो। परियोजना के द्वारा इससे कुछ दिन पहले ही फ्रिज और सीलिंग फैन विस्थापित परिवारों को दिया गया था। इस बेहद खास मौके पर मुख्य अतिथि जागृति महिला संघ की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति जलोटा, एग्जीक्यूटिव, रजनीश कुमार, एग्जीक्यूटिव एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

संपादकीय

# जमीनी महंगाई पर नाराज होती जनता

लोकसभा चुनाव के पहले अपने घरों के बिगड़ते बजट की वजह से लोगों को लोकलुभावन बातों से कोई सकून नहीं पहुंच रहा है। पेट्रोल-डीजल, गैस के बाद टमाटर और प्याज जैसे मुद्दे अब सरकारी घोषणाओं पर भारी पड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि केंद्र सरकार को इसकी आंच नहीं महसूस हो रही है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मदद कर रही है। केंद्र सरकार ने यह भी संकेत दिया है कि वह कीमतों को नियंत्रित करने के लिए व्यापार नीति का उपयोग कर सकती है, और यह केंद्र द्वारा पिछले सप्ताह प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने के फैसले के बाद आया है। हालाँकि, यह मूल्य नियंत्रण की दिशा में पहला कदम नहीं था क्योंकि सरकार ने हाल ही में चावल के निर्यात और दालों जैसे कुछ अन्य खाद्य पदार्थों के भंडारण पर प्रतिबंध लगाया था। इससे पहले चावल निर्यात पर रोक भी इसी मकसद से लगाया गया था। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर जुलाई में 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर



पहुंच गई और अगस्त में केंद्रीय बैंक, आरबीआई के उच्चतम लक्ष्य से ऊपर रहने की उम्मीद है। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण दर में वृद्धि हुई है, अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून की प्रगति पर अनिश्चितता का खतरा बढ़ गया है। देश के विभिन्न हिस्सों में कम वर्षा के कारण कृषि उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। आरबीआई के अर्थशास्त्रियों के एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून न केवल खरीफ फसल के लिए बल्कि रबी फसल के लिए भी महत्वपूर्ण है। हालाँकि, मानसून का प्रभाव खरीफ की फसल के लिए भी सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें गिरावट आई है। सिंचाई के बुनियादी ढांचे में सुधार से कम वर्षा के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों की गंभीरता को कम करने में मदद मिली है। उदाहरण के लिए, चार वर्षों में सामान्य से कम वर्षा के बावजूद, 2016 के बाद से हर साल चावल और कुल अनाज उत्पादन में वृद्धि हुई है। यद्यपि मानसून पर खाद्य उत्पादन की निर्भरता का स्तर कम हो गया है, भारी वर्षा का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, 2009 में वर्षा के स्तर में 21.4 प्रतिशत विचलन के परिणामस्वरूप कुल खाद्य उत्पादन में 12 प्रतिशत की कमी आई। ध्यान दें कि मानसून की प्रगति महत्वपूर्ण है लेकिन सिंचाई सुविधाएं सभी राज्यों में समान रूप से उपलब्ध नहीं हैं। खाद्य उत्पादन कम करने की तैयारी अच्छी है, लेकिन सरकारी कार्रवाई अक्सर कृषि क्षेत्र के सर्वोत्तम हित में नहीं होती है और संभावित रूप से पर्याप्त आपूर्ति प्रक्रियाओं में बाधा डालती है। खाद्य उत्पादन की अपेक्षाकृत उच्च लागत उत्पादकों को उत्पादन बढ़ाने का संकेत देती है। लेकिन अगर सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए बार-बार निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो किसान भी उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिरिक्त निवेश करने में अनिच्छुक होंगे। ऐसा कदम वास्तव में कृषि उत्पादों के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। इसका उद्देश्य घरेलू बाजार में अल्पकालिक परिप्रेक्ष्य से कीमतों को नियंत्रित करना है। उदाहरण के लिए, अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी और अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस संदर्भ में, भारत की नीतियां उपभोक्ताओं के पक्ष में पक्षपाती रही हैं, जिससे किसानों का राजस्व और उनकी कमाई प्रभावित हो रही है। सरकार को ऐसे हस्तक्षेपों से बचना चाहिए और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ कृषि क्षेत्र का समर्थन करना चाहिए जिससे निवेश और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति पर सरकार की प्रतिक्रिया समझ में आती है। हालाँकि यह हमेशा वांछनीय नहीं है, आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के लिए चीजें अधिक जटिल हैं। समिति ने अपनी पिछली बैठक में नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखा और इसे मुख्य रूप से सब्जियों की कीमतों में वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति में अपेक्षित वृद्धि के आधार पर देखने का फैसला किया। दरअसल, आम धारणा यह है कि इस तरह के मूल्य झटके अस्थायी होते हैं और जल्दी ही उलट जाते हैं। हालाँकि, यदि कीमत का दबाव जारी रहता है तो नीतिगत कार्रवाई की आवश्यकता हो सकती है क्योंकि इसका असर उम्मीदों पर पड़ने लगता है। इस चरण में मानसून महत्वपूर्ण रहेगा। ध्यान दें कि सीपीआई के तहत खाद्यान्न की कीमतों में भी दोहरे अंक की मुद्रास्फीति देखी जा रही है। इसलिए, उम्मीद से कम खाद्यान्न उत्पादन जोखिम बढ़ा सकता है। अब अक्टूबर में होने वाली अगली एमपीसी बैठक तक तस्वीर साफ हो जानी चाहिए। दरअसल सरकार समर्थक मीडिया से भी उठते तीखे सवाल अब यह संकेत देते हैं कि लच्छेदार बातों का समय अब बीत चुका है। हर बार एक जैसी बातों का भारतीय मतदाताओं पर अब कोई असर नहीं हो रहा है। दूसरी तरफ जनता के पैसा किनके हाथों में गया है, उसका खुलासा भी सीएजी रिपोर्ट में होने लगी है।

# जिताऊ प्रत्याशियों पर दांव लगायेगी कांग्रेस



राजस्थान में कांग्रेस पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशियों पर ही दांव लगाएगी। पार्टी को जो प्रत्याशी जीतने वाला लगेगा चाहे वह कितनी भी अधिक उम्र का क्यों ना हो उसे मैदान में उतारा जाएगा। कांग्रेस का प्रयास है कि राजस्थान में लगातार दूसरी बार सरकार बना कर हर बार सरकार बदलने के मिथक को तोड़ा जाए। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अलग-अलग एंगल से सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में जीतने वाले प्रत्याशियों के लिए सर्वे करवा रहे हैं। जिस व्यक्ति का नाम भी सर्वे में उभर कर आएगा उसको ही इस बार कांग्रेस पार्टी टिकट देकर चुनावी मैदान में उतरेगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना है कि आम कार्यकर्ता से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि तक कोई भी टिकट के लिए आवेदन कर सकता है। वरिष्ठ नेता पूरी तरह से छानबीन कर अंतिम सूची में जीतने वाले नाम पर ही मोहर लगाएंगे।

जयपुर में संपन्न हुई नवगठित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की मौजूदगी में कहा था कि हम चुनाव जीतेंगे। हमने प्रदेश की जनता के भले के लिए बहुत से नए काम किए हैं तथा बहुत सी नयी योजनाएं प्रारंभ की हैं। जिससे प्रदेश की अधिकांश जनता लाभान्वित हो रही हैं। हमारे द्वारा शुरू किए गए कामों के बदौलत ही राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को फिर से जिताने का मानस बना लिया है। कांग्रेस के सभी नेता मिलजुल कर पूरी एकजुट से चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि भाजपा में आज भी अलग-अलग नेताओं के अलग-अलग गुट बने हुए हैं। ऐसे में प्रदेशवासी कांग्रेस की ही सरकार बनाने की चर्चा करने लगे हैं।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र पत्रकार

गहलोत का कहना है कि बीजेपी तो हार मान चुकी है। जबकि हम चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। बीजेपी में दिल्ली से आकर नेता चुनाव लड़ेंगे तो जनता इनसे पूछेगी कि क्या हमारे फैसले भी आप दिल्ली से बैठकर करोगे। बीजेपी की यह स्थिति है कि उनके कार्यकर्ता पूछते हैं कि हमारा नेता कौन है। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए चेहरा तक नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा तो यह चुनाव से पहले हार मानने की स्थिति में आ गए हैं। जनता इस बात का एहसास कर रही है।

जयपुर में कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में युवा हो या बुजुर्ग हो टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा। गहलोत का मानना है कि कर्नाटक चुनाव में 90 साल के व्यक्ति को भी टिकट दिया गया था जो चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि उदयपुर चिंतन शिविर के घोषणापत्र का पालन टिकटों में नहीं होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को टिकटों में प्राथमिकता देने की जगह जिताऊ का मापदंड रहेगा।

कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशियों के टिकट जल्दी से जल्दी तय करना चाहती है। कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने से पहले प्रत्याशियों के नाम तय कर देना चाहते हैं। इसको लेकर ब्लाक कमेटियों से लेकर प्रदेश स्तर पर गठित चुनावी समितियों की बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और पार्टी नेताओं ने टिकटों के पैनल पर काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के सभी 25 लोकसभा सीटों पर गुजरात, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के 25 विधायकों को पार्टी पर्यवेक्षक बनाकर जिलों में भेजा गया था। इन 25 पर्यवेक्षकों में से हर एक को लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा सीटों का फीडबैक लेने का काम दिया गया था।

सभी पर्यवेक्षकों ने जिलों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को का आयोजन कर विभिन्न नेताओं से पार्टी के संभावित प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक लिया तथा पार्टी की टिकट चाहने वालों के बायोडाटा भी एकत्रित किए हैं। सभी पर्यवेक्षको ने जयपुर लौटकर अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा को सौंप दी है। इसके अलावा इसके अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों से भी राय मांगी जाएगी। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत भी चुनाव को लेकर पूरे आक्रामक मूड में है। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने अपने नजदीक माने जाने वाले कांग्रेस नेताओं को जमकर फटकार लगाई।

विधायक रघु शर्मा ने जब जातिगत जनगणना के फैसले पर सवाल उठाते हुए इससे चुनावों में नुकसान होने की आशंका जताई तो गहलोत ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि तुम तो नेशनल लीडर हो। राहुल गांधी से ही सीधी बात क्यों नहीं कर लेते। आपको पता है यह हमारी पार्टी का नेशनल स्टैंड है और आप इस तरह की बात कह रहे हो। कर्नाटक में राहुल गांधी ने बोला था। बाकी जगह भी कांग्रेस का यही स्टैंड है।

बैठक में पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने आदिवासी इलाके मानगढ़ की सभा में एसटी आरक्षण की जगह ओबीसी आरक्षण पर घोषणा करने को पार्टी के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर सवाल उठाए। रघुवीर मीणा के सवाल उठाने पर गहलोत ने कहा कि मुझे पता है कहां क्या घोषणा करनी है। मुख्यमंत्री सबका होता है मेरी प्राथमिकता सब लोग हैं। कोई बात कहां रखनी है मैं मुख्यमंत्री हूं इतना तो जानता ही हूं। अब तो सलूंबर को जिला बना दिया और आपके चुनाव जीतने का रास्ता साफ कर दिया है। फिर भी यह बात बोल रहे हो। बैठक के दौरान खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी के आरोपों पर आक्रामक होने की सलाह दी तो गहलोत ने खाचरियावास पर भी तंज कसते हुए कहा कि खाचरियावास बोलते-बोलते पता नहीं कौन सा ट्रैक पकड़ कर क्या बोल जाते हैं। केसी वेणुगोपाल जी अनुशासन के मामलों में कार्रवाई करने में थोड़ा वक्त लगाते हैं। अगर इनकी जगह मैं होता तो बता देता।

# मृदुल वचन

डॉ राकेश कुमार सिन्हा'रवि'

हंसता हुआ मन और खिलता हुआ चेहरा फिर मुंह से निकली हुई वाणी...सचमुच मधुर तो होगी ही, मनमोहक भी।कहा जाता है आदमी कहीं भी कुछ काम करता है सब में उसकी वाणी का प्रत्यक्ष प्रभाव होता है और मनुष्य की वाणी उसकी आन्तरिक पहचान से जुड़ी होती है।जैसा रूप वैसी बोली।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तीन बंदरों में बीच का बंदर वाणी से ही जुड़ा हुआ है बुरा मत बोलो... कहने का मतलब, हम जो भी बोलें सही बोले, जरूरत रहने पर बोलें और कड़वा बोलने से बचें।कई अर्थों में वाणी हम सबके पास मौजूद वह दवाई है जिससे हम अपनी जीवन पथ से कितने भी समस्या भरे रोगों का निदान और समाधान सहज में कर सकते हैं और यह जीने की कला का एक अच्छा उदाहरण कहा जा सकता है।हम सबको अपनी वाणी को वाण नहीं वीणा बनाना चाहिए।वीणा से जीवन संगीत की तरह मधुर होगा और वाणी अगर वाण बन गया तो जीवन में सदा संग्राम होने का प्रबल भाव बना रहेगा। जीवन में मृदुल वचन बोलने वालों के आधी परेशानियां तो ऐसे ही समाप्त हो जाते हैं और उनका काम सहज में बन जाता है।संत तिरूवल्लुवर कहते हैं हंसी मजाक में भी कड़वे वचन आदमी के दिल में चुभ जाते हैं।देखना और सुनना इन दोनों के बीच की कड़ी है बोलना।ध्यान देने की बात है कि देखने के लिए हम सबको दो-दो आंखें मिली हैं और सुनने के लिए भी दो-दो कान हैं लेकिन बोलने के नाम पर सिर्फ एक मुंह।अन्तर स्पष्ट हमें देखना और सुनना ज्यादा है बोलना कम है। बोलने के साथ सुनना का संबंध अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है।हम सभी बोलते हैं, अच्छी बात है।सभा समारोह में वक्ताओं को बोलने के लिए आमंत्रित किया जाता है लेकिन वक्तागण दूसरे सभी वक्ता को सुनते जरूर हैं।अच्छा बोलने के लिए हमें गंभीरता के साथ सुनना आवश्यक है।घर बाहर में ही नहीं, सभा समारोह में भी सुनने के बाद बोलने का भाव अर्थपूर्ण होता है और इसके साथ अपनी वाणी की स्पष्टता, सहजता और मधुरता का प्रयोग प्रस्तुति में बेशक चार चांद लगा देता है। संत हाफिज कहते हैं कि अगर तुम दुनिया में बहुत कुछ सीख गए लेकिन बोलना नहीं आया तो समझो तो कुछ नहीं सीखा।सचमुच बोली या हमारी वाणी एक ऐसी कला है जो सभी कलाओं के शिखर पर विराजमान है।

साहित्य

# बेलगाम पशुओं के हमलों से मरते लोग, सरकार मूकदर्शक



**निर्मल रानी**
साहित्यकार

कुत्ते,गाय व सांड तो पहले भी हमारे देश की 'सड़कों की शोभा' बढ़ाते रहते थे। परन्तु विगत दस वर्षों में इनकी संख्या में कई गुना इजाफा हो गया है।जहां 'पेट लवर्स ' नाम का एक वर्ग जो चाहे खुद अपने घरों में कुत्ते पाले या न पाले परन्तु वह गलियों,सड़कों व स्टेशन के आवारा कुत्तों की तरफदारी करता या कभी कभी इन्हें रस्क,रोटी, बिस्कुट आदि खिलाता जरूर दिखाई देता है। परन्तु जो पेट लवर होने के बजाय मानवीय संवेदनाओं को अधिक तरजीह देता है और इंसान के दुख सुख को समझता है वह इन आवारा कुत्तों से भयभीत रहता है। शायद ही देश का कोई शहर ऐसा हो जहां आवारा कुत्ते द्वारा रोजाना किसी न किसी को काटे जाने व घायल करने की घटनायें न होती हों। इसी तरह सड़कों पर बेलगाम टहलने वाले गाय,बछड़े व सांडों की संख्या भी पहले से कई गुनी हो चुकी है। शहरों से लेकर गांव तक, सड़कों गलियों,चौराहों, राजमार्ग, एक्सप्रेसवे कहीं भी चले जायेंगे सांड व बछड़ों की भरमार देखने को मिल जाएगी। कुत्तों से ज्यादा खतरा इन सांडों व गायों से पैदा हो गया है। यह आये दिन होने वाले सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। अक्सर इनके सड़कों पर बैठे रहने या सांड युद्ध होने की वजक से सड़कों पर जाम भी लगा रहता है। यह रास्ता चलते लोगों को सींग मार देते हैं। कभी कभी तो यह इतना आक्रामक हो जाते हैं कि इंसान की जान तक ले लेते हैं। सड़कों गलियों में जगह जगह गाय सांड के गोबर पेशाब फैले रहते हैं। चतुर राजनीतिज्ञों ने धार्मिक महत्व का पशु होने के नाते गाय व सांड के मुद्दे को लेकर समाज को भी दो हिस्सों में विभाजित कर दिया है। एक वह वर्ग है जो अपने दरवाजों पर बुलाकर गाय व सांड को रोटी आदि खिलाता है। या किसी निर्धारित स्थान पर चारा आदि डाल देता है। तो दूसरा वर्ग वह है जो इन जानवरों से होने वाले किसी नुकसान को लेकर सजग रहता है। परन्तु दरअसल 'पुण्यार्थियों' द्वारा इन्हें खिलाने की वजह से ही यह बार बार उसी द्वार या स्थान पर जाते हैं जहाँ से इन्हें कुछ मिलता है। कभी कभी ऐसा भी होता है कि यदि किसी कारणवश दैनिक गऊ ग्रास डालने वाले किसी गऊ भक्त ने एक दिन इन्हें रोटी नहीं डाली या उस घर पर उस दिन कोई मौजूद नहीं है तो यह सींग से उसका गेट हिलाती रहती हैं। कई बार तो खिलाने वाले पर ही हमलावर भी हो जाते हैं। इन गौ ग्रास डालने वाले पुण्यार्थियों की इसी दैनिक प्रवृत्ति का लाभ तमाम चतुर व शातिर गोपालक भी उठाते हैं। वे सुबह सवेरे गाय का दूध निकाल कर अपने पशुओं को घर से बाहर निकाल देते हैं। और बेचारी गौ माता दिन भर दर दर की ठोकरें खाती रहती है और दरवाजे दरवाजे जाकर एक एक रोटी के लिये तरसती रहती है। परन्तु वही गाय शाम को फिर अपने घर वापस पहुंचकर उसी 'निर्दयी ' पशुपालक को दूध देती है। गऊ का दूध दोहन करने के बाद पेट भरने के लिये गाय को दर दर भटकाने वाले लोग भी तो आखिर गाय को माता ही मानते हैं? ऐसे लोग क्या कभी अपनी मां को भी दर दर जाकर भीख मांग कर खाने के लिये घर से बाहर निकाल सकते हैं ? साफ है कि या तो ऐसे लोगों का गाय को माता कहना ढोंग और पाखण्ड है या फिर इनकी नजरों में मां का सम्मान ही यही है ? पिछले दिनों तो उत्तर प्रदेश विधान सभा में सांड गाय व अन्य पशुओं से होने वाले नुक़सान को लेकर सत्ता और विपक्ष के मध्य बहस छिड़ी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश विधान सभा में नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा में सड़कों व खेतों में बेलगाम फिरने वाले आवारा पशुओं का मुद्दा उठाते हुये योगी सरकार पर निशाना साधा।

**नेता विपक्ष ने तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह भी पूछा कि क्या सड़कों पर सांड घुमते हुये उत्तर प्रदेश से ही 1 ट्रिलयन डॉलर की इकोनॉमी का सपना पूरा होगा? उन्होंने यहाँ तक कहा की अगर मुख्यमंत्री से कुछ नहीं हो सकता है तो कम से कम गोरखपुर में 'सांड सफारी' ही बना लें।**

जानकारी

# झारखण्ड का फेमस टूरिस्ट प्लेस हजारीबाग

झारखंड राज्य का मशहूर पर्यटन स्थल हजारीबाग झारखण्ड राज्य की राजधानी रांची से लगभग 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। हजारीबाग पर्यटन स्थल घने जंगलों, रॉक संरचनाओं, सुन्दर सुन्दर झीलों और प्राकृतिक आकर्षण का खूबसूरत दृश्य प्रस्तुत करता हैं। हजारीबाग के प्रमुख आकर्षण में कैनेरी हिल, रजरप्पा मंदिर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी आदि शामिल हैं।



# iPhone चार्जिंग के समय उसके पास बिल्कुल न सोएं, Apple की चेतावनी!




Apple ने साफतौर पर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यूजर को फोन चार्ज होते समय उसके पास नहीं सोना चाहिए।

आपने कई बार सुना होगा फोन चार्जिंग पर लगाकर पास सोते समय हादसा हो गया। इस बारे में कई स्टडी भी सामने आ चुकी हैं जो कहती हैं कि चार्जिंग होते समय फोन के पास सोना खतरे से खाली नहीं है। यह हादसे का कारण बन सकता है, और साथ ही स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है। Apple ने भी अब इसे लेकर साफतौर पर चेतावनी जारी कर दी है। आइए जानते हैं कंपनी ने कौन सी हिदायतें दी हैं। iPhone बनाने वाली Apple ने साफतौर पर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यूजर को फोन चार्ज होते समय उसके पास नहीं सोना चाहिए। इसमें खासकर उन लोगों के लिए चेतावनी दी गई है जिनको फोन चार्जिंग पर लगाकर इस्तेमाल करने या ऐसी ही हालत में उसके पास सो जाने की आदत है। यह चेतावनी एपल के ऑनलाइन यूजर गाइड में दी गई है। इसमें कहा गया है कि iPhone को केवल ऐसे वातावरण में चार्ज करना चाहिए जिसमें हवा आने-जाने की सुविधा हो, और फोन के नीचे कोई फ्लैट सरफेस हो जैसे टेबल आदि। यानि कि फोन को किसी कंबल, चादर या अन्य किसी ऐसी चीज, या शरीर पर रखकर चार्ज नहीं करना चाहिए।

एडवाइजरी में कहा गया है कि चार्जिंग के दौरान iPhone गर्मी पैदा करता है। अगर इस गर्मी को निकलने की जगह नहीं मिलती है तो इससे जलने, या आग लगने का खतरा पैदा हो सकता है। साथ ही कहा गया है कि तकिए के नीचे रखकर फोन चार्ज करना सबसे घातक हो सकता है। यह कंपनी ने फोन चार्ज करने का सबसे असुरक्षित तरीका बताया है। मुख्य मैसेज में कंपनी ने कहा है- पावर सोर्स से कनेक्टेड होने की स्थिति में डिवाइस, पावर एडेप्टर, वायरलेस चार्जर पर सोए नहीं। उन्हें कंबल, तकिए के नीचे न रखें। iPhone, पावर एडेप्टर, और वायरलेस चार्जर को किसी हवादार जगह पर रखें।

## टॉप ट्वीट





जेलर का विदेश में कुल कलेक्शन दो करोड़ डॉलर (166.31 करोड़ रुपये) हो गया है। इसने Joseph Vijay की फिल्म 'Beast' के 153 करोड़ रुपये से अधिक के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है।

**रजनीकांत, अभिनेता**

'कौन बनेगा करोड़पति-15' को पहले से कठिन और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं। इस सीजन में 'सुपर संदूक' को जोड़ा गया है, जो प्रतियोगी को जो कुछ भी उन्होंने खोया है, उसे फिर से हासिल करने का मौका देगा।

**अमिताभ बच्चन, बॉलीवुड अभिनेता**

संपादक के नाम पत्र

# सनी देओल ने बैंक के 56 करोड़ रुपए का लोन नहीं चुकाया



घायल, घातक, गदर, गदर 2 जैसी कई लोकप्रिय फिल्मों में लाजवाब अभिनय से लोकप्रिय हुए फिल्म अभिनेता सनी देओल ने बैंक के 56 करोड़ रुपए का लोन नहीं चुकाया । इस हो हल्ले के बाद उन्होंने राजनीति से भी तौबा कर ली है । अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे । दुख इस बात का कतई नहीं है कि उन्होंने बैंक से कर्ज लिया, गम तो इस बात का है कि उन्होंने एक किस्त भी नहीं चुकाई, (खबरों के मुताबिक) । जबकि केवल फिल्मों में ही नायक वाली छवि नहीं दिखनी चाहिए, बल्कि सार्वजनिक जीवन भी नायक होकर आदर्शवादी होना चाहिए । क्योंकि इन हीरो हीरोइन के न केवल अनगिनत प्रशंसक होते हैं, बल्कि उन्हें अपना आदर्श (रोल मॉडल) मानते हैं । जब नायक ही आदर्शों व नैतिकता को तिलांजलि देते हुए खलनायक जैसा व्यवहार करें तो देश की जनता व प्रशंसकों का दिल टूटना स्वाभाविक है । ये कैसे नायक है जो आदर्श की मिसाल पेश करने में नाकामयाब होते हैं । जबकि सनी देओल से ऐसी उम्मीद नहीं थी । यह नसीहत लेने वाला प्रकरण है । अन्यथा विजय माल्या, मेहुल चौकसी, नीरव मोदी व सनी में क्या फर्क रह जाता है ? बस देश छोड़कर नहीं गए !

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत' खाचरोद उज्जैन**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### बीडीओ को सौंपा इचाक की पवित्र मिट्टी

**इचाक :** इचाक मेरी माटी मेरी देश अभियान के तहत ईचाक प्रखंड के 19 पंचायत 9 अगस्त से 15 अगस्त पवित्र मिट्टी को संग्रह कर अमृत कलश बनाया गया। अमृत कलश को प्रखंड विकास पदाधिकारी रिंकू कुमारी ने नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक गुलशन कुमार और सोनू कुमार को सम्मान पूर्वक सौंप दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### आध्यात्मिक दर्शन मेला के समापन समारोह में पहुंचे सदर विधायक

**हजारीबाग :** हजारीबाग प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के मटवारी स्थित गांधी मैदान परिसर में अयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक दर्शन मेला के समापन के अवसर बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। यहां ब्रह्माकुमारी बहनों ने विधायक मनीष जायसवाल सहित श्रद्धानंद सिंह के कलाई में रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन की पवित्र त्यौहार की अग्रिम बधाई दी। इस भव्य आयोजन में स्थानीय श्रद्धालु केदारनाथ, सोमनाथ, महाकालेश्वर, बैधनाथ, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर, विश्वनाथ, मल्लिकार्जुन, ओंकारेश्वर, रामेश्वर, भीमाशंकर व नागेश्वर आदि 12 ज्योतिर्लिंगों का एकसाथ दर्शन कर पाएं। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की ब्रह्माकुमारी सनातन धर्म- संस्कृति के लिए मानव कल्याण के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान का लौ समाज में प्रज्वलित करने का सकारात्मक कार्य कर रही है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एसबीएम टीटीसीब में एक सप्ताह फैकेल्टी विकास कार्यक्रम का तीसरा दिन

**हजारीबाग :** हजारीबाग फैकेल्टी विकास कार्यक्रम के तीसरे दिन की शुरूआत डॉमृत्युंजय प्रसाद-प्राध्यापक (शिक्षा विभाग), विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, डॉ समाप्ति पाल - सचिव, एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, शिशिर शाब- सदस्य, महाविद्यालय प्रबंधन समिति, डॉ अरविन्द कुमार यादव - प्राचार्य, जीबी टीटीसी, डॉ मुन्शी लाल यादव -समन्वयक , आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, स्वामी धर्मबंधू शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हजारीबाग एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशिकान्त यादव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता डॉ मृत्युंजय प्रसाद-प्राध्यापक (शिक्षा विभाग), विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग को महाविद्यालय के सचिव, डॉ0 समाप्ति पाल ने शाल एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। विषय प्रवेश कराते हुए प्राचार्य डॉ शशिकांत यादव ने अनुसंधान के महत्व एवं उद्देश्य को बताते हुए दैनिक जीवन में अनुसंधान के अंतर्गत निदर्शन के महत्व को ध्यान में रखते हुए कैसे शोधार्थी को अपने शोध में निदर्शन के प्रयोग को करना चाहिए बताते हुए किया। फैकेल्टी विकास कार्यक्रम के तीसरे-दिन मुख्य वक्ता डॉ मृत्युंजय प्रसाद ने निदर्शन और निदर्शन की प्रविधियां विषय को व्याख्यायित करते हुए बताया कि अनुसंधान मनुष्य का स्वाभाविक गुण है । उसके संवर्धन अर्थात परिष्करण एवं पल्लवन के लिए अनुसंधान शास्त्र का विकास हुआ है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निदर्शन का उपयोग होता है। अनुसंधान शिक्षक-छात्र दोनों के नवाचार के मार्ग प्रशस्त करता है।

**योजना** झारखंड को अपनी कुल ऊर्जा में प्राकृतिक गैसों का योगदान बढ़ाने में मिलेगी मदद

# सूबे में बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित हो: दीपक

- बायो-सीएनजी प्लांट लगने से कचरे का निपटारा
- ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी के साथ रोजगार सृजन होगा
- हजारीबाग में जैव सीएनजी संयंत्र की होगी स्थापना

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों व पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिख कर झारखंड़ के राजधानी रांची सहित अन्य शहरों यथा जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो,हजारीबाग, दुमका, मेदिनीनगर व चाईबासा में बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित करने का आग्रह किया है।

प्रकाश ने अपने पत्र में लिखा कि सीबीजी को विश्व स्तर पर हरित ईंधन के रूप में मान्यता प्राप्त है। आनेवाले दिनों में बायो - सीएनजी भारत के भविष्य का ईंधन बन सकता है। जो न केवल भारत के प्राकृतिक गैसों के आयात पर आने वाले खर्च को कम कर सकता है बल्कि देश में कचरे से निपटने में भी मदद कर सकता है।

प्रकाश ने झारखंड़ में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता को देखते हुए झारखंड़ में बायो-सीएनजी प्लांट की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने लिखा है कि बायो-सीएनजी प्लांट लगने से कचरे का निपटारा और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी साथ ही साथ रोजगार सृजन का नया आयाम स्थापित होगा। प्रकाश ने अपने पत्र में लिखा है कि झारखंड में रांची, जमशेदपुर,धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, दुमका, मेदिनीनगर व चाईबासा में जैव - सीएनजी संयंत्र की स्थापना होने से यह परियोजना अन्य शहरों के लिए प्रेरणा का काम करेगी, साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत कई शहरों में भूमि के विशाल हिस्से से कचरे के ढेर को हटाने का प्रयास भी होगा।

साथ ही संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) के उपयोग से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, किसानों की आय, मवेशी पालने वाले ग्रामीणों की आय के स्त्रोत और उद्यमिता बढ़ाने के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में सार्थक सिद्ध होगा। साथ ही झारखंड़ को अपनी कुल ऊर्जा में प्राकृतिक गैसों का योगदान बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## सदर विधायक ने लाखे मंडप बगीचा के लिए भेंट किया माइक सेट

राष्ट्रीय खबर फोटो 005

**हजारीबाग :** हजारीबाग पवित्र महीना सावन के उपलक्ष्य में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 स्थित ग्राम लाखे स्थित लाखे मंडप के लिए स्थानीय लोगों के आग्रह पर बुधवार को माइक सेट भेंट किया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन करने वाले दर्जनों महिला श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता सह समाजसेवी रोहित राम विधायक सेवा कर्यालय पहुंचे और लाखे बगीचा स्थित मंदिर परिसर के जमीन को मुक्त कराने का आग्रह किया साथ ही मंदिर के लिए एक माइक सेट उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और भाजपा नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद बबन गुप्ता ने लाखे बगीचा स्थित मंडप पहुंचकर श्रद्धालुओं को माइक सेट सौंपा। विधायक मनीष जायसवाल की ओर से दिए गए इस माइक सेट में एम्प्लीफायर और चोंगा युक्त माइक सेट उपलब्ध है। लाखे वासियों ने विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए इस भेंट के लिए खुशी जताई और उनके प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता रोहित राम, सरिता देवी, सुनीता देवी, देवंती देवी, मालती देवी, दीपक पासवान, बिंदिया देवी, मालती देवी, अनीता देवी, मालती देवी, सीता देवी सहित अन्य लोगों ने भगवत जयकारा के साथ विधायक मनीष जायसवाल जिंदाबाद के खूब नारे- जयकारे भी लगाए।

## कर्णपुरा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया भौगोलिक स्थल को भ्रमण



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय भूगोल विभाग के सौजन्य से सेमेस्टर 6 सत्र 2020-2023 के विद्यार्थियों को चतरा जिले में स्थित भद्रकाली मंदिरतमासिन जलप्रपात तथा हजारीबाग जिले के रामगढ़ राज के पद्मा किला का भौगोलिक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसका नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो रंजीत प्रसाद द्वारा किया गया जिन्होंने कहा कि भौगोलिक भ्रमण से विद्यार्थियों को भूगोल समझने में सहायता मिलती है वे प्राकृतिक स्थलाकृति प्राकृतिक वनस्पति जीव जंतु तथा पर्यावरण को समझने में सहायता मिलती है। प्राचार्य कृतिनाथ महतो ने भ्रमण की अगुवाई करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को झारखंड में पर्यटन के विकास एवं महत्व को बताया। इस दौरान छात्र-छात्राओं में काफी खुशी हर्ष आनंद देखा गया। पर्यावरण के संरक्षण हेतु स्वयं एवं समाज को जागृत करने का उनमें संकल्प देखा गया।शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं में सामाजिक नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है।

शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थी कई नई चीजों को भी सीखते हैं नए स्थानों को देखते हैं भविष्य में समाज तथा विद्यालय का भी नाम रोशन करते हैं। शैक्षणिक भ्रमण मैं मुख्य रूप से पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधार प्रो0 निरंजन कुमार नीरज प्रो0 सुरेश महतो प्रो0 ऋतुराज प्रो0 ललिता कुमारी प्रो0 पवन कुमारछात्र -छात्राओं में राजन कुमार, अनुज कुमार, अरविंद, राहुल कुमार, तुलेश्वर, चंद्रमौली, गौतम चौधरी, राजकुमार, सोनाली कुमारी, जयंती कुमारी,नंदनी कुमारी, पम्मी कुमारी, राहुल कुमार, अनिता कुमारी, सरोज कुमार, सोनी कुमारी, पल्लवी कुमारी, अभिषेक कुमार, कालीचरण महतो एवं टुकन कुमार शामिल थे।

## आईलेक्स के बच्चों ने चंद्रयान -3 के सफल लैंडिंग के लिए की प्रार्थना



राष्ट्रीय खबर

**बरही:** बरही आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी ब्रांचो में बच्चों ने चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग के लिए प्रार्थना की। चंद्रयान 3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल चांद की सतह से महज 25 से 150 किलोमीटर की दूरी पर चक्कर लगा रहा है। चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर का चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल से संपर्क हो गया है। चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही भारत इतिहास रच देगा और ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कराने वाला भारत पहला देश हो सकता है। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के खगोल विज्ञान प्रोफेसर मयंक एन. वाहिया ने कहा कि चंद्रयान 3 चांद की सतह पर उतरने वाला है। चंद्रयान मिशन ने साबित किया कि चांद पर पानी है। चंद्रयान-2 मिशन में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर लगाना था, लेकिन कुछ चीजें ठीक से काम नहीं कर पाईं। चंद्रयान-2 का मॉड्यूलर मिशन उल्लेखनीय रूप से सफल रहा। चंद्रमा पर उतरना कितना मुश्किल है, इसका अंदाजा लगाने के लिए आप देख सकते हैं कि रूस लूना-25 को उतारने में सफल नहीं हो सका। मुझे पूरा यकीन है कि 23 अगस्त को सफल लैंडिंग होगी। चंद्रयान-3 हमें पानी, जल स्त्रोतों और खनिजों की पहचान करने में मदद करेगा। चंद्रयान-2 से सबक लेकर चंद्रयान-3 में कई सुधार किए गए हैं। लक्षित लैंडिंग क्षेत्र को 4.2 किलोमीटर लंबाई और 2.5 किलोमीटर चौड़ाई तक बढ़ा दिया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ह्यलैंडर हजार्ड डिटेक्टशन एंड अवॉइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) में कैद की गई चंद्रमा के सुदूर पार्श्व भाग की तस्वीरें सोमवार को जारी कीं। एलएचडीएसी को इसरो के अहमदाबाद स्थित प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केंद्र ह्यस्पेस ऐप्लीकेशंस सेंटरह्ण (एसएसी) ने विकसित किया है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक में हुये कई निर्णय



राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक अंबेडकर भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली कि एक बैठक की गई इस बैठक की अध्यक्षता 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष साह संयोजक मंडली सदस्य मनोहर राम ने किया संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। सभी 19 पंचायत की तिथि तय की गई सभी पंचायत में प्रखंड संयोजक मंडली के द्वारा पंचायत में जा -जा कर कमेटी बनाएंगे मनोहर राम ने काह कि झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के कामों को जन-जन तक पहुंचगे इस बैठा मे मुख्य रूप से 20 सूत्री प्रखंड सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता , रामप्रवेश सिंह, उमेश गुप्त ,प्यारी देवी ,दिनेश प्रसाद मेहता, सतोष कुमार मेहता रामदिप प्रसाद मेहता ,सुरेंद्र प्रसाद मेहता, इंद्रदेव मेहता ,महेंद्र कुमार दास, रामफल मेहता, बबुन हसदा, विजय राम, राजेन्द्र ठाकुर, कुलदीप राम,सुभाष भुइया, निकेश कुमार ,सुजीत भुइया, शंकर साव ,जगदीश हंसदा एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**महोत्सव** मधुबन में धूमधाम से मनाया गया भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण महोत्सव

# 30 हजार से भी अधिक यात्री पहुंचे मधुबन

- अन्य वर्ष से अधिक यात्री इस वर्ष मधुबन पहुँचे थे
- विधि विधान एवं शुद्धता से 23 किलो का तीन निर्माण लाडू चढ़ाया गया

राष्ट्रीय खबर



**पीरटांड:** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन में बड़े ही धूमधाम के साथ इस वर्ष भी पारसनाथ पर्वत स्थित स्वर्ण भद्र कूट में हजारों तीर्थ यात्रियों की उपस्थिति में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया । यहां यह बता दें कि मोक्ष सप्तमी के शुभ अवसर पर हरेक वर्षों की भांति इस वर्ष भी मधुबन में भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । अन्य वर्ष से अधिक यात्री इस वर्ष मधुबन पहुँचे थे। देश के कोने कोने से लगभग 30हजार तीर्थ यात्रियों ने भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण महोत्सव पर मधुबन पहुंचकर विभिन्न मंदिरों एवं पारसनाथ पर्वत पर निर्वाण लाडू चढ़ाया । गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीसपंथी कोठी से श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई जो पारसनाथ पर्वत तक पहुंच कर स्वर्ण भद्र कोर्ट में विराजमान कर विशेष पूजा अर्चना के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।यहां यह बता दे कि इस वर्ष पूरी विधि विधान एवं शुद्धता से 23 किलो का तीन निर्माण लाडू चढ़ाया गया। इस वर्ष भी भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी की ओर से संपूर्ण पारसनाथ पर्वत को दुल्हन की तरह सजाया गया था। पर्वत स्थित पारसनाथ भगवान का मोक्ष स्थली स्वर्ण भद्र कूट सहित गंधर्व नाला सीतानाला आदि जगहों पर स्वागत द्वार एवं अभिनंदन द्वार बनाए गए थे । मधुबन मोड़ से पारसनाथ पर्वत तक अनेक तोरण द्वार एवं लाइट की व्यवस्था की गई थी, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इस अवसर पर भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी कार्यालय के पास एवं पर्वत स्थित गौतम गंधर्व एवं पार्श्वनाथ टोंक के पास चिकित्सा शिविर कैंप भी गया था। वहीं जगह-जगह चाय, दूध ,उकाली , बिस्कुट आदि की व्यवस्था की गई थी । वहीं गुणायतन की ओर से निशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई थी । वही संस्थान के सुमन कुमार सिन्हा ने बताया कि विभाग से जिन-जिन चीजों की मांग की गई थी वह सारी चीज उपस्थित थे। रात लगभग 10:00 बजे से ही यात्रियों का जत्था पारसनाथ पर्वत पर पहुंचने लगा था। वही शिखरजी स्वच्छता समिति की ओर से यात्रियों की सुविधा हेतु एक कैम्प का आयोजन किया गया था। जहां समिति की ओर से निःशुल्क गर्मी पानी की व्यवस्था की गई थी। वही मधुबन में मोक्ष कल्याणक महोत्सव को देखते हुए बिजली पानी की समस्या जस के तट बनी रही। जबकि प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था भी दुरुस्त दिखाई दी। लेकिन कहीं-कहीं मधुबन मेन रोड में जाम की भारी समस्या को देखा गया जिससे यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। मधुबन बाजार में वनबे होने के बावजूद इसका कड़ाई से पालन होता नहीं दिखाई दिया।

## न्यूज फटाफट

### समाजसेवी घनश्याम मेहता कि पुण्यतिथि मनाई गई

**इचाक :** इचाक जीएम महाविद्यालय के संस्थापक घनश्याम मेहता की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में पूजन सह शांति पाठ किया गया । उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्रखर समाजसेवी, पर्यावरणविद् तथा शिक्षाविद् घनश्याम मेहता जी अपने प्रखंड में 2007 में महाविद्यालय की नींव रखी थी, उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई। उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने अपने संबोधन में कहा । भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनका काफी लगाव था। उनके पुत्र शंभू कुमार, विनय कुमार, रोहित कुमार एवं सुजीत कुमार ने दिन - दुना रात -चौगुना मेहनत कर आज जी. एम. महाविद्यालय को एक वट वृक्ष का रूप धारण कर छात्र -छात्राओ का भविष्य सवार रहे हैं। मौके पर सुनील मेहता, भागवत मेहता, डेगनारायण मेहता,साजिद हुसैन, दैनिक भास्कर के ब्यूरो प्रभारी उमेश राणा, बसंत मेहता, राजेंद्र मेहता, महाविद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित थे ।

### सेवा भारती ने लगाया रक्तदान शिविर




**हजारीबाग :** हजारीबाग सेवा भारती , हेरिटेज टोयोटा एवं ब्लड बैंक शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में मुकुन्दगंज चौक हजारीबाग में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सेवा भारती, हजारीबाग के स्वास्थ्य आयाम जिला प्रमुख भाष्कर शर्मा की प्रेरणा से हेरिटेज टोयोटा में सर्वप्रथम रक्तदान शिविर लगाया गया और साथ ही साथ यह हर्ष का विषय है कि इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं ने प्रेरित होकर प्रथम बार रक्तदान किया है। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सेवा भारती, हजारीबाग ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। रक्तदान करने वाले में संदीप कुमार सिंह, शिवशंकर पाण्डेय, सतीश कुमार झा, पृथ्वीराज गुप्ता, फिरदौस आलम, किशोर कुणाल, मोनू कुमार, सूरज कुमार, असीम अंसारी, आदित्य कुमार, अनिल ठाकुर, मो. निसार, इजाज हुसैन को सेवा भारती, हजारीबाग के सचिव मनोज गुप्ता ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की है। रक्तदान शिविर में सेवा भारती स्वास्थ्य आयाम प्रमुख भाष्कर शर्मा, एच आर मैनेजर प्रियंका पाठक, लोकेश रंजन एवं सागर कुमार का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

### बनाहपा में श्री हरि अखंड कीर्तन का अयोजन

**सदर :** सदर प्रखंड अंतर्गत हुटपा पंचायत के बनाहपा में 24 घंटे का श्री हरि अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। यह कीर्तन बुधवार दोपहर 2:00 बजे से शुरू हुआ वही बृहस्पतिवार दोपहर 2:00 बजे इसका समापन होगा। इस हरि कीर्तन में लोकेश सिंह और उनकी धर्मपत्नी मुख्य पुजारी बने वहीं सहयोगी पूजारी के रुप में बसंत वर्मा, रघु गोप, राजेंद्र गुप्ता इत्यादि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू की गई इसके बाद हरे कृष्णा, हरे राम का उच्चारण करते हुए कीर्तन की शुरूआत हुई। पुरा क्षेत्र इन नारों से गूंजता रहा। ग्रामीणों ने कहा कि इस वर्ष क्षेत्र में पहली बार अखंड कीर्तन किया जा रहा है साथ ही कहा कि वर्षा के बिना खेती अधूरा है इस वर्षा की आश एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि को लेकर यह कीर्तन किया जा रहा है। श्री हरि अखंड कीर्तन 24 घंटे का है साथ ही भंडारा का भी आयोजन किया गया है। इस कीर्तन में कई गांव जैसे बनाहपा, हुटपा, मेरु ,महेशरा, जिनगा, रामदेव खरिका, कवालु, सरौनी, डूमर, चुटियारो, चाया, तरवा, खरवा, लखैया इत्यादि गांव शामिल होंगे। कार्यक्रम में मनोज साव, पंकज कुमार टेंट हाउस,अनिल सिंह,रामजतन सिंह,भुनेश्वर गुप्ता, सुरेन्द्र वर्मा, भीम वर्मा, चेतन, दशरथ, रणधीर सिंह, सूरज, प्रेम, सुनिल यादव, प्रवीन सिंह, अर्जुन गुप्ता, बब्लू वर्मा, कालीचरण वर्मा, प्रयाग राम, ध्रुव वर्मा, जगन साव, पुरन साव, अनिल सिंह एवम ग्रामिणो का विशेष सहयोग रहा।

### सदर विधायक ने उपलब्ध कराया नमो श्राद्ध राशन किट



**हजरीबाग :** हजारीबाग बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सदर प्रखंड के अमृतनगर पंचायत स्थित ग्राम रोला निवासी मृतक राजू भुइयां के परिजनों को नमो श्राद्ध राशन किट उपलब्ध कराया। विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार और स्थानीय मुखिया दिनेश कुमार, भाजपा कार्यकर्ता सामेंद्र सिन्हा सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने शोकाकुल परिवार तक विधायक मनीष जायसवाल का यह भेंट पहुंचाया जिसमें करीब 150 लोगों के लिए कच्चा राशन सामग्री है। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की जरूरतमंदों के लिए हमारा एक और प्रयास लगातार जारी है इसी कड़ी में नमो श्राद्ध राशन किट जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने का एक माध्यम है ।

### राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रो के भवन व स्थल परिवर्तन प्रस्ताव से संबंधित बैठक




**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभा कक्ष में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केन्द्रों का पुनर्वव्यस्वीकरण एवं स्थल परिवर्तन के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में 4, बरही विधानसभा क्षेत्र में 9, मांडू विधानसभा क्षेत्र में 11, हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में 4 सहित कुल 28 मतदान केंद्रों के भवन या स्थल परिवर्तन प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत सहमति जताई गई। विदित हो कि सहायक निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से मतदान केंद्रों की वर्तमान भौतिक स्थिति यथा भवन की जर्जरता, मतदाताओं को अधिक दूरी तय करने तथा मूलभूत सुविधाओं के आभाव आदि के मापदंडों के सन्दर्भ में मतदान केंद्रों की वर्तमान उपलब्ध सुविधाओं का सत्यापन कराया गया था। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जयनगर प्रखंड के बूथ संख्या 75 को नवनिर्मित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सरमाटांड़, बूथ संख्या 41 को पंचायत सचिवालय करियावां, चलकुशा प्रखंड के बूथ संख्या 287 को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मस्केडीह, बूथ संख्या 311 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महतोड़ीह,चौबे में परिवर्तित किया गया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### चंद्रयान-3 के लैंडिंग का हुआ लाइव टेलीकास्ट

**पाकुड़** :अंतरिक्ष जगत में भारत आज इतिहास रचने जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मिशन चंद्रयान-3 आज शाम चंद्रमा की सतह पर ह्यसाफ्ट लैंडिंगह्न करेगा। पूरी दुनिया इस पल का इंतजार कर रही है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार यह उपलब्धि भारतीय विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मतदाता सूची घर-घर सत्यापन कार्य का उपयुक्त ने किया समीक्षा

**पाकुड़** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने बुधवार को फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा की। पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ उपायुक्त ने समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक की। उपायुक्त ने बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 के तहत हो रहे घर-घर सत्यापन का कार्य, बीएलओ रजिस्टर, करेक्शन स्लिप एवं डेथ केस,पुअर इमेज, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं की विवरणी को शुद्धिकरण, पन्ना वेरिफिकेशन आदि कार्यो की समीक्षा की।उपायुक्त ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यो को ईआरओ जिम्मेवारी पूर्वक एवं तत्परता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी ईआरओ, एईआरओ को तीन दिनों के अंदर सभी कार्यों को शत प्रतिशत को पूरा करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मालगाड़ी चल रही है लेकिन यात्री ट्रेन को रद्द किया गया : राय

**पाकुड़** : पूर्व रेलवे के कई स्टेशन के बीच इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने को लेकर बरहरवा रामपुरहाट रेलखंड में 17 अगस्त से कई ट्रेन को रद्द कर दिया गया है या फिर मार्ग परिवर्तन कर दिया गया है और इससे यात्रियों के साथ-साथ रेल कर्मियों को भी काफी परेशानी हो रही है। रेल यात्रियों और कर्मियों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय के नेतृत्व स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम तथा यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा व सचिव संजय कुमार ओझा के अगुवाई में मंडल रेल प्रबंधक के नाम एक ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक पूर्व रेलवे पाकुड़ को मांग पत्र सौप कर रामपुरहाट से बरहरवा के बीच पेट्रोल स्पेशल चलाने की मांग किया गया। ईजरप्पा के अध्यक्ष हिसाबी राय ने बताया कि पूर्व रेलवे अंतर्गत सदीनपुर, नलहटी एवं अन्य स्टेशन पर सिगनलिंग सिस्टम को दुरुस्त करने हेतु सभी पैसेंजर गाड़ियों एवं एक्सप्रेस गाड़ियों का या तो दिशा परिवर्तन कर दिया गया है या उसे रद्द कर दिया गया है। पूरे दिन एक पैसेंजर ट्रेन तीन पहाड़ वर्धमान पैसेंजर को चलाया जा रहा है। जो अप में पाकुड़ में 10 :30 बजे दिन में एवं डायरेक्शन में शाम 7 :00 बजे उपलब्ध है।इस स्थिति में इस क्षेत्र के आम नागरिकों के लिए आवागमन बिल्कुल दुष्कर हो गया है। उक्त रेल खंड पर मालगाड़ियों एवं कुछ मुख्य गाड़ियों का परिवहन भी हो रहा है। जिसका ठहराव पाकुड़ में नहीं है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को हितों को देखते हुए रेल के अधिकारी मांग पर विचार करें। वहीं मौके पर मौजूद ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन पाकुड़ शाखा के सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया कि इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व रेलवे हावड़ा को पिछले 18 अगस्त 2023 को ही उनके निजी मोबाइल व्हाट्सएप पर अनुरोध भेजा गया था।

आवास योजना

समाहरणालय स्थित सभागार में

# डीसी ने की मनरेगा व आवास योजना की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने किया मनरेगा व आवास योजना की समीक्षा। सबसे पहले उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने मनरेगा योजना अंतर्गत मानव दिवस सृजन पर समीक्षा किया। अमड़ापाड़ा प्रखंड में कम मानव दिवस सृजन रहने पर उपायुक्त ने ग्रामीणों को दीदी बाड़ी योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर कचरा हटाने के लिए भी मनरेगा कारगार साबित हो सकता है, इसके लिए उप विकास आयुक्त को कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त दीदी बाड़ी योजना में काला चना की उपज करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि काला चना से पर्याप्त मात्रा में आयरन की पूर्ति होती है जो महिलाओं एवं बच्चियों में होने वाली एनीमिया को रोकने में मददगार बनेगा। एरिया ऑफिसर एप में निबंधित सभी पदाधिकारियों/पर्यवेक्षकों को योजना पर्यवेक्षण एप के माध्यम से प्रतिदिन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने सभी गांवों में खेलने के लिए स्थल का चयन कर खेल मैदान विकसित करने हेतु वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। खेल मैदान में बनने वाली शौचालय में पानी की समुचित व्यवस्था करने पर भी ध्यान देने को कहा।

बिरसा हरित ग्राम योजना फेज-1 एवं फेज-2 लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने, शत-प्रतिशत आधार सीडिंग करने, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की स्वीकृति करने हेतु एक पक्ष का समय दिया गया। आंगनबाड़ी निर्माण में समाज कल्याण मद से प्राप्त आवंटन का अभिश्रव एवं मापी पुस्तिका डीआरडीए में अविलंब जमा करने का निर्देश दिया। मेरी माटी मेरा देश के तहत अमृत वाटिका एवं विद्यालयों में पोषण वाटिका की गहन समीक्षा किया। इसके अलावा उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी ली। जिला समन्वयक निभा कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण, वित्तीय वर्ष 2016-22 अंतर्गत स्वीकृत कुल 71477 आवासों में से 69684 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने शेष लंबित कुल 1793 आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, वित्तीय वर्ष 2016-23 अंतर्गत स्वीकृत कुल 2503 आवासों में से 2421 आवास पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने शेष लंबित कुल 82 आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य 330 इकाई आवासों को शत प्रतिशत स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज फटाफट

### कौशल जागरूकता-सह-मोबिलाईजेशन कैम्प का आयोजन



**गोडा** : श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अंतर्गत कौशल विभाग, गोड्डा के द्वारा कौशल जागरूकता-सह-मोबिलाईजेशन कैम्प का आयोजन आज दिनांक- 23/08/2023 को गोड्डा, प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार एवं पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। मौके पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रचार-प्रसार हेतू 02 दिनों के लिए जागरूकता रथ का हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस दौरान संजय आनन्द, श्रम अधीक्षक-सह- जिला कौशल पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना एवं बिरसा योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर के बारे में बताया गया एवं युवक-युवतियों को सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजनाओं से जोड़ने हेतू उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया?। कौशल विकास विभाग, गोड्डा से श्रवण कुमार, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय फेलो द्वारा जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में दिए जा रहे विभिन्न ट्रेडों में शैक्षणिक योग्यता के अनुसार निः शुल्क कौशल प्रशिक्षण जैसे- डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेलरिंग, हेल्थकेयर में जेनेरल ड्यूटी असिस्टेंस, असिस्टेंस एलेक्ट्रिसियन इत्यादि के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण प्रदान करने के उपरांत निजी क्षेत्र में रोजगार मुहैया करना एवं स्वरोजगार हेतू सहयोग प्रदान करने के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रतिनिधिगण विभिन्न प्रशिक्षण प्रदात्ता एरोसोफ्ट से यसवंत कुमार वर्मा, नितेश कुमार, एक्स्सेल डाटा सर्विस से अमित कुमार, रोहीत कुमार कुशवाहा, श्रमिक मित्र सहित अन्य प्रतिनिधिगण/कर्मीगण उपस्थित हुए ।

### उपायुक्त ने धानभाषा पंचायत के मतदान केन्द्र संख्या-181और 182 का किया निरीक्षण

**दुमका** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री आंजनेयुलू दोड्डे द्वारा रानेश्वर प्रखण्ड अन्तर्गत धानभाषा पंचायत के मतदान केन्द्र संख्या - 181 और 182 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची का पन्ना वेरीफिकेशन एवं डोर टू डोर सर्वे कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही बीएलओ द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन का भी जांच किया गया। जिसमें घर में स्टीकर चिपकाने, मतदाताओं को करेक्सन पर्ची देने, बीएलओ रजिस्टर में मतदाताओं से हस्ताक्षर लेने, अहतार्धारी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन लेने, डबल नाम/ स्थानीय रूप से स्थानांतरण/ मृतक मतदाताओं का नाम हटाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलोपित करने हेतु प्रपत्र - 7 लेने,नाम संशोधन/ स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 लेने एवं ब्लैक एंड व्हाइट एवं न्यून गुणवत्ता वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो में परिवर्तित करने के साथ-साथ प्रपत्र 6बी से आधार लिंक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदाताओं से बात कर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण 2023 के संबंध में जानकारी ली। निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, दुमका द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर हाउस टू हाउस सर्वे कार्य को पूरा करने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी रानेश्वर को नए बीएलओ को मतदाता प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस प्रांजल ढाढा, प्रखंड विकास पदाधिकारी रानेश्वर,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बीएलओ एवं अन्य उपस्थित थे।

## शराब सिंडिकेट और भू माफिया के घर पर ईडी की छापेमारी



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** देवघर में बुधवार को ईडी के द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की गई। खबर है कि देवघर में करीब आधे दर्जन जगहों पर ईडी ने छापेमारी किया है जिसमें कई रसूखदार लोग के साथ भू माफिया भी रडार पर है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पटना, धनबाद और रांची से आई ईडी की स्पेशल टीम ने यह छापेमारी किया है। जिसमें शराब सिंडिकेट के सरगना जोगेंद्र तिवारी और उनके सहयोगी शामिल है ,बताया जाता है कि देवघर में शराब सिंडिकेट के द्वारा भारी संख्या में अर्जित की गई काली कमाई को जमीन खरीद बिक्री में इस्तेमाल किया गया है। जिसको लेकर जांच चल रही है। इधर शराब सिंडिकेट से जुड़े कांग्रेस के बीस सूत्री अध्यक्ष मुन्नम संजय के घर पर भी बुधवार सुबह से ही ईडी की छापेमारी जारी है , बताया जाता हैं कि मुन्नम संजय के घर से भारी मात्रा में कैश भी बरामद किया है। साथ ही चर्चित व्यक्ति और भूमाफिया अभिषेक झा के घर पर भी ईडी की छापेमारी सुबह से जारी है। वहीं ईडी की छापेमारी के डर से कई लोग अपने आवास से फरार हो गए। गौर तलब है कि करीब 3 महीना पहले भी ईडी के द्वारा शराब सिंडिकेट और कुछ व्यवसाईयों के यहां छापेमारी की गई थी।

रानेश्वर प्रखंड के अंतर्गत मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण

## मध्याह्न भोजन, बच्चों की पढ़ाई और साफ-सफाई पर दें विशेष ध्यान : उपायुक्त



कौशल कुमार

**दुमकाः** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे द्वारा रानेश्वर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय धानभाषा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी बच्चों को फुल यूनिफॉर्म में देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने वहां के बच्चो से बातचीत की एवं शिक्षा की गुणवत्ता देखी। सभी शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं पठन-पाठन में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब आप ईमानदारी से पढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में रूटीन एवं सभी संचिका अनिवार्य रूप से संधारित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि मध्याह्न भोजन में सफाई पौष्टिकता एवं स्वच्छता का ध्यान रखेंगे। उन्होंने बच्चों को मध्याह्न भोजन समय पर देने एवं विद्यालय को साफ सुथरा रखने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा में उन्नति, कार्य दक्षता में सुधार एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास करना निरीक्षण का उद्देश्य है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों सहित सभी पदाधिकारियों को इसके लिए तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निदेश दिया। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस प्रांजल ढाढा, प्रखंड विकास पदाधिकारी रानेश्वर,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन टीएसपीसी समर्थक,हथियार बरामद



राष्ट्रीय खबर

**पलामू** : जिले के छतरपुर थानाक्षेत्र के चुचरूमाड़ डैम के समीप जंगल के पास से छतरपुर पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के तीन स्थानीय समर्थक को गिरफ्तार किया है । पकड़े गये कथित टीसीपीसी समर्थक गोविन्द यादव (उम्र 26 वर्ष पिता रामलाल यादव, गंझौली), शंभु परहिया (उम्र 30 वर्ष पिता स्व0 रामनंदन परहिया, तारूदाग डीढ़ी) और शिवपुकार कुमार उर्फ गोती साव (उम्र 30 वर्ष पिता चालमुकुन्द साव, चराईं) तीनों छतरपुर थानाक्षेत्र के ही रहने वाले हैं। पकड़े गये लोगों के पास से पुलिस ने दो देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस, एक काला रंग का पल्सर मोटरसाईकिल, तीन मोबाईल फोन और टीएसपीसी उग्रवादी संगठन को पहुंचाये जाने वाले आवश्यक दैनिक सामग्री भी बरामद किया है ।इस संबंध में छतरपुर पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि यह कार्रवाई वरीय अधिकारियों द्वारा मिली गुप्त सूचना के आधार पर 22 अगस्त को की गयी। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। इस संदर्भ में छतरपुर थाना में इन तीनों के अलावे टीएसपीसी के एरिया कमाण्डर एवं अन्य सदस्यों के विरूद्ध भादवि एवं आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके अनुसंधान किया जा रहा है ।छापामारी दल में थाना प्रभारी शेखर कुमार, पुअनि अजीत कुमार, पुअनि रितलाल प्रसाद यादव, सअनि सुभाष गल्लिक, हवलदार मन्नु प्रसाद यादव, आरक्षी सच्चिदा कुमार पासवान, उमर हुरैन, अख्तर अंसारी और सुभाष कुमार आदि शामिल थे।

# अबतक 44 लाख कांवरियों ने किया जलार्पण




राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** देवघर में अब सावन अंतिम पड़ाव पर है जो 31 अगस्त को समाप्त हो जायेगा। मेला को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था पर साप्ताहिक प्रेस कांफ्रेंस किया जाता है इसी क्रम में स्थानीय आर मित्रा स्कूल में बनाए गए मिडिया सेंटर में सातवीं सोमवार सोमवार समाप्ति के बाद बुधवार को प्रेस से बात करते हुए उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि अधिक मास के बाद श्रावण दूसरे पक्ष की सोमवारी में कांवरियों का जन्म सैलाब देवघर में उमड़ पड़ा था, लेकिन व्यवस्था और अधिकारियों की तत्परता से करीब 2.70 लाख श्रद्धालुओं को देर रात तक सुलभ जलार्पण कराया गया। 4 जुलाई से लेकर 21 अगस्त तक कुल 44.46 लाख कांवरियों ने जलार्पण किया है जिसमें 1.14 लाख कावरियों ने शीघ्र दर्शनम के जरिए बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया है। मंदिर को अब तक कल 5 करोड़ 45 लाख 59 हजार की आय प्राप्त हुई है। जिनमे एक बड़ी संख्या शीघ्र दर्शनाम का है जिससे मंदिर को कुल 3 करोड़ 43 लाख की आय प्राप्त हुई है।

# अवैध उगाही सहित प्रोत्साहन राशि एक सप्ताह के अंदर सहियाओ के बैंक खाता में जमा हो, नहीं तो होगी प्राथमिकी दर्ज : उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** एमडीए कार्यक्रम के तहत फरवरी 2023 में फलेरिया रोधी दवा खिलाने के कार्यक्रम में शामिल सहियाओं के प्रोत्साहन राशि वितरण व सहियाओं से अवैध राशि उगाही मामले में मिली शिकायत पर उपायुक्त द्वारा सहायक समाहर्ता डॉ. कृष्णकांत कनवाड़िया( भा0प्र0से0 ) की अध्यक्षता में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का संयुक्त जांच दल गठित कर मामले की जांच करायी गई। जांच के क्रम में मामला सही पाया गया। जांच पाया गया कि ऐसी अनियमितता पाकुड़ सदर, हिरणपुर एवं लिट्टीपाड़ा में बड़े पैमाने पर की गई है। जांच दाल द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिरी एवं सभी पर्यवेक्षकों से पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में बीटीटी अंगद पांडेय द्वारा स्वीकार किया गया कि उनके द्वारा 20 सहियाओं से प्रोत्साहन राशि भुगतान के एवज में प्रत्येक से 1500 रुपए कर अवैध वसूली गई है। ऐसा ही कार्य पर्यवेक्षक मोहम्मद हफीजुर रहमान द्वारा भी किए जाने की बात सामने आयी है। वहीं जांच के क्रम में यह भी बात सामने आयी है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा भी नियम विरूद्ध कार्य करते हुए सहियाओं के खाते में राशि उपलब्ध कराने के बजाय पर्यवेक्षकों को राशि उपलब्ध कराया गया है।

जांच के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने अपनी गलती भी स्वीकार किया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रोत्साहन राशि अविलंब सहियाओं के बैंक खाते में भुगतान करने व वसूली गई राशि को संबंधित पर्यवेक्षकों से संबंधित सहियाओं के बैंक खाते में वापस कराने का निर्देश सीएस को दिया है। वहीं उपायुक्त द्वारा अवैध वसूली पर कड़ी कार्रवाई करते हुए राशि वसूली में संलिप्त पर्यवेक्षकों को कार्यमुक्त करने के लिए कार्रवाई का भी निर्देश सीएस को दिया गया है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि प्रोत्साहन राशि का भुगतान एवं वसूली की गई राशि की वापसली एक सप्ताह के अंदर नहीं करने वाले पर्यवेक्षकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी हाल में नियम विरूद्ध कार्य बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी हो या फिर कर्मी शिकायत मिलने पर उनकी जांच होगी। जांच सही पाए जाने पर हर हाल में कार्रवाई होगी।

## भवन के अभाव में पढ़ाई नहीं होगी बाधितः पुष्पा देवी



राष्ट्रीय खबर

**छत्तरपुरः** प्रखंड के नौडीहा पंचायत में राजकीय कृत उच्च विद्यालय खजूरी में विद्यालय भवन का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने किया खजूरी विद्यालय पहुंचते ही उपस्थित जनसमूह एवं इस विद्यालय की प्रधानाध्यापक रूबी कुमारी, शिक्षिका मोनिका राज, गीता कुमारी, ने विधायक को माला पहना कर और गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के सभी लोग मेरे लिए समान है । इससे कोई फर्क नही पड़ता कि मुझे किसने वोट दिया किसने नही दिया। भाजपा और हम सभी लोगो का एक ही मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास। राज्य की हेमन्त सरकार की अड़चनों कि वजह से विकास कार्यों की गति कम हुई है और आने वाले समय मे आपको इसका जबाब कैसे देना है आप अच्छी तरह से जानते है। इस मौके पर स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी विधायक प्रतिनिधि शंभू यादव,सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

शहर >> अपडेट

## पांच आरोपियों को भेजा जेल

कुडू : कुडू थाना पुलिस ने बुधवार को चार वारंटि महिला सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि जेल भेजे गए लोगो मे जीआर 110/22 की वारंटी नूरी खातून पति अब्बास खान,असगरी खातून पति जमील खान,नरगिस खातून पिता शमीम खान,सबीना खातून उर्फ सबिला पति शमीम खान सभी कुडू थाना क्षेत्र के लावागाई निवासी और कुडू थाना कांड संख्या 116/22 के प्राथमिक अभियुक्त शोएब खान पिता जसीम खान ग्राम फुलसुरी शामिल हैं।

कार्यशाला

### अविराम कॉलेज में जल संरक्षण और अंकेक्षण पर कार्यशाला आयोजित

# प्रत्येक व्यक्ति जल की बर्बादी रोके: डॉ प्रतिमा त्रिपाठी

▶▶ जल संचयन के लिये गड्ढ़ों का निर्माण

▶▶ बारिश के जल के संचय की जरूरत

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुडू लोहरदगा में जल संरक्षण और जल अंकेक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया उन्होंने कहा कि अविराम प्राकृतिक स्त्रोतों को बचाने की दिशा में सदैव तत्पर रहा है। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा अर्चना सिंह द्वारा तैयार पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इस विषय के महत्व और कुछ डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित कर सतही और भूगर्भ जल की स्थिति तथा जल संरक्षण के उपाय बताए गए,जल अंकेक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति जल की बबार्दी और जल के प्रयोग को कैसे न्यून कर सकता है,घरों के जल का पुनर्प्रयोग करने,वर्षा जल संरक्षण आदि उपायों के साथ साथ अविराम द्वारा वर्षा जल संरक्षण के लिए गड्ढे का निर्माण,छत से वर्षा जल को नालियों के द्वारा संरक्षित करना आदि प्रयास किए जा रहे है और प्रतिवर्ष लगभग पांच हजार पौधे लगाए जा रहे है जिससे भी जल संरक्षण जल बहाव को रोकने में सहायता मिलती है,अविराम के प्रशिक्षु गांव में जा कर जल संचयन हेतु गड्ढों और अपने घर तथा आज पड़ोस ऐसे गड्ढों का निर्माण कार्य प्रतिवर्ष करते है। प्रशिक्षुओं और स्टाफ द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस साझा की गई तथा अंतःक्रियात्मक सत्र अत्यंत प्रभावी रहा। यह कार्यक्रम एरिगेशन विभाग के चीफ इंजीनियर माइनर एरिगेशन विभाग रांची से राजेश कुमार चौधरी और जूनियर इंजीनियर अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।सभी प्रशिक्षुओं और स्टाफ जिनमे रेणुका,जंगबहादूर,मनु,आफताब ,पंकज,पवन,अजॉय, शिव,कुंदन,ममता,ऋतु,शशि, चिनिबास आदि से जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम संचालन शुभम और आलिया द्वारा किया गया,कार्यक्रम में अर्चना और पवन द्वारा विशेष तकनीकी सहायता दी गई। स्वागत उद्बोधन जंगबहादुर महतो और धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार भारती द्वारा किया गया।

न्यूज फटाफट

### बिजली के खंभे से टकराया वाहन



**कोडरमा:** कोडरमा थाना क्षेत्र के बागीटांड राजकीय खनन संस्थान के समीप बुधवार की सुबह एक 407 वाहन संख्या बीआर 01 जीसी 1081 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक शिवकुमार बिहार के समस्तीपुर निवासी को हल्की चोट आई है। चालक ने बताया कि वह पटना से मेडिसिन लोड कर रांची जा रहा था। इसी दौरान बागीटांड के समीप वाहन अनियंत्रित होकर एक बिजली के खंभे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**जयनगर:** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल की बैठक जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी के अध्यक्षता में बैठक की गई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री यमुना यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि 5 सितंबर को बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय में दिन 10 बजे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। विधायक श्री यादव ने कहा कि संकल्प यात्रा को लेकर बरकट्ठा विधानसभा के पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संपर्क कर संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर बरकट्ठा विधानसभा में काफी उत्साह है उनके कार्यक्रम में अप्रत्याशित भीड़ उमडेगी। मौके पर उप प्रमुख राजनारायण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सदानंद सिंह, प्रदीप साव, राजू साव, संतोष मोदी, सीताराम यादव, सुधीर सिंह, वीरेंद्र कुमार, सुनील सिंह, विनोद गुप्ता, दीपक बर्णवाल, कुंदन गुप्ता, विक्की राणा, राजू यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

सिटी अपडेट्स >>

## अत्यधिक शराब सेवन से हुई मौत

**कोडरमा:** जिला के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत महुवाटांड़ स्थित नदी किनारे सुनसान जगह से शव बरामद हुआ है। शव की पहचान 45 वर्षीय अर्जुन दास, पिता लक्ष्मण दास के रूप में हुई है। मृतक मरकच्चो थाना क्षेत्र के जामू का रहने वाला था, लेकिन शादी के बाद वह अपने ससुराल थाना क्षेत्र के ही भोजपुर में घर बनाकर सपरिवार रह रहा था। जानकारी के अनुसार, अर्जुन दास शराब का सेवन करता था और अत्यधिक शराब पीने की वजह से उसकी मौत हो गई। मरकच्चो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। साथ ही यूडी केस दर्ज किया गया है।

## चंद्रयान 3 की सफलता पर पूजा अर्चना



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड कार्यालय के निकट स्थित विशेश्वर धाम मंदिर में चंद्रयान 3 की सफलता के लिए बुधवार को पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विशेश्वर धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष अजीत लोहानी ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता पूरे विश्व में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरेगा। सचिव पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि आज पूरा देश खुशी से झूमेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। चंद्रयान 3 चांद में भारत का तिरंगा लहराएगा। उसी को लेकर बुधवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। मौके पर विवेक कुमार सिन्हा,अंकित कुमार, दीपक कुमार,उमेश कुमार, सुमित श्रीवास्तव,विकास कुमार सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अवैध खनन पर रोक का निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर, क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी को बिना नंबर व ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिला अंतर्गत भंडारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र पर स्थित क्रशरों के संचालन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाकर क्रशरों और खादानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि वैसे क्रशर और खादान जो प्रदूषण सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, वैसे क्रशरों की जांच करते हुए कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त रूप से टीम बनाकर अवैध रूप से ब्लू स्टोन के उत्खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कोडरमा में बंधन बैंक का मना स्थापना दिवस



**कोडरमा:** जिला मुख्यालय स्थित बंधन बैंक में बुधवार को समारोहपूर्वक बैंक का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष नारायण मोदी, पूर्व सिविल सर्जन डॉ बालकेश्वर प्रसाद, शाखा प्रबंधक जय शिव कुमार ने दीप जलाकर और केक काटकर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर बैंक कर्मी सोमा कुमारी, अजय पांडेय, प्राची कुमारी, रंजीत यादव, उमेश राणा, राजेश भारती, प्रदीप पासवान, कुंदन कुमार, रविशंकर, धर्मवीर के अलावा बैंक ग्राहकों में चंद्रकांत बरनवाल, अभिषेक आनंद, महावीर यादव, राजेश बरनवाल, मनीष मल्होत्रा, सतीश कुमार, मुकेश वर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, श्वेता वर्मा, रणजीत कुमार, सुशील अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश को किया गया सुपुर्द



**सतगावां:** प्रखण्ड के सभी राजस्व ग्राम से अमृत कलश में मिट्टी संग्रह कर अपने अपने क्षेत्र के पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन कर कुल चौदह पंचायत भवनों से अमृत कलश को प्रखण्ड परिसर सतगावां में कार्यक्रम आयोजित कर एक अमृत कलश में जमा कर रखा गया था। बुधवार को जिला एवं दिल्ली भेजने के नेहरू युवा क्लब के रंधीर कुमार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव और प्रखण्ड प्रमुख ललिता देवी के द्वारा सुपुर्द किया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक आलोक शर्मा, कर्मचारी दिवाकर कुमार यादव, बलदेव पंडित, आशीष कुमार, प्रखण्ड के कर्मियों अंचल कर्मियों के अलावा प्रेस प्रतिनिधि और अन्य लोग उपस्थित थे।

## केडीसीए ने खिलाड़ियों संग की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने इस वर्ष कोडरमा जिला महिला क्रिकेट टीम बनाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। झुमरीतिलिया स्थित रॉयल सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में केडीसीए के पदाधिकारियों ने जिले की क्रिकेट खेलने वाली इच्छुक लड़कियों और अभिभावकों संग एक बैठक की। बैठक में सचिव दिनेश सिंह ने कहा कि आज क्रिकेट के क्षेत्र में कैरियर की अपार संभावनाएं खुली हुई है। लड़कियों को क्रिकेट के क्षेत्र में मेहनत कर कैरियर संवारना चाहिए। उपाध्यक्ष अनिल सिंह और संयुक्त सचिव कृष्णा ब्र?पुरिया ने खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और कहा कि एक अच्छे ट्रेनर से महिला खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दिलवाया जाएगा। झारखंड पब्लिक स्कूल इंदरवा के कंप्यूटर सह खेल शिक्षक राजीव रंजन सिन्हा ने अपने स्कूल में ट्रेनिंग सेंटर रखने की बात कही। जिससे डोमचांच सहित सुदूरवर्ती क्षेत्र से लड़कियां आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सके। केडीसीए के पदाधिकारियों ने वैसी ही व्यवस्था करने की बात कही। बैठक में सचिव दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, ज्वाइंट सेक्रेट्री कृष्णा बरहपुरिया, आलोक पांडेय, ओम प्रकाश, सोनू खान, राजीव रंजन सिंहा, सुरेश प्रसाद, दीपक, प्रियंका मेहता, रजनी यादव, पूजा कुमारी, रिया, तेजस्विनी, सोनाली, अनु, राधा, पायल, सृष्टि, सोनीका, अंशु, रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, महिमा, सुमन, ज्योति मौजूद थे।

## संकल्प यात्रा की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** भारतीय जनता पार्टी की प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड के पंचायत नावाडीह1 पंचायत सचिवालय में 23 अगस्त को मरकच्चो मंडल अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में आगामी 4 सितंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा तथा डोमचांच में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया। डोमचांच में होने वाले कार्यक्रम सभा में सभी बूथों से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थित पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने डोमचांच में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर संकल्प लिया। बैठक का संचालन प्रखंड महामंत्री पवन सिंह व सुनील यादव ने किया। वही बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह, जिला महामंत्री राजकुमार यादव, बेदू साव,अनूपजोशी, महेंद्र मोदी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### न्यू गिरिडीह और रांची के बीच नए मेल एक्सप्रेस का परिचालन 12 सितंबर से

**कोडरमा:** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर न्यू गिरिडीह और रांची के मध्य न्यू गिरिडीह- रांची - न्यू गिरिडीह गाड़ी का परिचालन किया जाएगा। धनबाद रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि इस गाड़ी का विशेष उद्घाटन 12 सितंबर को 10 बजे न्यू गिरिडीह स्टेशन से रांची स्टेशन के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 03309 के रूप में किया जाएगा। यह गाड़ी न्यू गिरिडीह से खुलकर जमुआ, धनवार, महेशपुर हॉल्ट, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, टाटीसिलवे होते हुए रांची को जाएगी।

### आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम संचालन को लेकर डीडीसी ने की बैठक



**कोडरमा:** भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले दो प्रखंड जयनगर और मरकच्चो प्रखंड का चयन किया गया है। इन प्रखंडों में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम संचालन को लेकर उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में इन प्रखंडों में सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि व संबद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य व पोषण को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि व संबद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य व पोषण को लेकर चेतना शिविर का आयोजन करेंगे। साथ ही आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के दिये गये बिंदु पर पूरा करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, अवैध खनन पर रोक का निर्देश

## लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वधान बुधवार को चंदवारा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदवारा प्रमुख मंजू देवी ने किया। मुख्य रूप से चंदवारा अंचल अधिकारी राम रतन कुमार बर्नवाल, मुख्य वक्ता के रूप में एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि साधन के अभाव में कोई भी न्याय से वंचित नहीं रह सकता। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वैसे लोगों के लिये सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराए जाते हैं।

आस्था

### कांवरिया भक्तों की सेवा में लगा शिव वाटिका, प्रभु श्याम का सजा दरबार

# भोला तुमको मना लूंगा देवघर तो आने दो .......

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** स्थानीय शिव वाटिका में सावन मास में विगत 9 वर्षों से कांवरिया सेवा शिविर लगाया जा रहा है। इस सेवा शिविर में आने जाने वाले कांवरियों के लिए चाय, पानी, भोजन, रात्रि विश्राम, दवा इत्यादि की निःशुल्क सेवा दी जाती है। कांवरियों भक्त के थकान को दूर करने के लिए प्रतिदिन स्थानीय संकीर्तन मंडलों के द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में स्थानीय भजन मंडली श्याम शरण में आजा रे के तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया।मौके पर पूजा अर्चना सत्यनारायण पांडेय ने किया। इस भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें भजन गायक नंदू शर्मा के द्वारा मेरा लड्डू गोपाल मेरो लड्डू गोपाल.. राकेश राजपूत ने भोले बाबा बिना बिगड़ी कैसे बनी.. बबलू सिंह ने ओम नमः शिवाय ओम नमः शिवाय हर हर भोले नमः शिवाय.. रवि दाहिमा ने जब से खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए.. सुमन सोनकर ने केवड़िया खोला ए बाबा.. पंकज केशरी ने भोला मना लूंगा देवघर तो आने दो.. जैसे भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

## न्यूज फटाफट

### हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के लिये रवाना हुई महिला टीम



**बेंगलुरु :** भारतीय महिला हॉकी टीम महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने के लिये बुधवार को ओमान के सलालाह रवाना हुई। यह टूर्नामेंट 25 से 28 अगस्त के बीच होगा जिसके लिये भारतीय टीम को जापान, मलेशिया और थाईलैंड के साथ एलीट पूल में रखा गया है। हॉन्ग कॉन्ग, चीनी ताइपे, बंगलादेश, ईरान और ओमान चैलेंजर्स पूल का हिस्सा हैं। सलालाह जाने वाली भारतीय टीम की कप्तानी नवजोत कौर करेंगी जबकि ज्योति उपकप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर बंसारी सोलंकी शामिल हैं। डिफेंस क्षेत्र में अक्षता अबासो ढेकाले, महिमा चौधरी और सोनिया देवी क्षेत्रिमायुम होंगी। कप्तान कौर और अजमीना कुजूर मिडफील्ड संभालेंगी, जबकि मारियाना कुजूर, ज्योति और दीपी मोनिका टोप्पो फॉरवर्ड के रूप में खेलेंगी। भारत अपने पूल में शीर्ष दो स्थानों पर रहने और सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिये अपने एलीट समकक्षों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा। भारत का पहला मुकाबला 25 अगस्त को मलेशिया से होगा, जबकि 26 अगस्त को भारतीय महिलाएं जापान का सामना करेंगी। भारत का आखिरी पूल चरण मुकाबला 27 अगस्त को थाईलैंड से होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच सौंदर्या येंदाला ने टूर्नामेंट से पहले अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ''हम टूर्नामेंट में उतरने के लिये बेताब हैं। महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिये बहुत प्रयास किये गये हैं। हमारा लक्ष्य पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेलना है और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में जीत के साथ हमारी कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। इस बीच, कप्तान कौर भी महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में भारत के जीतने की संभावना को लेकर आशान्वित थीं। कौर ने कहा, ''हमें अपने पूल में कुछ मजबूत टीमों का सामना करना है, लेकिन इस टूर्नामेंट के लिये तैयार होने के लिये हमने जितना काम किया है उससे मुझे विश्वास है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और हाथ में पदक लेकर घर लौटेंगे।''

चुनाव

मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिये

# अब चुनाव आयोग के लिये बल्लेबाज़ी करेंगे सचिन

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिये बुधवार को चुनाव आयोग के 'नेशनल आइकन' (राष्ट्र की पहचान) के रूप में एक नयी पारी की शुरुआत की। चुनाव आयोग ने दिग्गज क्रिकेटर और भारत रत्न तेंदुलकर के साथ तीन साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनुप चंद्र एवं अरुण गोयल उपस्थित रहे। तेंदुलकर ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में युवा आबादी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जो दिल खेलों में 'इंडिया-इंडिया' के शोर के साथ भारतीय टीम के लिये धड़कते हैं, वे हमारे



बहुमूल्य लोकतंत्र को आगे ले जाने के लिये भी इसी तरह धड़केंगे। उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में भीड़ उमड़ने से लेकर मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ने तक, राष्ट्रीय टीम के साथ खड़े होने से लेकर वोट डालने के लिये समय निकालने तक, हम जोश और उत्साह बनाये रखेंगे। जब देश के कोने-कोने से युवा चुनावी लोकतंत्र में बड़ी संख्या में भाग लेंगे तो हम अपने देश का एक समृद्ध भविष्य देखेंगे। यह सहयोग विशेष रूप से 2024 में होने वाले आगामी आम चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये युवा आबादी के साथ तेंदुलकर के अद्वितीय प्रभाव का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी के जरिये चुनाव आयोग का लक्ष्य नागरिकों और विशेषकर युवा एवं शहरी आबादी को चुनावी प्रक्रिया के करीब लाना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि तेंदुलकर न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित प्रतीक हैं। उनके पास एक विरासत है जो उनकी क्रिकेट प्रतिभा से कहीं आगे तक फैली हुई है।

कुमार ने कहा कि उनका शानदार करियर उत्कृष्टता, टीम वर्क और सफलता की निरंतर खोज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उनका प्रभाव खेल से कहीं अधिक है, जिससे वह चुनाव आयोग के लिये मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये आदर्श विकल्प बन गये हैं। इस साझेदारी के तहत तेंदुलकर विभिन्न टीवी कार्यक्रमों और डिजिटल अभियानों आदि में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देंगे। वह इसके जरिय मतदान के महत्व और देश की नियति को आकार देने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के छात्रों ने लोकतंत्र की मजबूती में मतदान के महत्व पर एक प्रभावशाली नाटक भी प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि चुनाव आयोग मतदाताओं को लोकतंत्र के त्योहार में भागीदारी के लिये प्रेरित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध भारतीयों के साथ साझेदारी करता आया है। पिछले वर्ष आयोग ने प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी को नेशनल आइकॉन के रूप में मान्यता दी थी। इससे पहले, 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान महेन्द्र सिंह धोनी, आमिर खान और मैरी कॉम जैसे दिग्गज चुनाव आयोग के नेशनल आइकॉन रहे चुके हैं।

## खेल जगत अपडेट्स

### इस एशिया कप में रोहित शर्मा बन सकते हैं नंबर 1 बल्लेबाज



**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा एशिया कप 2023 में सभी दिग्गजों को पछाड़ते हुए बहुत बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं।एशिया कप 2023 की शूरुआत में 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के मुकाबले के साथ होगी। वहीं इसका फाइनल मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा। इस दौरान भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा बहुत बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। आइए जानते हैं क्या है वह रिकॉर्ड।

बनाएंगे 'छक्कों का नया किर्तिमान' एशिया कप 2023 में मात्र 10 छक्के जड़ते ही रोहित शर्मा एशिया कप के इतिहास में वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इस समय रोहित 22 मैचों में कुल 17 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने इस दौरान 46।56 की औसत से 745 रन बनाए हैं। आइए जानते हैं एशिया कप के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज के बारे में। एशिया कप के वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड एशिया कप के वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड पाकिस्तान टीम के पूर्व दिग्गज कप्तान शाहिद अफरीदी के नाम है, जिन्होंने 23 मैचों में कुल 26 छक्के जड़े हैं। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज खिलाड़ी सनथ जयसूर्या हैं, जिन्होंने 25 मैचों में कुल 23 छक्के जड़े हैं। एशिया कप के वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में तीसरे स्थान पर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने 13 मैचों में कुल 18 छक्के लगाए हैं। वहीं इस लिस्ट में रोहित शर्मा 17 छक्कों के साथ चौथे और सौरव गांगुली 13 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। एशिया कप के ओडीआई फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों की सूची – शाहिद अफरीदी – 26 छक्के, सनथ जयसूर्या – 23 छक्के, सुरेश रैना – 18 छक्के, रोहित शर्मा – 17 छक्के,सौरव गांगुली – 13 छक्के आदि खिलाड़ी।

## वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे गिल



एजेंसियां

**दुबईः** भारत के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गये, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी मैदान पर लौटने के बाद अपनी टी20 रैंकिंग में सुधार किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी नवीनतम वनडे रैंकिंग में, गिल 743 रेटिंग अंक के साथ इस प्रारूप में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। गिल के बाद विराट कोहली (नौंवा स्थान) शीर्ष 10 रैंकिंग में भारत के एकमात्र बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म 880 रेटिंग पॉइंट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। दूसरी ओर, आयरलैंड टी20 सीरीज के लिये भारत के कप्तान चुने गये बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गये। करीब एक साल बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह दो मैचों में तीन विकेट चटका चुके हैं। युवा लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई भी दो मैचों में चार विकेट चटकाने के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में 17 स्थान की छलांग लगाकर 65वें स्थान पर पहुंच गये हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 58 रनों की पारी के बाद रुतुराज गायकवाड़ 143 स्थान ऊपर चढ़कर 87वें स्थान पर पहुंच गये, जबकि इस शृंखला से बाहर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जबकि रवींद्र जडेजा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बने हुए हैं।

# एशिया कप से पहले फिर बढ़ीं मोहमद शमी की मुश्किलें





एजेंसियां

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए चुनौतियां एक बार फिर बढ़ गई हैं क्योंकि उनकी पत्नी हसीन जहां के साथ कानूनी परेशानियां जारी हैं। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें 30 दिन के अंदर जमानत लेने का आदेश दिया है। इस मामले में हसीन जहां ने शमी और उनके भाई मोहम्मद हसीब पर आरोप लगाया था। कोर्ट के आदेश के बाद दोनों भाइयों को 30 दिन के अंदर जमानत लेनी होगी।आगामी 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में टीम इंडिया का हिस्सा बनकर हिस्सा लेने को लेकर मोहम्मद शमी की मुश्किलें बढ़ गई हैं, इसके अलावा, वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (डऊक) श्रृंखला और विश्व कप में टीम इंडिया के लिए महत्व रखते हैं। नतीजतन, शमी को अब निर्धारित 30 दिन की अवधि के भीतर अदालत से जमानत लेनी होगी।2011 में हुई उनकी मुलाकातः मोहम्मद शमी और हसीन जहां की पहली मुलाकात 2011 में हुई थी।

मॉडल और कोलकाता नाइट राइडर्स (डडफ) टीम की चीयरलीडर हसीन जहां उनके साथ जुड़ी थीं। इसी दौरान शमी और हसीन जहां के बीच प्रेम कहानी शुरू हुई, जो 2014 में शादी तक पहुंच गई। इसके बाद, हसीन जहां ने अपनी मॉडलिंग और प्रोफेशनल लाइफ को पीछे छोड़ दिया। हसीन जहां की 1 करोड़ रुपये की डिमांडः 2018 में हसीन जहां अपने प्रोफेशनल करियर में लौट आईं। उसने 10 लाख रुपये के भरण-पोषण भत्ते की मांग करते हुए अदालत में मामला दायर किया। इस राशि में उनके व्यक्तिगत खर्चों के लिए 700,000 रुपये और उनकी बेटी के पालन-पोषण के लिए 300,000 रुपये शामिल थे। हसीन के वकील मृगांका मिस्त्री ने कोर्ट में दावा किया कि साल 2022 तक शमी की सालाना आय 7 करोड़ रुपये रही है। इसे देखते हुए 10 लाख रुपये का मासिक भरण-पोषण भत्ता ज्यादा नहीं लगता। शमी के वकील सलीम रहमान ने दलील दी कि हसीन जहां खुद भी पैसा कमा रही हैं। वह एक पेशेवर फैशन मॉडल हैं। इसलिए, उसका भरण-पोषण भत्ता उतना महत्वपूर्ण नहीं है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने 1।30 करोड़ रुपये मासिक भरण-पोषण भत्ता देने का फैसला सुनाया।

# हनुमान जी को सुपरहीरो मानती है अदा शर्मा



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा, हुनमान जी को सुपरहीरो मानती है। अदा शर्मा ने हाल ही में ''द केरला स्टोरी'' फिल्म से ब्लॉकबस्टर सफलता हासिल की हैं। अदा शर्मा एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपर हीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा से पूछा गया कि उनका पसंदीदा एक्शन सुपरहीरो कौन है तो उन्होंने कहा हनुमानजी। अदा शर्मा ने कहा, हनुमानजी की वीरता को उनकी विनम्रता, उनकी ताकत और एकनिष्ठ भक्ति, उनके ध्यान, उनके ज्ञान के साथ जोड़कर इतना शक्तिशाली नायक नहीं देखा गया है। वह कोई भी रूप धारण करने की शक्ति रखते है... एक छोटी मक्खी से लेकर पहाड़ के आकार के सुनहरे शरीर तक। वह मेरे सुपरहीरो है !

## संजय दत्त को लेकर खलनायक-2 बनायेंगे सुभाष घई



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार सुभाष घई, संजय दत्त को लेकर खलनायक 2 बनायेंगे। सुभाष घई ने वर्ष 1993 में संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और जैकी श्राफ जैसे सितारों को लेकर सुपरहिट फिल्म खलनायक बनायी थी। सुभाष घई अब खलनायक 2 बनाने जा रहे हैं। सुभाष घई ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, यदि मीडिया आज भी 'खलनायक' के बारे में बात कर रहा है और यंग जनरेशन संजय दत्त के किरदार बल्लू बलराम के साथ कनेक्ट करते हुए इसका सीक्वल बनाने की मांग कर रहे हैं। तो हमारे पास डबल एनर्जी के साथ 'खलनायक 2' ना बनाने की कोई वजह ही नहीं हैं। सुभाष घई फिल्म खलनायक को 04 सितंबर को इसे सिनेमाघरों में री-रिलीज भी करेंगे।

# 79 वर्ष की हुई सायरा बानु



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सायरा बानु आज 79 वर्ष की हो गयी। सायरा बानु का जन्म 23 अगस्त 1944 को हुआ था। उनकी मां नसीम बानु तीस और चालीस के दशक की नामचीन अभिनेत्री थी और उन्हें ब्यूटी क्वीन कहा जाता था। सायरा बानु अपने बाल्यकाल में लंदन में रहती थी और वहां से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह वर्ष 1960 में मुंबई लौट आयी।इस बीच उनकी मुलाकात निर्माता-निर्देशक शशधर मुखर्जी से हुयी जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचान उन्हें अपने भाई सुबोध मुखर्जी से मिलने की सलाह दी। सुबोध मुखर्जी उन दिनो अपनी नयी फिल्म 'जंगली' के निर्माण के लिये नयी अभिनेत्री की तलाश कर रहे थे। उन्होंने सायरा बानु को अपनी फिल्म में काम करने का प्रस्ताव दिया जिसे सायरा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वर्ष 1961 में प्रदर्शित फिल्म जंगली में सायरा के अपोजिट शम्मी कपूर थे। इस फिल्म में सायरा बानु ने कश्मीर में रहने वाली युवा लड़की की भूमिका निभाई। बेहतरीन गीत,संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की जबरदस्त कामयाबी ने न सिर्फ उन्हें साथ ही अभिनेता शम्मी कपूर को भी स्टार के रूप में साबित कर दिया। आज भी इस फिल्म के सदाबहार गीत दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।वर्ष 1963 में सायरा बानु को मनमोहन देसाई निर्मित फिल्म ब्लफ मास्टर में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में एक बार फिर से उनके नायक की भूमिका अभिनेता शम्मी कपूर ने निभाई थी।

## खुशबू और माही श्रीवास्तव का भोजपुरी रैप सांग 'यार रंगदार मेरा' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी रैप सांग 'यार रंगदार मेरा' रिलीज हो गया है। खुशबू तिवारी केटी का गाया हुआ और माही श्रीवास्तव के शानदार अदायगी से भरा नया भोजपुरी रैप सांग 'यार रंगदार मेरा' वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव देसी लुक में एटीट्यूड के साथ नजर आ रही हैं। वहीं गाने के वीडियो में खुशबू तिवारी केटी भी बीच-बीच मे अपने स्वैग का तड़का लगा रही हैं। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी रैप सांग 'यार रंगदार मेरा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गाने के लिरिक्स यादव राज ने लिखे हैं। इसका संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो निर्देशक रवि पंडित, कोरियोग्राफर विशाल गुप्ता, है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।

## 'गदर 2' में अपनी भूमिका के लिये दर्शकों से मिल रहे प्यार से खुश हैं गौरव चोपड़ा

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता गौरव चोपड़ा फिल्म गदर 2 में अपनी भूमिका के लिये दर्शकों से मिल रहे प्यार से खुश हैं। गदर 2 में गौरव चोपड़ा ने लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र रावत की भूमिका निभायी है, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं। गौरव चोपड़ा ने कहा, पेशेवर तौर पर यह मेरे लिए एक सुनहरा दौर है। भगवान दयालु हैं और मुझे खुशी है कि मेरी कड़ी मेहनत और निर्णय लेने की क्षमता अच्छा काम कर रही है।

# रितेश पांडेय का गाना 'यार का नखरा बारिश जैसा' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक रितेश पांडेय का गाना 'यार का नखरा बारिश जैसा'रिलीज हो गया है। यार का नखरा बारिश जैसा इश्तर भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। रितेश पांडेय ने कहा कि जिस तरह से कभी बारिश बूंद-बूंद बरसती है



और कभी ना चाहते हुए भी झमाझम बरस जाती है। ठीक उसी तरह प्रेमिका का भी प्यार मिलता है। ठीक उसी तरह, प्रेमिका के खुले बाल और उनका आलिंगन बादल और बारिश की अनुभूति देता है। इसलिए मुझे लगता है कि प्रेम और बारिश में बेहद समानताएं हैं, जो आपको इस गाने में मिलेगा। हमने इस गाने को बड़ी खूबसूरती से बनाया है। बस अब भोजपुरी संगीत प्रेमियों का प्यार और आशीर्वाद चाहिए।

## बैठक में शामिल हुए विधायक इरफान अंसारी

रांचीः व्यापारियों की समस्या को लेकर बुधवार को चैंबर भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी उपस्थित रहे। यहां, कृषि शुल्क के विरोध में व्यापारियों का साथ देने के लिए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने विधायक को धन्यवाद देते हुए मार्केटिंग बोर्ड को भंग कर, इसका समायोजन कृषि विभाग में कराने का आग्रह किया।

**मौसम** राजधानी समेत कुछ जिलों में छिटपुट बारिश

# आने वाले दो दिनों में भारी बारिश के आसार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य के कुछ हिस्सों में बुधवार दोपहर बाद बारिश हुई। इसमे मुख्य रूप से रांची, लोहरदगा, लातेहार, गुमला मे बारिश हुई। लेकिन बारिश कुछ हिस्सों में हुई। जबकि मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि आने वाले तीन घंटों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इस दौरान लातेहार जिला मे थंडरिंग की भी संभावना व्यक्त की गयी है। बता दें राज्य में पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं हुई है। बारिश नहीं होने से लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग की माने तो 25 अगस्त से राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमे राज्य के



उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी जिलों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। भारी बारिश 25 और 26 अगस्त को होने की संभावना है। इसमे पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) और पश्चिमी सिंहभूम, पलामू, लातेहार, चतरा, गढ़वा, सिमडेगा, गुमला आदि जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। 27 अगस्त तक राज्य के अन्य हिस्सों में छिटपुट बारिश हो सकती है। इसमे राजधानी रांची में भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। हालांकि 27 अगस्त तक राज्य में बादल छाये रहेंगे। कुछ हिस्सों में हल्की धूप निकल सकती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो आने वाले चार दिनों के दौरान तापमान में बहुत अधिक वृद्धि नहीं दर्ज की जायेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। वही, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। विभाग की माने तो तीन दिनों के बाद तापमान में चार डिग्री तक की कमी होगी।

डीआईजी अनुप बिरथरे ने स्मार्ट सिटी सीईओ के साथ की बैठक

# इंटेलिजेंट कमांड कंट्रोल सिस्टम से रांची पुलिस करेगी स्मार्ट पुलिसिंग

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** स्मार्ट सिटी में स्थापित इंटेलिजेंट कमांड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से रांची पुलिस स्मार्ट पुलिसिंग करेगी। क्राइम कंट्रोल और ट्रैफिक सिस्टम मैनेजमेंट में आईसीसीसी के बेहतर उपयोग को लेकर डीआईजी अनूप बिरथरे ने बुधवार को आईसीसीसी का निरीक्षण किया। डीआईजी ने वहां लगे उपकरणों और उसके इस्तेमाल से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की ओर से स्थापित इस कमांड सेंटर और शहर में स्थापित विभिन्न उपकरणों का सही दिशा में इस्तेमाल हो रहा है, और हमारी कोशिश होगी की पुलिस इसका और अधिक से अधिक इस्तेमाल करे।सीईओ अमित कुमार ने कहा कि रांची पुलिस यदि स्मार्ट सिटी का इंटेलिजेंट कमांड कंट्रोल सेंटर का शत प्रतिशत इस्तेमाल शुरू कर दे तो राजधानी की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में यह सिस्टम पुलिस के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास वह तकनीकी उपलब्ध है जिससे हम प्रतिदिन रांची आने और रांची से बाहर जाने वाली लाखों गाड़ियों की 24 घंटे क्लोज मॉनिटरिंग करते हैं। रांची पहुंचने वाली कोई भी गाड़ी स्मार्ट सिटी के सर्विलांस कैमरों से नहीं बच सकती है।




# झारखंड में ईडी की रेड जारी, एक बड़े शराब कारोबारी के गिरफ्तार होने की सूचना!

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**शराब घोटाला मामले में बुधवार को झारखंड के 32 स्थानों पर एक साथ शुरू हुई ईडी की रेड अब तक जारी है। इस बीच सूचना है कि ईडी के द्वारा झारखंड के एक बड़े शराब कारोबारी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। बुधवार सुबह से ही झारखंड की राजधानी रांची दुमका, देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, गिरिडीह और धनबाद में एक साथ ईडी ने दबिश दी है।मिली जानकारी के अनुसार ईडी के द्वारा झारखंड के एक बड़े शराब कारोबारी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। हालांकि गिरफ्तारी की पुष्टि अभी नहीं हुई। जो जानकारी हासिल हुई है उसके अनुसार शराब कारोबारी के ठिकानों पर हुई छापेमारी में ईडी को कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं, इन



दस्तावेजों के आधार पर कारोबारी को डीटेन किया गया है। ईडी की यह कार्रवाई शराब मामले में जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर की जा रही है।राजधानी रांची में बुधवार की सुबह 7:00 बजे के करीब झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बरियातू के डीआईजी ग्राउंड स्थित आवास पर ईडी की टीम पहुंची। पहुंचने के साथ ही ईडी ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार इस मामले में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित से पूछताछ की जा रही है। राज्य के एक बड़े नौकरशाह के करीबी और नेक्सजेंन के मालिक विनय सिंह, बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के ठिकाने पर राजधानी में रेड जारी है। वहीं, देवघर के जमीन कारोबारी और भाजपा नेता अभिषेक झा पूर्व भाजपा विधायक निर्भय शाहाबादी के गिरिडीह स्थित आवास में भी रेड अभी भी जा रही है।ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक की छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और डिजिटल एविडेंस ईडी के हाथ लगे हैं। कई लोगों के यहां से लैपटॉप, पेन ड्राइव और कुछ फाइलें जब्त की हैं, जिसे ईडी ऑफिस लाया जा रहा है।

### राज्य में वज्रपात को लेकर जारी की गयी चेतावनी

रांची : झारखंड में पिछले कुछ दिनों से मानसून कमजोर नजर आ रहा है। आने वाले दिनो में मानसून के टर्फ का असर झारखंड में नजर आयेगा। झारखंड के उत्तर पूर्वी भाग में मौसम का असर साफ नजर आ रहा है। आज और कल राज्य के सभी स्थानों में हल्के और मध्यम दर्जे के बारिश होने की संभावना है। आज राज्य के उत्तर पूर्वी इलाके में भारी बारिश हो सकती है जबकि राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। 24 अगस्त को राज्य के पूर्वी भाग संताल कोल्हान सहित कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। आने वाले तीन से चार दिनों में बारिश की अच्छी संभावना है। इसी तरह 25 अगस्त को भी राज्य में बारिश हो सकती है। 26 अगस्त से स्थिति एक बार फिर सामान्य हो सकती है। मौसम विभाग ने 23 और 24 अगस्त को भारी बारिश की संभावना जाहिर करते हुए अलर्ट जारी किया है।

# सीएम हेमंत सोरेन ने इसरो और देशवासियों को दी बधाई

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मिशन चंद्रयान 3 की सफलता पर पूरे देश में उत्सव जैसा माहौल है। भारत दुनिया का पहला देश है जो चांद के उत्तरी ध्रुव पर उतरा है। इसके साथ ही चांद पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। भारत के इस करिश्मे से दुनिया हैरान है। भारत की इस सफलता के बाद पूरी दुनिया इसरो का लोहा मानने लगी है। इसरो की सफलता पर पीएम मोदी के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी बधाई दी है।भारत के वैज्ञानिकों ने वह करिश्मा कर दिया है जिसे दुनिया में अभी तक कोई नहीं कर पाया था। चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर लैंड कर गया। दुनिया में अब तक जितने भी मिशन चांद पर भेजे गए उनमें से किसी ने भी चांद के दक्षिणी ध्रुव को नहीं छुआ था। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया। चंद्रमा का यह इलाका बहुत ही विषम परिस्थितियों वाला माना जाता है।झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी लोगों को बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग हेतु इसरो परिवार के सभी वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। इसरो की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर देश के हर नागरिक को गर्व है। भारत और इसरो की इस सफलता पर सीएम हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'अद्भुत!! अविस्मरणीय!! तिरंगे की आन-बान और



शान चंद्रमा पर पहुंच गया। देश के हमारे महान वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और लगन की बदौलत चंद्रयान-3 आज चंद्रमा पर उतर गया। अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में देश एक बार फिर पुरजोर तरीके से स्थापित हो गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर इसरो की पूरी टीम सहित समस्त देशवासियों को अनेक-अनेक बधाई और जोहार। जय विज्ञान! जय हिंद!'वहीं, देश की इस सफलता पर रांची में दीपावली जैसा उत्सव दिखा। मिशन की सफलता के बाद आकाश में आतिशबाजी दिखाई दी। लोगों ने खुशी से झूमते नजर आए। बता दें कि इस मिशन की सफलता के लिए झारखंड में कई जगह पूजा अर्चना और हवन किया जा रहा रहा था।

### कांके में बढ़ गयी हैं सड़क दुर्घटनाएं संज्ञान ले सड़क सुरक्षा समिति : चैंबर

रांची : कांके क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का शिष्टमंडल उपायुक्त और जिला सड़क सुरक्षा समिति के प्रबंधक से मिला। उन्हें अवगत कराया गया कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल और ब्लेसिंगटन हाईट्स के पास सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। यहां डिवाइडर भी टूटी-फूटी अवस्था में है। इस स्थान को सड़क सुरक्षा समिति द्वारा ब्लैक स्पॉट घोषित कर अतिशीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए। यह भी बताया कि रिलायंस मार्ट के बाद सभी स्ट्रीट लाइटें कई माह से खराब हैं। दूसरी तरफ डिवाइडर भी बेतरतीब ढंग से होने के कारण गाड़ियों की स्पीड पर नियंत्रण नहीं हो पाता है। इसके कारण वाहनों का आपस में टकराव होता है। चैंबर द्वारा सौपे गये पत्र में कहा गया कि पंचरत्न हाईट्स से लेकर जवाहर नगर तक रात में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रश्मि रथी के पास चांदनी चौक बिंदु भी खतरनाक है।

# रांची में बैंक मैनेजर सुसाइड मामला, मृतक के पिता ने दर्ज करायी एफआईआर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर सुप्रियो मजूमदार आत्महत्या मामले में रांची पुलिस ने अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है। वहीं मंगलवार को सुप्रियो के आत्महत्या को लेकर सुप्रियो के पिता आलोक मजूमदार ने रांची के चुटिया थाने में एफआईआर भी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में रामगढ़ एसपी के रीडर, डीएसपी के रीडर, कैंट थाना के आईओ ए समद को आरोपी बनाया गया है। जिसमें यह आरोप लगाया है कि उनके निर्दोष पुत्र सुप्रीयो को गिरफ्तार कर जेल भेजने की धमकी दी जा रही थी। इस वजह से उसने सुसाइड कर लिया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर चुटिया पुलिस की टीम जांच में जुट गई है।सुप्रियो मजूमदार के पिता ने थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके पुत्र सुप्रियो के मोबाइल पर रामगढ़ कैंट थाना



के आईओ ने केस नंबर 361-18 (5।9।2018) में 41-ए का नोटिस भेजा था। जिसमें 17 अगस्त तक पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। जबकि इस केस की प्राथमिकी में उनके पुत्र सुप्रियो का नाम ही नहीं था। सुप्रियो के पिता ने अपने आवेदन में यह बताया है कि नोटिस के आलोक में उनका बेटा 17 अगस्त को रामगढ़ कैंट थाना पहुंचा था और केस के आईओ के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा था। उस दौरान आईओ ने केस में उन्हें दोषी होने की बात कही और धमकी दी कि एसपी ने उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। इसलिए एसपी के समक्ष ही वे अपना पक्ष रखें। हालांकि इस दौरान सुप्रियो ने कई बार केस आईओ को समझाया, लेकिन आईओ एसपी के समक्ष पक्ष रखने की बात दुहराते रहे। फिर सुप्रियो रामगढ़ एसपी के कार्यालय पहुंचा, लेकिन एसपी मौजूद नहीं थे। कार्यालय में मौजूद उनके रीडर ने सुप्रियो का पक्ष सुनने के बाद भी उसे गिरफ्तारी का भय दिखाया। काफी समझाने के बाद डीएसपी से मिलकर पक्ष रखने की सलाह दी। डीएसपी के कार्यालय में भी उसके साथ ऐसा ही हुआ। इसके बाद वह फिर से केस आईओ के पास पहुंचा। आरजू-मिन्नत करने के बाद केस आईओ ने उनका आवेदन लिया।सुप्रियो के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके पुत्र की पहली पोस्टिंग बैंक ऑफ इंडिया के रामगढ़ कैंट में हुई थी। उस दौरान वर्ष 2018 में बैंक के पदाधिकारी बोंगरा कुमार सिंह और प्रफुल्ल कुमार बेहरा द्वारा आयल टैंकर के लोन की राशि गबन कर ली गई थी। जिसमें उनके पुत्र को नौकरी का भय दिखाकर उससे कागजात में हस्ताक्षर करा लिया गया था, जबकि वह अधिकृत भी नहीं था। इस मामले की सीबीआई ने जांच की। जांच के दौरान उनके पुत्र का नाम कहीं पर भी शामिल नहीं किया। सुप्रियो को सरकारी गवाह बनाया गया, लेकिन उनका बेटा पुलिस की प्रताड़ना से परेशान हो गया और आत्महत्या कर लिया।

**सुनवाई** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की जमीन पर कब्जा मामले में एचसी में

# सशरीर पेश होंगे डीजीपी व रांची एसएसपी, गुरुवार को फिर होगी सुनवाई

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**भू माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को तोड़े जाने मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई कल यानी गुरुवार को निर्धारित करते हुए राज्य के डीजीपी एवं रांची एसएसपी को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।दरअसल, 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक




(डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड ) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओ ने तोड़ दिया। वहां तैनात गार्डों ने बाद में भू माफियाओं को वहां से खदेड़ दिया। साथ ही लोअर बाजार पुलिस को इसकी सूचना दी थी। भू-माफिया अपने साथ मजदूर, गेट, बालू, सीमेंट और ईंट लाए थे। बाउंड्री वॉल तोड़कर वे लोग वहां गेट लगाने की तैयारी में थे, बाद में पुलिस की देखरेख में तोड़े गए बाउंड्रीवाल को ठीक किया गया।


